पोस्ट रजि. नम्बर: जोधपुर/507/2024-26

RNI REG. NO. : RAJHIN/2022/86076

दैनिक हमेशा सच के साथ...

# सच मीडिया

वर्ष 02 › अंक 52 दैनिक हिन्दी प्रातः कालीन | जोधपुर , शनिवार 15 फरवरी 2025 | EMail: sachmedia0001@gmail.com | मूल्य: 2 रूपये › पृष्ठ : 08

आवश्यकता

समाचार, लेख, सूचना, आलेख, कविता, विज्ञापन व जिलेवार एजेंसी के लिये सम्पर्क करें-

सुमेर सिंह चुण्डावत

संपादक

मो. 7737275324

## महाकुंभ से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ का 'कुंभ' भरेगा

अर्थव्यवस्था में वृद्धि का आंकड़ा योगी ने बताया

सीएम योगी ने बताया कि जब 50-55 करोड़ लोग उत्तर प्रदेश के महाकुंभ में जुड़ेंगे तो इससे हमारी अर्थव्यवस्था को कितना फायदा होगा? सीएम योगी ने कहा कि 5-6हजार करोड़ केवल कुंभ में ही खर्च नहीं किए हैं बल्कि प्रयागराज के रेनोवेशन में भी खर्च किए गए हैं। योगी ने विकास के लिए केंद्रीय नेतृत्व की प्रशंसा की। सफाई कर्मियों ने पहला रिवर क्लीनिंग विश्व रिकॉर्ड बनाया

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ और उपमुख्यमंत्री केशव



प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में लखनऊ में 114 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम योगी ने बताया जब 50-55 करोड़ लोग महाकुंभ में जुड़ेंगे तो अर्थव्यवस्था को बड़ा फायदा होगा। इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था में 3 लाख करोड़ की बढ़ोतरी होगी। 5-6 हजार करोड़ केवल कुंभ में ही खर्च नहीं किए हैं। प्रयागराज में भी खर्च किए गए हैं।

### सीएम योगी ने गडकरी की तारीफ की

सीएम योगी ने कहा कि जब से हमारी डबल इंजन सरकार सत्ता में आई है, सभी श्रद्धालु खुश हैं, जहां 8साल पहले वे नहीं जा पाते थे। यहां बेहतरीन इंतजाम हैं। सड़क परिवहन का श्रेय नितिन गडकरी को जाता है।



खर्च हुए सिर्फ 1500 करोड़

### गडकरी ने पर्यटन क्षेत्र को सराहा

गडकरी ने कहा कि महाकुंभ के दौरान अकेले प्रयागराज ने 3 लाख करोड़ की जीडीपी बढ़ोतरी में मदद की। पर्यटन एक ऐसा क्षेत्र है, जहां 49 प्रतिशत पूंजी निवेश रोजगार सृजन पर खर्च किया जाता है। टैक्सी चालकों, रिक्शा चालकों और अन्य लोगों के लिए रोजगार के कई अवसर यहां पैदा हुए। हमारे देश की आर्थिक बढ़ोतरी सीधे बुनियादी ढांचे से जुड़ी हुई है।

राहत के बाद फिर आफत

### नैनी में 5 किमी लंबी वाहनों की कतार



तीन दिन राहत के बाद शुक्रवार को शहर फिर जाम की चपेट में आ गया। शहर के बालसन, एएन झा मार्ग सहित नया यमुना ब्रिज से लेकर सेंट्रल जेल नैनी तक लंबा जाम लगा हुआ है। दोपहर 12 बजे मिर्जापुर रोड पर पांच किलोमीटर लंबा जाम रहा।

**सड़क पर उतरें अधिकारी**

यहां पर यातायात की व्यवस्था को सुचारू ढंग से चलाने के लिए योगी ने सख्त आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए अधिकारी भी सड़क पर उतरें। प्रशासन का अंदेशा है कि फिर भीड़ बढ़ सकती है।

**महाकुंभ में गायब 13वीं के दिन पहुंचा घर**

मौनी अमावस्या को हुई भगदड़ में एक 60 साल का शख्स इस भगदड़ में लापता हो गया था। उसके दोस्तों और पड़ोसियों ने उसकी तेरहवी की, उसी समय वह शख्स अपने घर पर सही सलामत पहुंच गया।

**खाली शिविर में आग से 2 टेंट जले:** मेला क्षेत्र के सेक्टर 8 में शुक्रवार सुबह आग लग गई। 3 टेंट



जल चुके थे। बताया गया है कि सेक्टर आठ में कश्मीरी हिंदू समाज के बगल मे एक शिविर खाली पड़ा था। 2-3 दिन में कल्पवासी टेंट खाली हो जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### पूर्व सीजेआई के बेटे लड़ रहे रणवीर का केस

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर समय रैना के रियलिटी शो इंडियाज गॉट लेटेंट में विवादित



टिप्पणी को लेकर यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उनके खिलाफ महाराष्ट्र से लेकर असम तक में एफआईआर दर्ज हुई हैं। उनका केस अभिनव चंद्रचूड़ लड़ रहे हैं, जो कि पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के बेटे हैं।

### जालसाज प्रेमानंद जी के नाम पर बना रहे शिकार


**देहरादून।** सोशल मीडिया पर प्रेमानंद महाराज के बढ़ते क्रेज के कारण जालसाजों ने उनके नाम का



सहारा लेना शुरू कर दिया। उनके आश्रम की ओर से जारी के पत्र जारी किया है कि ऐसे किसी भी किसी भी शख्स पर एकदम भरोसा नहीं करें। श्री हित राधा केलि कुंज आश्रम, वृंदावन की ओर से सभी श्रद्धालुओं को सूचित किया जा चुका है।

### सनातन बोर्ड की आवश्यकता नहीं

**पुरी।** यहां के पीठ के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने छत्तीसगढ़ के कवर्धा में भारत को



हिंदू राष्ट्र बनाए जाने की बात कही है। सनातन धर्म में शंकराचार्य की व्यवस्था पर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा सनातन बोर्ड की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह व्यवस्था ईस्वी से चली आ रही है।

### सत्येंद्र के खिलाफ केस की अनुमति मांगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मनी लांड्रिंग मामले में आप नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ मुकदमा



चलाने के लिए राष्ट्रपति से अनुमति मांगी है। जैन के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी गई है। दावा किया गया है कि मंत्रालय ने ईडी की जांच और 'पर्याप्त सबूत' की मौजूदगी के आधार पर यह अनुरोध किया है।

## दिल्ली में नई सरकार के गठन को लेकर भाजपा में सरगर्मी बढ़ी

# शीर्ष नेतृत्व की मंजूरी का इंतजार, 20 तक दिल्ली को मिल जाएगा नया सीएम

16 फरवरी को विधायक दल की बैठक की संभावना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

### रामलीला मैदान में शपथ ग्रहण का कार्यक्रम होगा

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में नई सरकार के गठन को लेकर भाजपा में सरगर्मी तेज हो गई है। पार्टी सूत्रों की मानें तो जैसे ही सीएम चेहरे का ऐलान होगा, उसके तुरंत बाद ही शपथ ग्रहण समारोह की डेट फाइनल कर दी जाएगी। यही नहीं सीएम चेहरे पर पीएम मोदी की फाइनल मंजूरी मिलने के बाद 18 फरवरी को शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जा सकता है। शपथ ग्रहण समारोह स्थल को लेकर कई जगहों की चर्चा है। ज्यादा संभावना इस समारोह के रामलीला मैदान में आयोजित होने को लेकर है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका का दो दिवसीय दौरा समाप्त करके नई दिल्ली पहुंचे। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम का चयन करने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि 16 फरवरी को पार्टी के विधायक दल की बैठक हो सकती है। इसमें मुख्यमंत्री के नाम का प्रस्ताव रखा जाएगा और अनुमोदन होने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता दिल्ली के नए मुख्यमंत्री की घोषणा कर देंगे।

**पहले पर्यवेक्षक करेंगे सलाह और मशविरा**

*पीएम मोदी के दौरे के कारण इस संबंध में कुछ विलंब हुआ*



**18 को शपथ होना संभव**

पार्टी सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 18 फरवरी को आयोजित हो सकता है। शपथ ग्रहण समारोह किस जगह पर आयोजित होगा, अभी तक इस बारे में फैसला नहीं हो पाया है। हालांकि, पार्टी सूत्रों ने संकेत दिए हैं कि दिल्ली के मुख्यमंत्री का चुनाव विधायकों में से ही किया जाएगा।

### मंत्रियों पर कवायद पूरी

भाजपा सूत्रों ने संकेत दिए हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के स्वदेश आते ही इस बारे में अंतिम फैसला ले लिया जाएगा।



मंत्रियों को लेकर अधिकांश कवायद पूरी हो चुकी है और अब शीर्ष नेतृत्व को फैसला लेना बाकी है। सूत्रों का कहना है कि मंत्रियों को लेकर भी सूची लगभग तैयार है। इसमें सभी वर्गों व समुदायों को प्रतिनिधत्व दिया जाएगा।

### सभी समीकरणों पर विचार

दिल्ली में बीते शनिवार को आए विधानसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा ने 48 सीटों के साथ दो तिहाई बहुमत हासिल किया था। इसके बाद शुरू हुए बैठकों के दौर में केंद्रीय नेतृत्व ने दिल्ली के पार्टी सांसदों व कई विधायकों के साथ चर्चा की। दिल्ली में भाजपा नए चेहरे को तय करने में सभी सामाजिक व राजनीतिक समीकरणों पर विचार कर रही है। पहली बार चुने गए विधायक से लेकर अनुभवी विधायकों के नामों पर भी विचार किया गया है।

### 9 विधायक शॉर्टलिस्ट किए गए

विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद भारतीय जनता पार्टी नए मुख्यमंत्री की तलाश में जुटी है। सूत्रों का कहना है कि चुनाव जीतने वाले विधायकों में से 15 लोगों के नाम सेलेक्ट कर लिए गए हैं। पीएम मोदी के साथ गृहमंत्री अमित शाह, जेपी नड्डा और अन्य भाजपा के शीर्ष नेताओं की बैठक होगी। इसी बैठक के दौरान इस बात का फैसला भी किया जाएगा कि पार्टी किसको दिल्ली के मुख्यमंत्री पद के लिए चुनेगी। भाजपा ने 70 में से 48 सीट हासिल की थी. इसी के बाद 48 में से 9 विधायकों के नाम छांटें गए हैं। अब इन 9 शॉर्टलिस्ट किए गए विधायकों के नामों में से मुख्यमंत्री, मंत्री और स्पीकर का नाम तय किया जाएगा।

### शपथ ग्रहण की तैयारियां शुरू

दिल्ली में चुनाव के नतीजे 8 फरवरी को सामने आए थे। इसी के बाद पीएम मोदी 10 फरवरी को फ्रांस और अमेरिका के दौरे के लिए रवाना हो गए थे। इसी वजह से दिल्ली में शपथग्रहण समारोह की तारीख को आगे बढ़ा दिया गया था। पीएम मोदी शुक्रवार रात को दिल्ली पहुंचे। अब तैयारियां तेज कर दी गई हैं। दिल्ली में सरकार बनाने को लेकर भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने होम वर्क करके रखा है।

## कलकत्ता हाई कोर्ट ने दी अनुमति

# बंगाल की आपत्ति खारिज संघ की रैली को हरी झंडी



**16** फरवरी को पूर्व बर्धमान में होगी सभा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कलकत्ता हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने 16 फरवरी को पूर्व बर्धमान जिले में होनी वाली रैली के लिए अनुमति दे दी है। इसी के साथ ही कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की आपत्ति को खारिज कर दिया। बताया जा रहा कि कलकत्ता हाई कोर्ट की जज अमृता सिन्हा ने आरएसएस रैली के आयोजकों को सशर्त अनुमति दी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की बंगाल इकाई ने गुरुवार को कलकत्ता हाई कोर्ट की एकल पीठ का दरवाजा खटखटाया और 16 फरवरी को पूर्व बर्धमान जिले में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की सभा के लिए पुलिस द्वारा अनुमति नहीं दिए जाने को चुनौती दी थी।

### पुलिस ने परीक्षा का बहाना बनाया

जिला पुलिस ने इस आधार पर अनुमति देने से इनकार कर दिया कि चूंकि बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (डब्ल्यूबीबीएसई) द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षाएं (10वीं) चल रही हैं। इसलिए इस दौरान लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। जिला पुलिस ने अनुमति देने से इनकार करते हुए यह भी कहा था कि आरएसएस प्रमुख के प्रस्तावित सभा स्थल के पास एक स्कूल है। हालांकि सभा रविवार को होगी।

### संगठन विस्तार पर भी की चर्चा

आरएसएस चीफ मोहन भागवत बंगाल प्रवास पर हैं। उन्होंने आरएसएस के विभिन्न राज्य पदाधिकारियों से मुलाकात की और राज्य में संगठन के नेटवर्क का विस्तार करने के तरीकों पर चर्चा की। रविवार को बर्धमान में प्रस्तावित सभा मध्य बंगाल के जिलों पर ध्यान केंद्रित करना था।

### हिंदू उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में यह दौरा

राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि यह दौरा दो मामलों में बेहद अहम है, जिनमें से पहला 2025 में होने वाला बंगाल विधानसभा चुनाव है। दूसरा, यह दौरा पड़ोसी बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू आबादी पर जारी उत्पीड़न की पृष्ठभूमि में हो रहा है, जिसका स्पष्ट असर बंगाल में महसूस किया जा रहा है, जिसकी बांग्लादेश के साथ सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है।

## योगी-गडकरी का विशेष सम्मान

# उत्तर प्रदेश में विकास के लिए एक मिनट तक बजाएं ताली

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में 114 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि लखनऊ में और उत्तर प्रदेश में जो भी विकास हो पाया है उसके लिए मसीएम योगी आदित्यनाथ और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का ही योगदान है। इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट लग रहे हैं। रक्षामंत्री ने उनके योगदान के लिए वहां पर मौजूद नेता और कार्यकर्ताओं से खड़े होकर एक मिनट तक तालियां बजाने का आह्वान किया। इस दौरान



उन्होंने सड़क परिवहन मंत्री द्वारा लखनऊ के लिए स्वीकृत किए गए प्रोजेक्ट का उल्लेख किया। सीएम योगी ने कहा कि यह नया उत्तर प्रदेश है जो कि इंफ्रास्ट्रक्चर और महाकुंभ के जरिए विकास का संदेश दे रहा है। महाकुंभ के बहाने लोगों को दबी हुई धार्मिक भावनाओं को अभिव्यक्त करने का मौका दिया।

## कृषि मंत्री शिवराज होंगे भी शामिल

# किसानों और सरकार के बीच अगले दौर की बातचीत 22 को

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी और केंद्रीय अधिकारियों की एक टीम ने शुक्रवार को किसान नेताओं से मुलाकात की थी, जिसमें एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी सहित प्रमुख मांगों पर दो घंटे से अधिक समय तक बातचीत हुई। सौहार्द्रपूर्ण बताई जा रही यह चर्चा 22 फरवरी को फिर से शुरू होगी, जिसमें कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान अगले दौर की बातचीत का नेतृत्व करेंगे।यह बैठक चंडीगढ़ के महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान में हुई थी, जो



कि पॉजिटिव बताई जा रही है। केंद्र के प्रतिनिधियों के साथ हुई इस बैठक में नवंबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल भी शामिल हुए, जबकि उनकी तबीयत फिलहाल काफी खराब हैं लेकिन वे एंबुलेंस से चार घंटे का सफर तय कर मीटिंग करने पहुंचे।

## 10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन का उद्घाटन किया

# सभी महिलाएं बड़े सपने देखें और आत्मविश्वास के साथ आगे भी बढ़ें

आर्ट ऑफ लिविंग का आयोजन

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बेंगलुरु में शुक्रवार को आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर द्वारा आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने महिलाओं से साहस जुटाने, बड़े सपने देखने और अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर अपने लक्ष्यों को हासिल करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड हवाई अड्डे पर पहुंचीं जहां कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रपति ने कहा कि बाधाओं को तोड़ना और रूढ़ियों को चुनौती देना बिना मानसिक शक्ति के संभव नहीं है।



### मानवीय मूल्यों को बनाए रखना जरूरी

राष्ट्रपति ने तकनीकी प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि यह जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बना रही है, लेकिन इसके साथ ही मानवीय मूल्यों को बनाए रखना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि करुणा, प्रेम और एकता को बढ़ावा देने के लिए हर व्यक्ति को अतिरिक्त प्रयास करने की जरूरत है।

## पीआईएल पर सुनवाई से शीर्ष कोर्ट ने किया इनकार

# अदालत विधायिका को खास कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकती, याचिका खारिज

### जस्टिस गवई और जस्टिस मसीह की बेंच ने यह कहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अदालतें विधायिका को किसी खास तरीके से कानून बनाने का निर्देश नहीं दे सकतीं। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच ने दिल्ली हाईकोर्ट के फरवरी 2024 के आदेश के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की। बेंच ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया।

*सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी*

### आरोपपत्र निशुल्क मांगा गया था



याचिका में जिला अदालतों या पुलिस को यह निर्देश देने की मांग की गई थी कि वे शिकायतकर्ता या पीड़ित को आरोपपत्र की एक प्रति निशुल्क उपलब्ध कराएं। केंद्र की ओर से पेश वकील ने कहा कि यह याचिका अप्रासंगिक है। इसके लिए विसेष छूट देने का नियाम नहीं है।

**जिला अदालतों को निर्देश देने की मांग की थी :** याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि पीड़ित के सुनवाई के अधिकार से जुडा कोई प्रावधान नहीं है। इसमें आग्रह किया गया था कि सभी जिला अदालतों को निर्देश दिया जाए कि वे मामले की शुरुआती सुनवाई के समय पीड़ितों को नोटिस दें।

## चुनाव आयोग ने जारी किए आम चुनाव के आंकड़े

# 'नोटा' का बटन दबाने में बिहार राज्य सबसे ऊपर




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयोग के आंकड़ों के मुताबिक 2024 के लोकसभा चुनाव में नोटा पर मतदान पिछले दो आम चुनाव के मुकाबले कम हुआ है। वहीं बिहार में सबसे ज्यादा नोटा का बटन दबाया गया है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में 'उपरोक्त में से कोई नहीं' (नोटा) विकल्प को 2013 में इसकी शुरुआत के बाद से बीते लोकसभा चुनाव में सबसे कम मत प्रतिशत हासिल हुआ।

### जीत का अंतर कम होने पर यह फैसले में महत्वपूर्ण



### दूसरे नंबर पर दादरा और नगर हवेली

'नोटा' के मतों में सबसे अधिक हिस्सेदारी बिहार में 2.07 प्रतिशत दर्ज की गई। इसके बाद दादरा और नगर हवेली और दमन एवं दीव में 2.06 प्रतिशत तथा गुजरात में 1.58 प्रतिशत दर्ज हुई। नगालैंड में हिस्सेदारी 0.21 प्रतिशत दर्ज की गई। ये राज्यों में राजनीतिक प्रतिस्पर्धा, क्षेत्रीय दलों की प्रमुखता, मतदाता शिक्षा जैसे कारकों से प्रभावित हो सकते हैं।

**2014 में विकल्प दिया गया**

2014 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को पहली बार नोटा का विकल्प दिया गया था। अगर किसी मतदाता को कोई भी प्रत्याशी या फिर पार्टी पसंद नहीं है तो वह नोटा का बटन दबा सकता है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं की इच्छा का सम्मान करने की उद्देश्य से इसकी शुरुआत की गई थी। ऐसे में किसी को भी वोट न देने पर वोटर कम से कम बूथ तक आता है और वोट करता है।

### 2024 में कुछ गिरावट दर्ज की गई

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। नोटा का विकल्प पहली बार 2014 में लोकसभा चुनाव में लागू किया गया था। आयोग की 'एटलस-2024' नामक पुस्तक के अनुसार पिछले तीन लोकसभा चुनावों में नोटा मतों में धीरे-धीरे गिरावट आई है, जो 2014 में 1.08 प्रतिशत से घटकर 2024 में 0.99 प्रतिशत हो गई। यह मत प्रतिशत भले ही छोटा लगता हो, लेकिन 'नोटा' को मिले मत उन सीटों में महत्वपूर्ण हो सकते हैं जहां जीत का अंतर काम होता है।



## राज्यपाल ने बिंजवाड़िया में विशेष प्रदर्शनी का किया अवलोकन

# किसानों से किया आह्वान जैविक खेती को बढ़ावा देते हुए खुशहाली लायें

**सच मीडिया**

**जोधपुर ब्यूरो/सुमेरसिंह चुण्डावत।** महामहिम राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर के सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत गोद लिए गए गांव बिंजवाड़िया में फल, सब्जी मूल्य संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान बागडे ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसानों को संबोधित भी किया। श्री बागडे ने कहा कि कृषि कार्य से मेरा विशेष लगाव रहा है। मैं काश्तकार रहा हूं और मुझे हल भी चलाना आता है।

उन्होंने कहा कि खेती करना जरूरी है। काश्तकार का जीवन कठिन है क्योंकि कृषि उत्पादन प्रकृति पर निर्भर है। महामहिम राज्यपाल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चलाई है। उन्होंने कहा कि मैं काश्तकारों से मिला जिन्होंने अपने खेत में खेत तलाई का निर्माण करवाया किन्तु अभी तक किसानों को अनुदान राशि नहीं मिली। कृषि विभाग किसानों को समय पर अनुदान राशि उपलब्ध करवाएं।

बागड़े ने कहा कि गांव की बालिका द्वारा कृषि महाविद्यालय की मांग की गई है, उस पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बालकों की बौद्धिक क्षमता विकसित होती है। बालक के शिक्षा का उद्देश्य केवल प्रमाण पत्र के लिए नहीं, बल्कि अच्छी शिक्षा के माध्यम से बौद्धिक क्षमता को समृद्ध करें। बागड़े ने कहा कि आज कल गांव में सुविधाओं का विकास हो रहा है, साथ ही कृषि विश्वविद्यालय ने इस गांव को गोद लिया है, जिससे गांव में कृषि नवाचारों को बढ़ावा मिलेगा और किसानों के जीवन में आर्थिक समृद्धि आएगी। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय द्वारा बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद विकसित करने और उनकी ग्रेडिंग के माध्यम से कृषि कार्य उन्नत होगा।



बागड़े ने कहा कि कृषि में कठिन परिश्रम के साथ ही तकनीकी प्रयोग कर किसान अपनी आय को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य गांव का सुधार कर हर परिवार जीवन स्तर बेहतर बनाया जाएं और गांव के प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिलनी चाहिए।

बागड़े कहा कि गांव के कृषि उत्पादन को निरंतर बढ़ाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए वृहत स्तर पर जैविक खेती को बढ़ावा दें। बागड़े ने कहा कि हमारी माताएं और बहनें हमारी संस्कृति एवं परम्परा की वाहक है और कृषि कार्य में भी अग्रणी भूमिका भी निभाती है। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश पार्लियामेंट के सदस्य ने वहां की पार्लियामेंट में भाषण देते हुए कहा था कि मैं भारत में सभी जगह घूम कर आया किंतु मुझे कहीं भी चोर एवं भीख मांगने वाला दिखाई नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ये हमारे राष्ट्र के लिए गर्व का विषय है, हमें अपने गौरव को प्राप्त करना है।



बागड़े ने कहा कि हमारी संस्कृति को समाप्त करने के अनेक कुत्सित प्रयास किए गए। किन्तु आज भी हमारी गौरवशाली संस्कृति विद्यमान है। महामहिम राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र विश्व शक्ति बनने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसान को आर्थिक संबल प्रदान किया जा रहा है। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत माताओं एवं बहनों के आत्म सम्मान एवं आम आदमी को स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर सर्व सुलभ एवं हर घर में शौचालय का निर्माण करवाया गया है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत हर परिवार तक गैस सिलेण्डर पहुंचाया गया।

### प्रदर्शनी अवलोकन कर किसानों से किया संवाद

महामहिम राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर की प्रदर्शनी का अवलोकन कर किसानों से संवाद किया। प्रदर्शनी में गोदित गांव बिंजवाडिया एवं बालरवा के कृषकों की ओर से उन्नत कृषि तकनीक के माध्यम से उत्पादित किए गए फल,फूल एवं सब्जियों के स्टॉल लगाए गए। विश्वविद्यालय से सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिलाओं की ओर से तैयार किए गई कपड़ों के विविध आकर्षक उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए।

इस दौरान फसलों का मूल्य संवर्धन के बाद तैयार किए गए उत्पाद टोमेटो सॉस और मोटे अनाज से तैयार विभिन्न पोषक खाद्य सामग्री सहित डेयरी उत्पाद प्रदर्शन किया गया।

आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रदर्शन करते हुए किसानों द्वारा बनाई गई गाजर धुलाई मशीन एवं लोरिंग मशीन का प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही थारपारकर नस्ल की गाय, घोड़े की मारवाड़ी नस्ल,सिरोही नस्ल की बकरी एवं अविशान नस्ल की भेड़ नस्ल का भी प्रदर्शन किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विधायक ओसियां भैराराम सियोल, शासन सचिव डॉ पृथ्वीराज सांखला, जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल, कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरुण कुमार सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पुलवामा में शहीद जवानों को युवा कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**सच मीडिया**

**जोधपुर/पारस शर्मा।** युवा कांग्रेस जोधपुर देहात जिलाध्यक्ष पुखराज दिवराया ने बताया की पुलवामा आंतकी हमले में 40 जवान शहीद हो गए थे आज शहीदों की छठी बरसी पर युवाओं ने शहीद स्मारक जोधपुर पर पुष्प अर्पण व कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की, 14 फरवरी 2019 का दिन हमारे देश के लिए एक बेहद दुखद दिन था, इस दिन जम्मू-श्रीनगर के पुलवामा में नेशनल हाईवे पर एक आत्मघाती हमले में सीआरपी सीआरपीएफ के लगभग 40 जवान शहीद हो गए थे, इस काले दिन को याद करके आज भी भारतीयों की आंखें नम हो जाती है। शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में पूर्व जिलाध्यक्ष रामनिवास बुधनगर, सहबाज जिंदरान,अशोक भाटी, हरेंद्र डूडी, एम. एल जानी, गौरव गेहलोत, आदित्य चौधरी, अशिवनी सियोल,जीतेन्द्र कड़ेला, ऋषि कचावाहा,चेतन राजपरोहित, अंकित जांगिड़, इनयात पठान,महेंद्र जलवानी, रोहित गुंद, सुनील मेघवाल,त्रिलोक चौधरी इत्यादि के साथ कई युवा कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओ उपस्थित रहे।

## डॉ गौड़ को महामहिम राज्यपाल शुक्ला ने बिज़नेस एक्सीलेंस अवार्ड से किया सम्मानित



**सच मीडिया**

**जोधपुर/पारस शर्मा।** शुक्रवार दिनांक 14 फ़रवरी को शिमला की एक पांच सितारा होटल मे कैज़ ब्रेन द्वारा आयोजित क्रिएटर एवं बिज़नेस एक्सीलेंस अवार्ड शो का भव्य आयोजन हुआ, जिसके मुख्य अतिथि हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल महामहिम शिव प्रताप शुक्ला रहे

आयोजन मे भारत के भिन्न भिन्न राज्यों से दवा उद्योग जगत और हेल्थ केयर से जुड़े उद्योगपति, सीईओ और नामी गिरामी डॉक्टर्स ने भाग लिया। आयोजन मे जोधपुर निवासी वर्तमान मे पंचकूला और बद्दी मे दवा उद्योग से जुड़े एनकेम लेबोरेटोरीज प्रा लिमिटेड के सीईओ डॉ अशोक गौड़ ने भी आयोजन मे शिरकत की, मुख्य अतिथि महामहिम शुक्ला ने फार्माप्रेनेयोर डॉ अशोक गौड़ को उनके वेंचर एनकेम लैब को क्रिएटर एवं बिज़नेस एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया। अवार्ड शो के समापन के समय महामहिम शुक्ला ने वहा उपस्थित सभी इंतरोप्रेनेर्स का उत्साह बढ़ाया और शुभकामनायें भी प्रेषित की। इस अवसर पर डॉ गौड़ को उनके परिजनों और मित्रगणो ने भी बधाई दी।

## केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत जयपुर जोधपुर पहुंचे



**सच मीडिया**

**जोधपुर/पारस शर्मा।** वीर शिरोमणि राव देवराज राठौड़ के जयंती समारोह के लिए सड़क मार्ग से शेरगढ़ के लिए रवाना हुए। केन्द्रीय मंत्री शेखावत का मार्ग में बंबोर , बालेसर, शेखाला, सेतरावा शेरगढ़ सहित अनेक स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियो कार्यकर्ताओं और गणमान्य लोगों ने स्नेहिल स्वागत अभिनंदन किया। सेतरावा में वीर शिरोमणि राव श्री देवराज जी राठौड़ की 663 वी जयंती समारोह में शामिल हुए। श्री देवराज राठौड़ स्मृति स्थल वीरमदेवगढ़ बावकान में आयोजित भव्य समारोह से पहले केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने मां नागणेच्या माता मन्दिर में ज्योत के दर्शन किए। श्री देवराज जी राठौड़ की अश्वारूढ़ प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। भव्य समारोह में के केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने वीर शिरोमणि के इतिहास और जीवन से जुड़े विविध पहलुओं इतिहास पर विस्तार से विचार साझा किए। क्षत्रियोचित संस्कारों का आत्मसात करने के साथ। समाज के युवाओं बच्चों का कामयाब करें। सन्त श्री सत्यम गिरी जी महाराज, क्षेत्रीय विधायक बाबूसिंह सिंह राठौड़, भाजपा देहात उतर के विधायक मनोहर पालीवाल, देवराज हितकारिणी सभा के अध्यक्ष मोती सिंह जी सहित अनेक गणमान्य लोग समारोह में उपस्थित रहे। केन्द्रीय मंत्री शेखावत ने इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया।

## कुड़ी सात सेक्टर मे पुलवामा आतंकी हमले में वीर गति को प्राप्त हुए सैनिकों दी गयी श्रद्धांजली



**सच मीडिया**

**जोधपुर/पारस शर्मा।** कुडी भगतासनी नगरपालिका सेक्टर 7 में वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह पंवार ने संवाददाता पारस शर्मा को बताया कि पुलवामा हमले कि 6 वीं बरसी पर सात सेक्टर में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम रखा गया जिसमें शहीदों के नाम के दीप जलाकर उन्हें दीप श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सात सेक्टर के वार्ड सदस्य धर्मेन्द्र सिंह पंवार, आनंद शर्मा, राकेश आचार्य, अपूर्व गौड़, राजीव, जितेन्द्र सिंह, जेठु सिंह,डॉ.जगदीश,पारस, दिलीप सिंह, डा रजनीश,प्रकाश जी वर्मा, मांगी लाल, श्रीराम, हरि सिंह, ललीत ,कृष्णा वर्मा, चन्द्रजीत, रामप्रकाश, सुखाराम, गांधी, रवि सहित सेक्टर प्रभुत्व जन उपस्थित रहे।




## शेखावत ने दिया डब्ल्यूआरसीपी में सहयोग का भरोसा

# केंद्रीय मंत्री ने देवराज राठौड़ जयंती समारोह में लिया हिस्सा









**सच मीडिया**

**जोधपुर ब्यूरो/महेन्द्रसिंह।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने पश्चिमी राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (डब्ल्यूआरसीपी) में सहयोग का भरोसा दिलाया। शुक्रवार को सेतरावा में वीर शिरोमणि राव देवराज राठौड़ के 663वीं जयंती समारोह में शेखावत ने कहा कि राज्य सरकार को डब्ल्यूआरसीपी पर विस्तार से अध्ययन कराने की आवश्यकता है।

समारोह में शेखावत ने कहा कि पूर्वी राजस्थान कैनल प्रोजेक्ट (ईआरसीपी) को 5 साल तक रोकने के प्रयास हुए, लेकिन जब डबल इंजन की सरकार बनी तो 15 दिन में इसे लागू कराने का काम मैंने किया। उन्होंने कहा कि आदरणीय श्री अटल जी की सरकार के समय नदियों को जोड़ने की कल्पना की गई थी। पार्वती, कालीसिंधु और चंबल को जोड़ने का एक लिंक 31 लिंक्स में से चिन्हित किया गया था।

उन्होंने कहा कि ईआरसीपी से 21 जिलों को पीने का पानी मिलेगा और 3 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित हो सकेगी, क्योंकि वहां मध्य प्रदेश के साथ पानी उपलब्ध है। शेखावत ने कहा कि डब्ल्यूआरसीपी को लेकर राजस्थान सरकार ने एक कमेटी बनाई है। किस तरह और कहां से पानी लाया जा सकता है, इस विषय में चर्चा प्रारंभ की है। मैं डब्ल्यूआरसीपी को साकार कराने का भरोसा और विश्वास दिलाता हूं।

### युवाओं को दें क्षत्रिय संस्कार

शेखावत ने कहा कि हमारा इतिहास बहुत गौरवशाली है। वीर दुर्गादास, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप, वीर शिरोमणि राव देवराज राठौड़ पर हम 500-700 साल बाद भी गर्व महसूस कर रहे हैं। आज हम समाज को शक्तिशाली बनाने, बच्चों को अधिक नौकरियां दिलाने और राजनीतिक क्षेत्र में समाज किस तरह महत्वपूर्ण हो, इसकी चर्चा करते हैं, लेकिन आने वाली पीढ़ियां संस्कारों के साथ कितना जुड़ रही हैं, इस पर कोई चर्चा नहीं होती। केवल शक्ति और सामर्थ्य हासिल कर कोई समाज संस्कारवान रह सकता है, इसकी गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा कि हम अपने बच्चों को पढ़ाएं और कामयाब बनाएं, लेकिन साथ-साथ में उनमें क्षत्रिय संस्कार भी डालें। युवा पीढ़ी अपने इतिहास पुरुषों से प्रेरणा ले सकें, इस तरह का विचार मंचों से करने की आवश्यकता है।

### राज्य सरकार उपलब्ध कराए भवन

क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय खोलने का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय बनाने के लिए प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजना होता है। जब तक केंद्रीय विद्यालय का निर्माण भारत सरकार करे, तब तक एक भवन राज्य सरकार को उपलब्ध कराना होता है। मैं और श्री बाबू सिंह राज्य सरकार से बात करते हैं कि कहां हम भवन उपलब्ध करा सकते हैं। यदि हम एक भवन की व्यवस्था कर सकें तो निश्चित रूप से अपने यहां केंद्रीय विद्यालय खुलेगा।

### धरोहर बचाने के लिए सहयोग करें

ओरण और गोचर भूमि का जिक्र करते हुए श्री शेखावत ने कहा कि अपने यहां ओरण और गोचर भूमि इसलिए बची, क्योंकि हमारे संस्कारों में पवित्रता थी। अपने बचपन का एक किस्सा याद करते हुए श्री शेखावत ने कहा कि मुझे याद आता है। बचपन में एक बार स्कूल से आते हुए ओरण भूमि से एक दातुन मैंने तोड़ लिया था। जब मेरी दादी सा को इसका पता चला तो उन्होंने मुझसे कहा था कि ओरण से गीली लकड़ी तोड़ना पाप है। अब उसके बदले पांच पेड़ लगाने होंगे।

शेखावत ने कहा कि यह संस्कार समाप्त हुए तो ओरण और गोचर पर अतिक्रमण होना लगा, लेकिन अब इन भूमि को कानूनी रूप से सुरक्षित करना होगा। हमें परंपरागत रूप से चिह्नित गोचर और ओरण भूमि को रजिस्टर कराने के लिए सरकारी प्रक्रिया प्रारंभ करनी चाहिए। धरोहर बचाने के लिए हम सब प्रयास और सहयोग करें।

### मां नागणेच्या माता मंदिर में ज्योत के दर्शन

केंद्रीय मंत्री श्री शेखावत ने मां नागणेच्या माता मंदिर में ज्योत के दर्शन किए। राव देवराज राठौड़ की अश्वारूढ़ प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस दौरान संत सत्यम गिरी महाराज, विधायक बाबूसिंह सिंह राठौड़, मनोहर पालीवाल, श्री मोती सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग समारोह में उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया।



## सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं, दिव्यांगजनों व ट्रांसजेन्डर्स के लिए विशेष शौचालयों के संबंध में बैठक आयोजित



**सच मीडिया**

**जोधपुर ब्यूरो/सुमेरसिंह।** उच्चतम न्यायालय व राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशों की पालना में सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं, दिव्यांगजनों व ट्रांसजेन्डर्स के लिए विशेष शौचालयों की उपलब्धता नहीं होने को लेकर संबंधित राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की पालना स्वरूप जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर के सचिव पुखराज गहलोत द्वारा जोधपुर महानगर न्यायक्षेत्र के सार्वजनिक शौचालयों के निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को दुरूस्त करने के लिए शुक्रवार को नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सचिव पुखराज गहलोत ने बताया कि माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशों की पालना में मुझ सचिव तथा इस कार्यालय के द्वारा नियुक्त पैरालीगल वॉलेन्टियर द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर बने शौचालयों में महिलाओं, दिव्यांगजनों व ट्रांसजेन्डर्स के लिए विशेष व्यवस्था उपलब्ध नहीं पाई जाने तथा शौचालयों में साफ-सफाई में कमियों को तुरंत दुरूस्त कर करने के लिए नगर निगम के उपस्थित अधिकारियों को पाबंद किया गया।

## पर्यावरण संजीवनी संस्थान की आम बैठक आज

**बिलाड़ा/हेमन्त कुमार प्रजापति।** शुष्क राजस्थान में पर्यावरण क्षेत्र को बढ़ावा देने वाले पर्यावरण संजीवनी संस्थान की आम बैठक शनिवार को पर्यावरण संजीवनी संस्थान के मुख्य कार्यालय में रखी गई है बैठक अध्यक्ष गोविंद सीरवी की अध्यक्षता में आयोजित की जायेगी संस्था के सगठन मंत्री लक्ष्मण सिंह विश्नोई ने बताया की संस्था का लेखा-जोखा और आगामी कार्य योजना को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी साथ ही नई कार्यकारिणी टीम का गठन भी किया जायेगा जिसमें कार्यकारिणी सदस्य और संस्था के समस्त सदस्य भाग लेंगे।

## बोरुन्दा सरपंच उपचुनाव में 73:67 प्रतिशत हुआ मतदान

### दोनों स्कूलों में 07- 07 बूथों के चलते 14 बूथों में 8 हजार 199 मतदाताओं ने लिया भाग

### शांतिपूर्वक मतदान संपन्न होने से प्रशासन ने ली राहत की श्वास

सच मीडिया

**बोरुन्दा / रामराज दाधीच।** कस्बे की आदर्श ग्राम पंचायत में सामान्य वर्ग की महिला के आरक्षित वर्ग के लिए सरपंच पद के हुए उपचुनाव में 8 हजार 199 मतदाताओं ने भाग लेकर कुल 11 हजार 128 मतों में से 73-67 प्रतिशत मतदान किया। राज्य निर्वाचन आयोग के रिटर्निंग अधिकारी सोहनराम जवलिया तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी राजेन्द्र सिंह ने संयुक्त रुप से बताया कि ग्राम पंचायत बोरुन्दा में सरपंच पद के उपचुनाव में कुल 23 वार्डों के मतदाताओं ने दो विद्यालयों में शांतिपूर्वक मतदान किया।

रिटर्निंग अधिकारी सोहनराम जवलिया तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 08 बजे सायं 05 बजे के मध्य दोनों विद्यालयों में शांति पूर्वक मतदान होने पर उम्मीदवारों एवं मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

**बूथ संख्या 164 से 177 तक 14 बूथों में हुआ मतदान**–बूथ संख्या 164 में 596, बूथ संख्या 165 में 932, बूथ संख्या 166 में 536, बूथ संख्या 167 में 616, बूथ संख्या 168 में 683, बूथ संख्या 169 में 516, बूथ संख्या 170 में 712, बूथ संख्या 171 में 600, बूथ संख्या 172 में 388, बूथ संख्या 173 में 370, बूथ संख्या 174 में 592, बूथ संख्या 175 में 70, बूथ संख्या 176 में 535, बूथ संख्या 177 में 422 मतदान के चलते कुल 14 बूथों पर 8199 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर किया। रिटर्निंग अधिकारी सोहनराम जवलिया ने बताया कि कुल 11 हजार 128 मतदाताओं ने 73-67 प्रतिशत मतदान किया।

## बोरुन्दा सरपंच चुनाव में विजय उम्मीदवार संतोष कंवर राठौड़

# सरपंच उपचुनाव में संतोष कंवर राठौड़ ने 197 मतों से मारी बाजी

सच मीडिया

**बोरुन्दा / रामराज दाधीच।** कस्बे में शुक्रवार को सम्पन्न हुए सरपंच उप चुनाव में संतोष कंवर राठौड़ पत्नी भगवत सिंह राठौड़ ने 197 मतों से विजय हासिल कर बाजी मारते हुए सरपंच पद अपने नाम किया।

बोरुन्दा ग्राम पंचायत सरपंच उप चुनाव में सरपंच पद के लिए संतोष कंवर एवं सोहनी देवी में सीधी टक्कर होने के साथ संतोष कंवर राठौड़ ने 197 मतों से विजय हासिल करने में सफलता प्राप्त की। उपचुनाव में 11हजार 128 मतदाताओं में से 8 हजार 199 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। जिसमें संतोष कंवर राठौड़ को 4126 मत मिले, सोहनी देवी को 3929, आशा कंवर को 48 , संगीता को 54 तथा नोटों को 42 मत मिले। गत एक पखवाड़े से चल रहा चुनावी घमासान संतोष कंवर राठौड़ की जीत के साथ ही समाप्त हुआ। मतदान होने से लेकर परिणाम जारी होने तक पुलिस एवं प्रशासन की तरफ से शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए।



नवनिर्वाचित सरपंच संतोष कंवर राठौड़



विजय उम्मीदवार संतोष कंवर राठौड़ के पति भगवत सिंह राठौड़

## प्रयागराज महाकुम्भ त्रिवेणी संगम पर शाही सन्नाह के लिए जत्था रवाना



सच मीडिया

**देणोक ब्यूरो।** सनातन धर्म की आस्था का पवित्र प्रयागराज महाकुम्भ त्रिवेणी संगम मंस शाही सन्नाह करने के लिए आज शुक्रवार को लक्ष्मण पुरा धोलासर से जत्था रवाना हुआ।इस दौरान कांग्रेस सेवादल के विधानसभा अध्यक्ष घमुराम विश्नोई के नेतृत्व में गांव के रतनलाल, हरभजराम, भीमसेन, गोपीलाल मांजु, मालमसिंह, मांगीलाल , फरसाराम , रामनिवास सहित बड़ी संख्या में रवाना हुआ जत्था प्रयागराज के साथ-साथ कांशी, मथुरा वृन्दावन, अयोध्या, सालासर बालाजी सहित कई दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे।

## अज्ञात चोरों ने की वॉलीबॉल नेट की चोरी



सच मीडिया

**देणोक।** क्षेत्र के बरजासर भोमियाजी मन्दिर परिसर में लगा वॉलीबॉल नेट चोरी होने से खिलाड़ियों में रोष हैं। इस दौरान वॉलीबॉल खिलाड़ियों ने बताया कि वे भोमियाजी मन्दिर में लगे नेट से आस-पास की ढाणियों व गांव के युवा बड़ी संख्या में खेलने के लिए आते हैं,लेकिन गुरूवार शाम को हमेशा की तरह खिलाड़ी मन्दिर परिसर में लगे नेट से खेलने पहुंचे तो नेट वहां पर नहीं दिखा। इस स्थिति में आस-पास के लोगों से पूछाताछ भी करने पर भी पत्ता नहीं चल पाया।

इस स्थिति में मन्दिर में लगे कैमरे खंगालने पर दो संदिग्ध व्यक्ति उसके आस-पास घुमते नजर आ रहे हैं। इस स्थिति में परेशान खिलाड़ियों ने बताया कि यदि शनिवार तक नेट वापस नहीं लौटाया जाता हैं तो वे सोमवार को हल्का पुलिस थाना में मामला दर्ज करवायेंगे।

## फलोदी के विकास के लिये सेवाभावी एवं समर्पित लोगों को आगे आना होगा-गुचिया



सच मीडिया

**फलोदी ब्यूरो।** वरिष्ठ उद्यमी एवं भामाशाह हेमचंद गुचिया ने कहा कि फलोदी को जिला बने करीब डेढ वर्ष हो गया है, लेकिन अभी तक जिले का स्वरूप लेने की गति बहुत धीमी है, जिसके अनेकों कारण है, मैं उम्मीद करता हूँ कि आने वाले समय में फलोदी जिले में विकास की रफ्तार गति पकड़ेगी एवं चहुंमुखी विकास के पथ पर फलोदी जिला अग्रसर होगा। किसी भी शहर की जन समस्याओं का समाधान करने की जिम्मेदारी वहां की नगर परिषद अथवा नगर पालिका की रहती है। स्वायतशाषी संस्थाएं नागरिकों को स्वच्छ साफ सुथरा शहर, गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था, रोड लाइट, शानदार सड़के एवं कचरा निस्तारण की जिम्मेदारी का निर्वहन करती है।जिससे आम आदमी का जीवन सरल होता है।

### जिम्मेदारों ने नही निभाई अपनी जिम्मेदारी

गुचिया ने कहा मुझे यह कहते हुए बड़ा खेद है कि फलोदी नगर परिषद का गत बोर्ड अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में असमर्थ रहा है, इसके अनेकों कारण हो सकते है। शहर की बिगडी हुई हालत यह बताने के लिए काफी है कि फलोदी के जिम्मेदारों ने अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्वहन नहीं किया है। हमारे पार्षदों एवं सभापति से जनता को जितनी उम्मीदे थी वह उस पर वो खरे नही उतरे है। मेरी इच्छा है कि अब जब भी नगर परिषद बोर्ड के अगले चुनाव हो तब जागरूक पार्षदों की ऐसी टीम चुनकर आये जिसका एक मात्र लक्ष्य फलोदी शहर का चहुमुखी विकास हो, फलोदी शहर को विकसित करने का सपना उनकी आंखों में तैरता हो एवं इसके लिये वो ईमानदारी से कार्य करने के लिए तत्पर रहे। शहर के लोगों को ऐसे पार्षदों की टीम मिलनी चाहिये जिनकी छवि साफ सुथरी हो, सेवा भावना ही उनका लक्ष्य हो। साफ सुथरी छवि के ऐसे युवा और नये चेहरों को विजयी बनाना होगा जो आमजन की उम्मीदों पर खरा उतर सके। शहर में साफ सुंदर सड़के हों, गंदे पानी की निकासी के लिये नालियां, रोड लाइट की उचित व्यवस्था हो एवं शहर स्वच्छ रहे इसके लिये तमाम प्रयास करने वाले लोग ही फलोदी का हित कर सकते है। फलोदी का विकास सभी समाज, वर्गों की साझा जबाबदेही है। सभी समाजों से ऐसे ईमानदार लोगों को आगे लाना होगा तभी हम शहर का चहुंमुखी विकास कर सकते है। मेरा आप सभी से आग्रह है कि ऐसे ईमानदार लोगों का चयन करने में सहयोग करें ताकि हम उन्हें शहर के विकास की जिम्मेदारी सौंप सके वे ईमानदारी से, सेवा भावना से काम करे, जो कमाने एवं अपना घर भरने के लिये नहीं-शहर को खूबसूरत बनाने में त्याग की भावना से काम करने के लिए आगे आये। मैं व्यक्तिगत स्तर पर भी ऐसे लोगों का सहयोग करने के लिए तैयार हूं। इस पुनीत कार्य में मैं मीडिया से भी सहयोग का आग्रह करता हूं ताकि हम भ्रष्टाचार मुक्त ईमानदार लोगों को आगे लाएं एवं विकास का एक नया अध्याय शुरू कर सके।

### विकसित फलोदी का लक्ष्य लेकर आगे बढना होगा

आगामी दिनों में चुने हुए बोर्ड के सामने लक्ष्य रहेगा की शहर की यातायात व्यवस्था को सुधार कर, रेहड़ी वालो की उचित व्यवस्था करवाना ताकि आम सड़को पर यातायात में बाधक ना बने। नगर परिषद की स्थाई आय के लिये सरकारी जमीनों पर हाट बाजार विकसित करना, स्वस्थ्य जीवन के लिये अच्छा एवं सुव्यवस्थित पार्क बनवाना, जिसमे योग, व्यायाम, जिम आदि की समुचित व्यवस्था हो, शहर में पर्यटक को विकसित करने की पहल करना एवं कृत्रिम झील पर समुचित व्यवस्था करवाकर पर्यटक स्थल जैसा रूप देकर विकसित करना, गाय एवं भैस आदि दुधारू पशुओं के पालन करने वालो के लिए मिल्कमैन कालोनी के लिये शहर के बाहर उचित स्थान उपलब्ध करवाना ताकि शहर की तंग गलियों में खुले में पशुओं का विचरण बंद हो एवं पशुओं के लोगो पर हमले की घटनाएं कम हो। ऐसी काफी समस्याएं एवं कार्य है जिससे फलोदी की मूलभूत सुविधाओं में अच्छा सुधार हो सके।

## जीएसटी विभाग की कार्यशाला: आयुक्त ने दिया समस्याओं के समाधान का आश्वासन

सच मीडिया

**फलोदी ब्यूरो।** जिला मुख्यालय फलोदी पर नागौर रोड़ स्थित होटल सिटी पोइंट में शुक्रवार को टैक्स बार एसोसिएशन फलोदी, कृषि मंडी व्यापार संघ, साल्ट सिटी एसोसिएशन फलोदी एवं जीएसटी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विशेष आयुक्त विनोद मेहता एसजीएसटी, अतिरिक्त आयुक्त विशाल दवे, एसजीएसटी संयुक्त आयुक्त रविन्द्र सिंह नेगी एवं सहायक आयुक्त महावीर सिंह ने संबोधन दिया। आपने सरकार द्वारा प्रदान की गई विभिन्न छूट, एमनेस्टी स्कीम, इनवॉइस मैनेजमेंट सिस्टम, पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम तथा आईजीएसटी सेटलमेंट के बारे में जानकारी दी। जीएसटी एमनेस्टी योजना के तहत वर्ष 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 में नोटिस प्राप्त कारोबारियों को बड़ी राहत दी जा रही है। इस योजना के तहत उन्हें केवल बकाया टैक्स जमा करवाना होगा, जबकि ब्याज एवं जुर्माना माफ कर दिया जायेगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिये कारोबारी को 31 मार्च 2025 तक जीएसटी पोर्टल पर टैक्स का भुगतान किया जाना अनिवार्य है। जीएसटी आयुक्त विनोद मेहता ने जीएसटी रजिस्ट्रेशन में आ रही विभिन्न परेशानियों का जल्द से जल्द निवारण करने का आश्वासन दिया। कार्यशाला का संचालन सचिन पुरोहित ने किया। सीए परीक्षित व्यास एवं अन्य टैक्स बार के सदस्यों द्वारा जीएसटी में आ रही अन्य समस्याओं के बारे में अवगत करवाया गया। कार्यशाला के अंत में टैक्स बार एसोसिएशन फलोदी के अध्यक्ष सीए उमेश व्यास, कृषि मंडी व्यापार संघ अध्यक्ष जयप्रकाश पुरोहित एवं फलोदी साल्ट इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र व्यास ने आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में करीब 100 व्यापारियों ने भागीदारी निभाई।




# महाविद्यालय में एनएसयूआई ने शहीदों को दी श्रद्धांजली

सच मीडिया

**फलोदी ब्यूरो/अशोक कुमार मेघवाल।** जिला मुख्यालय फलोदी पर स्थित जयनारायण मोहनलाल पुरोहित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय फलोदी में शुक्रवार को एनएसयूआई टीम के बैनर तले पुलवामा हमले में शहीद हुए 44 शहीदों की तस्वीर पर पुष्पाजंली अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा शहीदों के बलिदान को सदैव याद रखा जायेगा। इस अवसर पर एनएसयूआई के प्रदेश सचिव महेंद्र कुमार मेघवाल, उमर मेहर, परमेश्वर चौधरी, फिरदौस खान, विशाल व्यास, शुभम परिहार, सुशील गहलोत, महेश कुमार, इंसाफ खान एवं मेहबूब खान आदि उपस्थित रहे।



## प्रदेश सभाध्यक्ष मोडाराम कड़ेला का अभिनंदन किया



सच मीडिया

**फलोदी ब्यूरो/अशोक कुमार मेघवाल।** राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर के प्रदेश सभाध्यक्ष मोडाराम कड़ेला का शुक्रवार को तिवरी आगमन पर साफा एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया गया है। इस अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर फलोदी के जिला महामंत्री गोरखाराम शेखासर, फलोदी शाखा अध्यक्ष आसुराम परिहार, पत्रकार अशोक कुमार मेघवाल, शिक्षाविद भंवरलाल सैनी एवं कर्मचारी नेता किसनाराम पंवार का भी अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सीबीईओ तिवरी रतिराम सपूनिया, राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर तिवरी ब्लॉक अध्यक्ष सागरमल सपूनिया, मांगीलाल पूनड़ प्रदेश उप सभाध्यक्ष, नेमाराम मेघवाल प्रदेश महामंत्री, जगदीश लखानी प्रदेश प्रतिनिधि, गिरधारीलाल खुड़ीवाल जिला संगठन मंत्री, मांगीलाल भट्ट एवं तिवरी ब्लॉक के कई शिक्षक उपस्थित रहे।

## पुलवामा हमला के शहीदों को मानव श्रृंखला बनकार दी श्रद्धांजली



सच मीडिया


**देणोक।** श्री लक्ष्मण मेमोरियल उच्च माध्यमिक विद्यालय शैतान सिंह नगर में आज पुलवामा हमला के शहीदों के शहीद दिवस पर भारतीय सेना के 40 जवानों मानव श्रूंखला बनाकर श्रद्धांजलि दी। विद्यालय में बच्चों द्वारा झांकी के रूप में अमर ज्योति का स्मारक बनाया और सभी बच्चों और विद्यालय स्टाफ द्वारा देश के उन शहीदों को पुष्प अर्पित करके उनको याद किया।इस दौरान व्याख्याता रविंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि हमारे देश की सेना रात दिन देश की सीमा पर चौकस रहती है ताकि हम आराम से रह सके। हमारे देश की सेना की वीरता पूरे दुनिया भर मशहूर है। यह दु:खद घटना को आंतकवादियो ने अंजाम दिया जिसका हमारी सेना ने उसके घर मे घुसकर बदला लिया था।अत: हमें देश को हमेशा अपने निजी हितों से ऊपर रखना चाहिए देश रहेगा तो हम रहेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को देश का सैनिक बनने के तैयार रहना चाहिए। सपूर्ण विद्यालय भारतमाता की जय वन्देमातरम व भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। सभी नन्हे बच्चों ने सेल्यूट करके भारतीय सेना का अभिनंदन किया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक आईलाल माली, आसकरण सुथार, फरसाराम, सियोल, देवाराम मेघवाल हीरालाल लीलावत चीमाराम हुड्डा खेत सिंह चौहान कृष्णकांत सुमन प्रकाश भाकर खुशवेंद्रसिंह धतरवाल सुरेंद्र आसदेव जितेंद्र पंचारिया रानी राठौर पप्पू माँजू उमा सोलंकी ज्योति चौधरी कंचन भाटी लीला कुमावत मनु चौधरी पिंकी माली अनीशा भंसाली मूली प्रजापत आदि स्टाफ व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## गंगानी में सरपंच उपचुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, 68.74% मतदातन कुल 4428 मत पड़े

## चुनाव परिणाम घोषित 292 मतों से वेद प्रकाश दाधीच बने गंगानी सरपंच

सच मीडिया


**बावड़ी/धनराज।** पंचायत समिति क्षेत्र के गंगानी ग्राम पंचायत में सरपंच के उपचुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण संपन्न हो गए कड़ी सुरक्षा के बीच गंगानी ग्राम पंचायत में सरपंच उपचुनाव में मतदाताओं ने 68.74त्न मत का प्रयोग किया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 9 बुथ बनाए गए थे 6441 मतदाताओं में से 4428 मत पड़े थे उपखंड अधिकारी जवाहर राम चौधरी ने बताया की सभी बुथो पर मतदान शांतिपूर्ण रहा 5-00 बजे मतदान समाप्ति के बाद मत गणना प्रारंभ कर दी गई रिटर्निंग अधिकारी मोहम्मद फिरोज ने मतदान परिणामी घोषणा करते हुए वेद प्रकाश उर्फ सुआलाल दाधीच को 292 माता से विजय घोषित कर दिया वेद प्रकाश दाधीच को 2360 वोट मिले वही राजेंद्र सिंह को 2068 वोट मिले। दाधीच के विजय होने पर समर्थकों ने विजय जुलूस निकाला।



## झाक ग्राम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मातृ पितृ दिवस का आयोजन

सच मीडिया

**बिलाड़ा/हेमन्त कुमार प्रजापति।** भारतीय संस्कृति और मूल्यों को बढ़ावा देने और माता-पिता के प्रति श्रद्धा भाव स्थापित करने हेतु मातृ पितृ दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि झाक ग्राम सरपंच ललिता चौधरी अति विशिष्ट अतिथि भंवरलाल प्रजापत, हेमाराम, लाली देवी,बाबूलाल खोजा, सुरेश कुमार तथा अध्यक्षता कर रहे कैलाश दास वैष्णव द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की विधिवत् शुरुआत की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के माता-पिता सम्मिलित हुए और छात्र-छात्राओं द्वारा अपने-अपने माता-पिता का पद प्रक्षालन, तिलक चंदन, स्वागत एवं आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। तथा कक्षा 11 की छात्राओं द्वारा कलयुग के दौर में माता-पिता के प्रति हमारे नैतिक मूल्यों पर आधारित एक मनोरम नाटक की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ललिता चौधरी ने कहा इस प्रकार के आयोजन से हमारी भारतीय सभ्यता और संस्कृति को अक्षुण्ण बनाने की सीख के साथ माता-पिता के प्रति आदर का गुण विकसित होता है। अध्यक्ष कैलाश दास वैष्णव ने कहा कि माता-पिता की सेवा सबसे बड़ा धर्म है उनका ऋण कभी चुकाया नहीं जा सकता। संयोजक राम निवास चौधरी ने अपने संघर्षी जीवन की सफलता के पीछे अपने माता-पिता का आशीर्वाद होने की बात कह कर सबको भाव विभोर कर दिया। मंच संचालन अशोक वैष्णव द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यालय के समस्त कार्मिक, ग्राम वासी तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।



-: आवश्यकता :-
जोधपुर ग्रामीण में ओसिया, तिवरी, बालेसर, शेरगढ़, धवा, लोहावट, देचू, बाप आदि क्षेत्र से इच्छुक पत्रकार सच मीडिया समाचार पत्र में जुड़ने के लिये सम्पर्क करें-
सुमेरसिंह चुण्डावत, संपादक
मो. 7737275324

## संपादक की कलम से...



सुमेर सिंह चुण्डावत
प्रधान संपादक
मो. 7737275324

# आर्टिफिशल इंटेलिजेंस को लेकर विभिन्न खेमों में बंटी दुनिया से आखिर कैसे तालमेल बिठायेगा भारत?

जानकार बताते हैं कि अमेरिका और यूरोप के बीच एक भरोसेमंद पुल बनकर भारत अपनी भावी भूमिका निभा सकता है और इसकी वैश्विक जरूरत भी महसूस की जा रही है। चूंकि यूरोपीय संघ का अगुवा देश फ्रांस भारत का प्रगाढ़ मित्र है, इसलिए यह संभव भी है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस अवसर को समझ चुके हैं और उसी के अनुकूल वर्तमान परिस्थितियों को तैयार भी कर रहे हैं।

जानकार बताते हैं कि साल 2023 में अस्तित्व में आई एआई को लेकर पहला शिखर सम्मेलन उसी वर्ष इंग्लैंड में, हुआ था, जबकि दूसरा शिखर सम्मेलन 2024 में दक्षिण अफ्रीका में, तीसरा शिखर सम्मेलन 2025 में फ्रांस में हुआ। वहीं, चौथा शिखर सम्मेलन 2026 में भारत में होगा, जिसकी मेजबानी के लिए भारत सरकार तैयार है। साथ ही मित्र देश फ्रांस ने भी इसका समर्थन किया है।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी दुनिया को एआई यानी आर्टिफिशल इंटेलिजेंस के पूर्वाग्रहों से सावधान रहने की नसीहत भी दी है। इस तकनीक से नौकरियां जाने की आशंकाओं को खारिज करते हुए मोदी ने साफ कहा है कि इतिहास गवाह है कि तकनीक नौकरियां नहीं लेती। सिर्फ इसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह की नौकरियां पैदा होती है। उन्होंने बताया कि इंसानों की रोजमर्रा की जिंदगी में एआई कितनी अहम भूमिका निभा रहा है। इसलिए उन्होंने इस तकनीक के फायदों को सभी से साझा करने की वकालत भी की है।

बता दें कि पेरिस में आयोजित ग्लोबल एआई समिट में बोलते हुए उन्होंने एआई के जिम्मेदार डिवेलपमेंट पर जोर दिया और इसके खतरों से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की बात की। पीएम ने दो टूक कहा कि एआई को ओपन सोर्स सिस्टम के माध्यम से डिवेलप किया जाना चाहिए, जिससे इसकी पारदर्शिता बढ़े और सभी देशों को इसका समान लाभ मिले। चूंकि एआई से रोजगार के कई नए क्षेत्र विकसित होंगे, इसलिए हमें लोगों को स्किलिंग और री-स्किलिंग पर ध्यान देना होगा। हम इस दिशा में बड़े स्तर पर निवेश कर रहे है।

वहीं, एक खास पहलू की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि एआई इस सदी के लिए मानवता के कोड (व्यवस्था) लिख रहा है। इसलिए इसमें दुनिया बदलने की ताकत है। इस दिशा में भारत भी अपने एक्सपीरियंस और एक्सपर्टीज को जरूरतमंद देशों/लोगों के साथ साझा करने को तैयार है, ताकि सभी के लिए इसकी उपलब्धता सुनिश्चित करवाई जा सके।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पैरिस में ग्लोबल एआई समिट में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के साथ सह अध्यक्षता की और कहा कि एआई पर अगली ग्लोबल समिट भारत में होगी। वहीं, फ्रांस ने भी ऐलान किया कि एआई पर अगली ग्लोबल समिट भारत में ही होगी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्र ने कहा कि एआई के डिवेलपमेंट को खुला और निष्पक्ष बनाने के लिए अमेरिकी उपराष्ट्रपति मोदी से सहमत दिखे। वहीं, ग्लोबल समिट में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस बात से सहमति जताई कि एआई को वैचारिक पूर्वाग्रह से मुक्त होना चाहिए और यह कभी इंसानों की जगह नहीं ले सकेगा। साथ ही उन्होंने वैश्विक नेताओं को आगाह किया कि एआई में बहुत ज्यादा नियम-कानून इस इंडस्ट्री की तेजी से बढ़ती संभावनाएं बाधित हो सकती हैं। वहीं, कुछ अन्य नेताओं ने इस बात की जोरदार वकालत की कि एआई पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नियमों की जरूरत है। साथ ही इसकी ग्लोबल रेस में यूरोप को तीसरा रास्ता अपनाने की दरकार है ताकि दुनिया को अमेरिका और चीन की कंपनियों पर निर्भरता से बचाया जा सके।

उल्लेखनीय है कि पेरिस में हुए दो दिवसीय एआई एक्शन समिट ने जहां आने वाले दौर के लिए एआई की अहमियत को रेखांकित किया है, वहीं आगे के रोड मैप को दुरूस्त करने के लिए यह भी साफ कर दिया है कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। इस नजरिए से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता करते हुए अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश करते हुए यह जता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है। जहां तक इस बैठक की टाइमिंग का सवाल है तो यहां पर यह स्पष्ट करना जरूरी है कि पेरिस एआई एक्शन समिट ऐसे समय में हो रही है, जब चीनी कंपनी %डीपसीक% पूरी दुनिया के एआई निवेशकर्ताओं को एक जबर्दस्त झटका दे चुकी है। क्योंकि बहुत ही कम समय और न्यूनतम लागत में इसने चैटजीपीटी से बेहतर एआई टूल पेश करके दुनिया को बताया कि इस फील्ड में आउट ऑफ बॉक्स सोच बड़ी चीज है। पेरिस एक्शन समिट इसी पहलू को रेखांकित करती है वहीं, इस बैठक से यह भी साफ हो चुका है कि एआई इंडस्ट्रीज की सफलता के लिए सतर्कता बेहद जरूरी है, क्योंकि इसमें अग्रणी देश इसे अपने-अपने साम्राज्यवादी हितों के अनुरूप ढाल सकते हैं। अमेरिका और चीन ऐसा कर भी चुके हैं। जबकि यूरोप भी इसी दिशा में आगे बढ़ चुका है। इसलिए भारत को भी अपना कदम फूंक-फूंक कर रखना होगा। भारत ऐसा ही कर भी रहा है। हालांकि, इसमें दो राय नहीं कि डीपसीक ने वाकई कमाल किया है। लेकिन निरंतर बदलती, विकसित होती तकनीक वाली इस फील्ड में हर इनोवेशन की अपनी सीमाएं भी होती हैं, जिनका ध्यान रखने की जरूरत होती है। खासकर सुरक्षा से जुडे पहलू को किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस बिंदु पर इस चीनी इनोवेशन को भी कई तरह के सवालों का सामना करना पड़ रहा है।

जहां तक एआई को लेकर दुनियावी पारदर्शिता और तालमेल का सवाल है तो कहना न होगा कि इस नजरिए से भी यह तीसरी एआई एक्शन समिट सफल हुई है, क्योंकि इसमें 90 देश और बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस शिखर बैठक में भी कहा, एआई हमारे भविष्य का अनिवार्य हिस्सा है, लेकिन किसी भी वजह से इसकी ग्रोथ को बेकाबू होने दिया गया तो उसके परिणाम खतरनाक साबित हो सकते हैं।

वहीं, जहां तक एआई तकनीक के बुनियादी विकास में भारत की भूमिका का सवाल है तो यह तीसरी बैठक भारत की भूमिका को भी खास बनाता है। क्योंकि इसका असाधारण टैलंट पूल, इसके वे इंजिनियर और वैज्ञानिक जो नाम मात्र की लागत पर बड़े-बड़े अंतरिक्ष अभियान को अंजाम देते रहे हैं, निकट भविष्य में बेहद कारगर साबित हो सकते हैं। हालांकि अनुभव बताता है कि अभी तक इस मामले में भारत की पहल बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती। इसलिए बेहतर यही होगा कि केंद्र सरकार एक मंत्रालय बनाकर इस तकनीक को लेकर अपनी प्राथमिकता तय करे। क्योंकि एआई इनोवेशन में भारत खुद के पीछे छूटने का जोखिम अब नहीं उठा सकता है।

खासबात यह है कि पेरिस के एआई समिट के जरिए एआई पर अमेरिका, यूरोप और चीन की आपसी वर्चस्व की लड़ाई खुलकर सामने आती दिखी है। क्योंकि एक ओर अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जहां सीधे तौर पर यूरोप और चीन को चेतावनी दी है, तो वहीं दूसरी ओर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूरोप और फ्रांस को एआई की एक बड़ी ताकत बताने की कोशिश की है। हालांकि, खुशी की बात यह है कि दोनों ने ही भारत के दूरदर्शिता भरे रुख की तारीफ की है। इससे इस बात की उम्मीद बलवती हुई है कि यूरोप बनाम अमेरिका के बीच भारत एक ब्रिज की तरह काम कर सकता है। इस ग्लोबल समिट में भी भारत कुछ ऐसा ही नजर आया, जहां दोनों पक्ष एक थे।

# मतोड़ा सीएचसी को 24 घंटे खुला रखने की मांग, सौपा ज्ञापन

सच मीडिया

**बापिणी**/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मतोड़ा में सुविधा को लेकर नाममात्र की सुविधा है, ग्रामीणों को छोटी-मोटी आवश्कताओं के लिए मोटी रकम खर्च करने को मजबूर होना पड़ रहा है। सीएचसी को 24 घंटे खुला रखने सहित अन्य मांगो को लेकर फलोदी सीएमएचओं के नाम बापिणी उपखंड अधिकारी गजेन्द्र शर्मा को शुक्रवार को सौपा ज्ञापन। ज्ञापन में बताया कि उपतहसील मुख्यालय मतोड़ा में स्टेट हाईवें-136 पर सीएचसी हॉस्पीटल आया हुआ है।



जो हॉस्पीटल को 24 घंटे खुला रखने, मुख्य डॉक्टरों को नियमानुसार परिधी में रहने हेतू पाबंद करने, सीएचसी स्तर पर मरीजो की जांचे शुरू करवाने, साथ ही जो डॉक्टर लंबे समय से लगातार अनुपस्थित चल रहे है उनको समय पर आने हेतू पाबंद करना, हॉस्पिटल में उपस्थिति के लिए बायोमेट्रिक उपस्थिति शुरू करवाने सहित मांगें की गई। उक्त हॉस्पीटल की समस्या को लेकर लगातार प्रयास करने पर भी कोई हल नहीं निकलने से हॉस्पीटल में आने वाले मरीजों व सड़क हादसों में घायलो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मतोड़ा हॉस्पीटल में उपचार नहीं मिलने पर ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार के लिए मरीजों को मजबूरन 30 किमी दूर ओसियां जाना पड़ रहा है। जल्द सुचारू करवाने की मांग की है।

# पुलवामा शहीदों के सम्मान में हुआ रक्तदान

## राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय जोधपुर व क्रीडा भारती जोधपुर महानगर का संयुक्त कार्यक्रम

रक्तदान किया और जनजागरुकता संचार का संकल्प लिया।

सच मीडिया

**जोधपुर, 14 फरवरी**/ पुलवामा के अमर शहीदों के सम्मान में शुक्रवार को राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय जोधपुर व क्रीड़ा भारती जोधपुर महानगर के तत्वावधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इसमें शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की गई।

संयोजक बृजपाल सिंह भाटी ने बताया की रक्तदाताओं की हौसला अफ़ज़ाई राजस्थान विधानसभा में मुख्य सचेतक, विधायक जोगेश्वर गर्ग, लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा, चक्रवर्ती सिंह एडिशनल एसपी एंटी करप्शन ब्यूरो ,भोपाल सिंह, डीएसपी जोधपुर ग्रामीण, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख पंकज, महानगर कार्यवाह मनोहर सिंह, कैलाश





डागा, क्रीड़ा भारती प्रांत अध्यक्ष पृथ्वीराज जोधा, सचिव ओमप्रकाश पुरोहित, महानगर कार्याध्यक्ष वरुण धनाडिया, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सीमा शर्मा, वाइस प्रिंसिपल अशोक बिश्नोई, उप जिला शिक्षा अधिकार सुमित्रा पंवार आदि ने की।

महानगर कार्याध्यक्ष वरुण धनाडिया ने बताया कि शिविर में 72 यूनिट रक्तदान हुआ। पहली बार रक्तदान करने वाले कई युवा पुरुष महिलाओं ने भी हिस्सा लिया।

इस अवसर पर उपस्थिजनों ने जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करने की मुहिम को निरंतर जारी रखने और जन जागरूकता में भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

संयोजक बृजपाल सिंह भाटी ने बताया कि कार्य अध्यक्ष जोधपुर वरुण धनाडिया ने इस अवसर पर 32 वीं बार रक्तदान किया और युवाओं से समय-समय पर रक्तदान की अपील की।

इस अवसर पर नीरज कौशिक, वीणा चौहान, विनोद चौहान, नवीन मोहनोत, सोहन किशन, किशोर सोलंकी, अनिल गुप्ता, डॉ घनश्याम जोधा, गणपत सिंह, प्रमोद मेहरा, सुभाष, मीना, अंजू मेवाड़ा, प्रिंसिपल धर्मेंद्र, अरुण शर्मा, सुभाष बिश्नोई, रणवीर, पवन पुनिया, हेमलता, सागर राम नैण उपस्थित थे।

# निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण जांच शिविर 18 को

सच मीडिया

**बापिणी** /उपखण्ड क्षेत्र के रायमलवाड़ा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र पर 18 फरवरी को नि:शुल्क लैंस प्रत्यारोपण जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर संयोजक पूर्व सूबेदार भंवरसिंह भाटी ने बताया कि ताराबाई देसाई चेरिटेबल ट्रस्ट जिला अंधता निवारण समिति तथा ठाकुर जबर सिंह भाटी की स्मृति कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को सुबह 10 से 1 बजे तक जांच की जाएगी। जांच के बाद ऑपरेशन योग्य मरीजों को ताराबाई देसाई चिकित्सालय जोधपुर में ले जाकर ऑपरेशन किया जाएगा। सूबेदार भाटी ने परिक्षेत्र के ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए वीर सपूतों को आज शहीद स्मारक स्तंभ स्टेडियम नयापुरा में सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकार्यों ने मिलकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर कैंडल मार्च निकाला






सच मीडिया

**कोटा/नईम अली।** इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजकुमार महाजन प्रदेश उपाध्यक्ष गौ प्रकोष्ठ मनोज विजयवर्गीय प्रदेश अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ मनोज यादव संभाग अध्यक्ष मनोज सोनी महिला मोर्चा प्रदेश सचिव पार्वती शर्मा, गौ प्रकोष्ठ महिला संभाग अध्यक्ष टीना यादव, अभिषेक अग्रवाल व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक पूर्व युवा जिला अध्यक्ष लक्की गोयल पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप गौतम पूर्व संभाग अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ मुकेश अग्रवाल पूर्व महिला मोर्चा प्रदेश संयोजक ज्योति गोड़, खेल अधिकारी मधु चौहान, कार्यकारिणी सदस्य गौरव बैरागी रवि विक्की सिंह मनीषा ज्योति सुनीता सोनी शिवम सेन मुकेश भट्ट शीला भट्ट एवं कई महिला फुटबॉल खिलाड़ी मौजूद रहे।

# फडणवीस ने त्रिवेणी संगम में लगाई आस्था की डुबकी, बोले- योगी सरकार के आयोजन को याद रखेगी दुनिया



सच मीडिया

**मुम्बई ब्यूरो।** अमृता फडणवीस ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि हम उन 50 करोड़ लोगों में शामिल हैं जिन्होंने महाकुंभ के दौरान भक्ति की पवित्र डुबकी लगाई है। मैं योगी जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। हम प्रयास कर रहे हैं कि नासिक में अगला कुंभ भी भव्य हो और अच्छी व्यवस्था हो।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने अपनी पत्नी अमृता और बेटी दिविजा के साथ प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इसके बाद फडणवीस ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मैं आज अपने परिवार के साथ महाकुंभ में शामिल हो सका। यहां की अद्भुत व्यवस्थाओं के लिए मैं योगी जी को बधाई देता हूं। महाकुंभ में आने वाला हर व्यक्ति खुश है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या से एक नया रिकॉर्ड बन रहा है। महाकुंभ के प्रबंधन और यहां आने वाले लोगों



की संख्या देखकर दुनिया हैरान है। अमृता फडणवीस ने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि हम उन 50 करोड़ लोगों में शामिल हैं जिन्होंने महाकुंभ के दौरान भक्ति की पवित्र डुबकी लगाई है। मैं योगी जी को धन्यवाद देना चाहती हूं। हम प्रयास कर रहे हैं कि नासिक में अगला कुंभ भी भव्य हो और अच्छी व्यवस्था हो। उत्तर प्रदेश सरकार ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ के दौरान 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगायी है।

इससे पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा तो न केवल भारत सुरक्षित रहेगा बल्कि वैश्विक मानवता सुरक्षित रहेगी। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी ने कहा, ''सनातन धर्म वास्तव में मानव धर्म है। सनातन धर्म ही वैश्विक मानवता का धर्म है। सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा तो न केवल भारत सुरक्षित रहेगा बल्कि वैश्विक मानवता सुरक्षित रहेगी।卐 वह गोरखनाथ मंदिर में श्रृंगेरी शारदा पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य विधुशेखर भारती सन्निधानम के आशीर्वचन के पूर्व उनके अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने जगद्गुरु शंकराचार्य को अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा उपहार भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, ''सनातन धर्म प्रचीन काल से है। समय समय पर इस पर अनेक प्रहार हुए लेकिन भगवान की अवतार परंपरा, संतों, ऋषियों और महामानवों ने इसका संरक्षण किया और सनातन धर्मावलंबियों के सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की।

# Amrit Krishi Is Boosting the Immune System: A scientific and evolutionary approach

Prof. (Dr.) Mayadhar Barik,AIIMS,M.U. ( Senior Scientific Advisor),

Dr.Sidharth Biswas (Public Health Expert).

Currently gainful employment during Amrit Kaal (NITI Ayog, 2023) is attempting to present the present situation, strategies to be adopted during the Amrut Kaal to make country enrichment with the bioresearches and sustainable development. India accounts for 35 -45% percent of global area (Mohapatra, 2016). It is projected that most populated country by 2030 and would require producing an additional 100 million tonnes of food grains to the ever growing population in India.The phase of climatic variability and their change, growing constraints on water and land for crops and livestock's. Indian agriculture which has been the backbone of Indian economy and shall continue to dominate the scene in many respects is known throughout the world.Its multifunctional success is generating employment, livelihood, nutritional and ecological security. Micronutrient deficiency causes weakness, mental, and physical retardation in children, impaired immune system and can even lead to death. Amrit Krishi is a sratup initiates that grows and sells organic food, oils, and grains all over the World. They use sustainable farming practices and those are very good for the health and environment. They also focus on preserving traditional Indian agricultural methods and there conservation of biodiversity by popularising our lost and heritage native seeds of grains and pulses because in the era of conventional agriculture is consisted with high yield seed variety and synthetic fertilizer and pesticides based agricultural practice. It produced at mineral rich virgin organic land track of Odisha and Jharkhand. Amrit Krishi offers a complete range of household groceries derived from the NATIVE SEEDS (Desi) varieties. Amrit Krishi have a wider spectrum of selection of products, including with several food, oils, grains, traditional native spices and pulses, others lost grains which could be used as household items. Their products are grown and processed using traditional methods, without the use of chemicals or pesticides and these foods and items are extremely good for health.Their products were healthier and more sustainable than conventional products. Amrit Krishi is preserving NATIVE SEEDS (Desi) agricultural traditions and providing customers with high-quality, authentic products committed to stronger the immune system.These foods are having great potential resource for common people nutritional riched.Those who are looking for the healthy and happy life in their daily life disease free need to take natural, and sustainable organic products are always better according to our research and experiences. Common people should take nutrition dense products through the yield specific approach. In these products we observed that micronutrients enriched products are quite helpful for health in common people. In addition to the native seeds are superior to the hybrid seeds.

# मांडीगढ़ राजपुरा में भारत स्काउट गाइड का द्वितीय तृतीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

सच Media मीडिया न्यूज नेटवर्क sachmedia0001@gmail.com



देसूरी/देश की सेवा में स्काउटिंग का अमूल्य योगदान मामा जी की धू नी मां डीगढ़ राजपुरा राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीयसंघ सादड़ी के तत्वाधान में द्वितीय तृतीय प्रशिक्षण शिविर स्काउट गाइड का आयोजित किया जा रहा है संतोष गिरी जी महाराज मामा जी की धूनी के महंत एवं लक्ष्मण पुरी जी सुरेंद्र जी राजपुरा के सानिध्य में झंडारोहण किया गया है ध्वजारोहण के अवसर पर धूनी के व्यवस्थापक श्री गुमान सिंह के द्वारा तृतीय दिवस के उद्बोधन में अपने विचारों में व्यक्त किया कि स्काउटिंग ही देश को अच्छा नागरिक अच्छा राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र की सेवा करने वाला व्यक्ति दे सकता है क्योंकि यही चरित्र निर्माण के लिए सबसे आवश्यक है कि बालक में आत्मविश्वास स्वावलंबन सबका साथ साहस और तार्किक बुद्धि का विकास हो जिससे वह एक राष्ट्रभक्त के रूप में उभर कर राजनेता सैनिक पुलिस प्रशासक बनकर राष्ट्र की सेवा कर सकता है इस अवसर पर स्थानीय संघ प्रभारी जिला कमिश्नर छगनलाल भाटी ने अपने उद्बोधन में स्काउट स का शिविर में सुबह 5:00 से लेकर रात्रि 10:00 बजे तक के कार्यक्रम की व्याख्या करते हुए कहा कि देश के भविष्य के लिए स्काउट और गाइड्स ही एकमात्र साधन है जो अनुशासन का पर्याय बनकर देश की सेवा करेगा संघ सचिव पुरुषोत्तम पुरी गोस्वामी ने बताया कि इस शिविर में 120 स्काउट व गाइड्स 14 विद्यालयों के भाग ले रहे हैं इनके उत्तम प्रशिक्षण के लिए ट्रेनिंग काउंसलर्स के रूप में रमेश कुमार सोलंकी नारायण लाल मेघवाल मेघाराम परिहार लक्ष्मण लाल प्रकाश चंद्र गर्ग हीरालाल गोवर्धन लाल हरियल जीवाराम ईश्वर दास वैष्णव रणजीत सिंह हेमंत कुमार गर्ग के द्वारा दिन रात प्रयास कर इन्हें शिविर कलाप्रकृति विज्ञान अध्ययनहाइक साहसिक यात्रा प्राथमिक सहायता अनुमान लगाना नक्शा पढ़ना और बनाना लेआउट निरीक्षण ध्वजारोहण का गहन अध्ययन करवाया जा रहा है स्थानीय स्थान से भी सर्व संभव सहायता जैसे प्रकाश पेयजल ईंधन बर्तन आवास ध्वनि विस्तार सभी प्रकार के संसाधन उपलब्ध करवाए गए हैं संयोजक विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयमां डीगढ़ प्रधानाचार्य शंकर लाल माली के द्वारा निरंतर भामाशाहों का संपर्क कर इस कार्यक्रम को शानदार बनाने के लिए लगातार प्रयास कर के कल के समापन समारोह को भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए सतत प्रयास कर रहे हैं शिविर का समापन समारोह मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोहनलाल ब लाई की अध्यक्षता में एवं भामाशाहों के सानिध्य मेंतथा प्रकाश परमार प्रधानाचार्य जाटों गुड़ा के पर्यवेक्षण में आहूत किया जाएगा नारायण लाल द्वारा सबका स्वागत किया गया।

# सुंधामाता से प्रयागराज महाकुम्भ के लिये 38 लोगों का दल रवाना

सच मीडिया



**भीनमाल ।** निकटवर्ती सुंधामाता के व्यापारी बस से देव दर्शन यात्रा के लिये रवाना हुये। इस दौरान दल के सदस्यों को माला पहनाकर सभी को रवाना किया गया। प्रवीणसिंह देवल ने बताया की सुंधामाता से देव दर्शन यात्रा प्रयागराज महाकुम्भ के लिये रवाना हुये। 8 दिवसीय यात्रा मे पुष्कर,गोकुल,वुन्दावन, मथुरा,राम मंदिर अयोध्या, प्रयागराज महाकुम्भ, काशी विश्वनाथ,महेंदीपुर बालाजी,खाटूश्याम मंदिर दर्शन कर पूर्ण सुंधामाता पहुँचेगे। इस दौरान अर्जुनसिंह सेवाडा,प्रवीण सिंह,हितेश गिरी,कसनाराम देवासी,शिवसिंह बड़गांव,बगद गिरी,उत्तम गोस्वामी,धनराम कीर,वजाराम, श्रवण भारती, शोभापुरी,छैलपुरी गोस्वामी राह, उदयसिंह, योगेन्द्रसिंह, कैलाशपुरी,केवल प्रजापत, लसाराम, वचनाभारती, डुंगरसिंह, जेपाराम,भीमाराम,रणछोड़राम, राजेश कुमार,मंगलाराम,रमेश कुमार, रतनलाल कीर,नगाराम, रमेश देवासी,भगवाना राम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।


# शोभायात्रा के साथ होगा आगाज

सच मीडिया

**सायला ( प्रियंक दवे ) ।** उपखंड मुख्यालय पर शनिवार से शुरू हो रहा जालौर महोत्सव के तहत जलसों सायला रो को लेकर दो दिन भव्य रंगारंग कार्यक्रम आयोजित होंगे। सीबीइओ भंवरलाल परमार ने बताया कि महोत्सव के निमित आज सुबह 8:00 बजे महोत्सव कार्यक्रम का उदघाटन समारोह एवं शोभायात्रा के साथ धूमधाम से आगाज होगा। महोत्सव के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होगे। महोत्सव आयोजन समिति के समन्वयक मांगीलाल राजपुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य व सफल बनाने को लेकर शुक्रवार को पीले चावल बांटकर लोगों को महोत्सव में भाग लेने का आमंत्रण दिया गया। कार्यक्रम के तहत आज 15 फरवरी को बालिकाओं द्वारा कलश यात्रा, झांकीयाँ, प्रसिद्ध सायला डबल गैर नृत्य, ढोल व चंग नृत्य एवं कच्छी घोड़ी डांस, राजस्थानी नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम, रस्सा कस्सी प्रतियोगिता, सतोलिया प्रतियोगिता, विभिन्न दौडे एवं वालीवॉल प्रतियोगिता का आयोजन होगा द्ध सांस्कृतिक संध्या सायं 7:00 बजे खेल मैदान में राजकीय एवं निजी विद्यालय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भामाशाह सम्मान होंगे वही 16 फरवरी को रनफोर सायला ( खैल मैदान से कात्यायनी माता मंदिर तक ), विभिन्न प्रतियोगिताएँ दोपहर 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पंचायत समिति हॉल में होगी, ( मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, म्यूजीकल चेयर प्रतियोगिता, साफा बान्धों प्रतियोगिता, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता ) सांस्कृतिक संध्या सेलेब्रिटी सिम्फनी नाईट सायं 6:00 बजे, खेल मैदान (लोक संगीत, नृत्य व लोक वाद्यो की ताल कचहरी) अंतरराष्ट्रीय लोक कलाकार द्वारा एवं भामाशाह सम्मान के साथ होगा ।

# कन्या भ्रूण हत्या महापाप : साध्वी प्रेम बाईसा

सच मीडिया



**गिड़ा /बालोतरा (भँवरलाल बरवड़ )।** महंत विरमनाथ महाराज के सानिध्य में ग्राम पंचायत पटाली नाड़ी, तह. गिड़ा, में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन राजा परीक्षित प्रसंग, देहुती संवाद, व विदुर प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए साध्वी प्रेम बाईसा ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या माहापाप है । अगर कन्या जन्म ही नहीं लेगी तो बहु कहां से लाओगे । बेटी बचेगी तो राष्ट्र बचेगा। ओस की बूंदों सी होती हैं बेटियां ज़रा भी दर्द हो तो रोती हैं बेटियां रोशन करेगा बेटा एक ही कुल को दो-दो कुलों की लाज ढोती हैं बेटियां उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या को समाज में कलंक बताया। प्रेम बाईसा ने कहा कि जिसके बेटी घर जन्म लेती है यह बड़े ही सौभाग्यशाली होते हैं। साध्वी ने श्रद्धालुओं को बेटी बचाने का संकल्प दिलाया। एकमात्र का स्मरण एकमात्र उपाय है। इस दौरान आसपास के क्षेत्रों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा आरती का लाभ लिया।

# भारतीय संस्कृति से मनाया प्रेम दिवस

## अनाथ बछड़ो, वन्यजीवों के साथ मनाया वैलेंटाईन डे

## पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजली

सच मीडिया



धोरीमन्ना विश्व स्तरीय गो चिकित्सालय में शुक्रवार को अनाथ बछड़ों व वन्य जीवों के बीच प्रेम दिवस मनाया गो चिकित्सालय के मुख्य व्यवस्थापक श्रवणराम बिश्नोई ने बताया कि महामण्डलेश्वर स्वामी कुशालगिरी महाराज ने अनाथ बछड़ों व वन्य जीवों का तिलक कर, पुष्पमाला पहनाकर, पुष्प वर्षा कर, दूध पिलाकर गुड़, लापसी खिलाकर वैलेंटाईन डे मनाया। महामण्डलेश्वर ने बताया कि प्रेम दिवस पर लोग उन्ही के साथ धूमधाम से मनाते हैं जिनसे वह प्रेम करते है, हमने इन अनाथ बछड़ों व वन्य जीवों से ही प्रेम किया है इसलिए इनके साथ वैलेंटाईन डे मनाया। महामण्डलेश्वर ने कहा प्रेम को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता ना ही प्रेम को किसी जंजीर से बांधा जा सकता है, प्रेम किसी से भी हो सकता है जरूरी नहीं कि लड़के-लड़कियों के बीच हो, एक भक्त ईश्वर से प्रेम करता है तो संसार का त्याग कर ईश्वर की भक्ति में लग जाता है, प्रेम माँ से होता है तो माँ के लिए सब-कुछ छोड़ देता है, एक सैनिक देश से प्यार करता हैं तो देश के लिए जान दे देता है ठीक इसी तरह जिन लोगों को दीन-दुखियों की सेवा करने में प्रेम मिलता है तो वह दीन-दुखियों के बीच ही प्रेम दिवस मनाते है। साथ ही पुलवामा में हुए वीर शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजली अर्पित की गई, इस दिन को हम कभी नही भूल सकते है। कार्यक्रम में वीर शहीदों को याद करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया।

# मातृ-पितृ पूजन दिवस पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

सच Media मीडिया न्यूज नेटवर्क sachmedia0001@gmail.com



**सांचोर।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय वासन चौहान में मातृ-पितृ पूजन दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन संस्थाप्रधान मोहनी विश्नोई की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता राज्य पुरस्कृत शिक्षक जगदीश पुरोहित ने कहा कि माता-पिता अपनी संतान के लिए सबसे बड़ा उपहार हैं। मानव जीवन में माता-पिता की सेवा को श्रेष्ठ सेवा माना गया है जिसमें सभी सेवाओं का फल समाहित है।माता-पिता की उचित भूमिका प्रोत्साहन, सहायता और गतिविधियों तक पहुंच प्रदान करना है, जो बच्चों को प्रमुख विकासात्मक कार्यों में निपुणता प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। माता-पिता का व्यवहार और उनके द्वारा किए गए कार्यों का प्रभाव सीधा संतान पर पड़ता है इसलिए बालक के जीवन में माता-पिता का महत्वपूर्ण स्थान है। संस्थाप्रधान मोहनी विश्नोई ने कहा कि बालक के सर्वांगीण विकास में माता-पिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। तथा माता-पिता मुख्य सलाहकार होते हैं, माता-पिता के आशीर्वाद से मन शांत होता है तथा आत्मविश्वास बढ़ता है। माता-पिता हमारे जीवन में गुरु और मित्र होते हैं वे हमें अनुशासन, नैतिकता और संस्कार सीखाते हैं। अशोक कुमार चौधरी और रामपाल ने भी विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर गगन चौधरी, शांतिलाल विश्नोई, नरेंद्रसिंह राणावत, मुस्तकीम मोहम्मद और मधुबाला उपस्थित थे।

# निम्बाडा में आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता हर्षोल्लास के साथ संपन्न

सच Media मीडिया न्यूज़ नेटवर्क sachmedia0001@gmail.com





**देसूरी।** रानी उपखण्ड क्षेत्र के निम्बाड़ा गांव में मेघवाल समाज युवा संगठन के तत्वावधान में तीन दिवसीय क्षेत्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। फाइनल मुकाबले में निम्बाड़ा की टीम ने पादरली तुरकान को 9 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। आयोजन कमेटी के महेश कटारिया और अशोक कड़ेला ने बताया कि प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र की 12 टीमों ने भाग लिया। फाइनल में पादरली तुरकान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर 10 ओवर में 38 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए निम्बाड़ा की टीम ने 3.4 ओवर में 39 रन बनाकर जीत दर्ज की। विजेता व उपविजेता टीम को ट्रॉफी, नगद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में घनश्याम परिहारिया बूसी बेस्ट बल्लेबाज , नारायण जोया को बेस्ट बॉलर और जितेंद्र दादावत मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। इस दौरान भामाशाहों एवं अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर बहुमान किया गया। इस मौके पर धनाराम परिहार (पूर्व अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी पाली), पुखाराम वागोणा (समाज सेवा एवं शिक्षाविद), चुन्नीलाल जोगसन सेदरिया (पूर्व प्रधानाध्यापक ), गजेंद्र कुमार सैनी (रेलवे स्टेशन मास्टर सोमेसर), दिनेश मेघवाल (पूर्व पंचायत समिति सदस्य रानी), चुन्नीलाल वागोणा समाजसेवी, लोकेन्द्र कुमार, मांगीलाल जोगसन, जगदीश कटारिया, मालाराम, मांगीलाल, दिलीप, रमेश, विनोद, प्रवीण, सुमित, कल्पेश, अरविन्द, नरपत, संजय कड़ेला, दुदाराम, मांगीलाल, रोशन अणकिया, विजयपाल डुठारिया, किशन जोगावत, अचलाराम बामणिया सहित समाजबंधु एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे।

# मेवाड़ा के 60 वें जन्मदिन पर चौधरी बैंक्वेट गार्डन में हुआ रक्तदान शिविर

## कार्यकर्ताओं ने शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लिया

सच मीडिया





**तखतगढ़ ।** पदाधिकारियों ने इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को कांग्रेस को मजबूत करने का संकल्प दिलाया। सुमेरपुर विधानसभा 121 पूर्व प्रधान प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में तखतगढ़ से रक्तदान करते हुए नगर कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष फुटमल सुथार, नगर पालिका तखतगढ़ प्रतिपक्ष नेता अनराज मेवाड़ा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शिविर में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसमें 201 यूनिट रक्त एकत्र हुआ, साथ ही सेवा कार्यक्रम भी हुए।इस मौके पर पूर्व प्रधान प्रत्याशी हरिशंकर मेवाड़ा का साफ़ा माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके नेपाल सिंह पावा, जगदीश राजपुरोहित सुमेरपुर, पार्षद चेतन कुमार, अर्जुन हिरागर, रमजान रंगरेज, सूरज वाल्मीकि, पेमाराम माली, जोगाराम चौहान, संजय हिरागर महेंद्र रक्तदान शिविर 300 लोगों की जाने बचाई जा सकती है तखतगढ़ कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी मेवाड़ा का साफ़ा माला पहनाकर व केक कटवा कर स्वागत किया, इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को कांग्रेस को मजबूत करने का संकल्प दिलाया ।

# शिक्षा के साथ जीवनयापन टिप्स भी जरूरी : भंडारी

सच मीडिया




**भीनमाल ।** शहर के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय माघ कोलोनी में वार्षिकोत्सव समारोह मुख्य अतिथि नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी एवं अध्यक्षता शाला प्रधानाचार्य तेजाराम विश्नोई, विशिष्ट अतिथि मुकेश सोलंकी के आतिथ्य में मनाया गया । समारोह के मुख्य अतिथि नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने कहा कि शिक्षा के साथ जीवनयापन टिप्स भी जरूरी है । इसलिए सभी को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए कौशिश करनी चाहिए । भंडारी ने कहा कि घर एवं विद्यालय में जो संस्कार मिलते हैं, वे जीवन में काम आते हैं । उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने वालों को बधाई देते हुए कहा कि दूसरों को भी अव्वल रहने की आदत रखनी होगी । शाला प्रधानाचार्य तेजाराम विश्नोई ने शाला प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि यहां की बालिकाओं ने हर क्षेत्र में प्रगति की है । उन्होंने कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम भी बेहतर रहता है । कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से किया गया । इस अवसर पर 45 साँस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें घूमर, गुजराती गरबा, राजस्थानी, देशभक्ति कार्यक्रमों की कक्षा वार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को मुख्य अतिथि नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी, प्रधानाचार्य तेजाराम विश्नोई, मुकेश सोलंकी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । पूर्व छात्राओं में उमिला राजपुरोहित, कुरैशी आरा, अभिलाषा व परमार राजल को सम्मानित किया गया। इस्पायर अवार्ड में गौरी कंसारा व विज्ञान मेले में स्थान प्राप्त करने वाली हीना सुथार को पुरस्कार प्रदान किया गया । अनुशासन में रसीला माली, एना वैष्णव, खुशी कंवर, अनुष्काकुमारी को पुरस्कार प्रदान किया गया। स्थानीय विद्यालय से राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली जैसिका बुन्देल, पूर्विका बुन्देल, नित्याश्रीकंवर, रूपल व सोनू माली को पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर भामाशाह पुष्पक जोशी, हंसमुख सोनी एवं नरेश माली का स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया गया । विशेष अवॉर्ड के रूप में वर्ष भर के सर्व श्रेष्ठ छात्रा का अवॉर्ड माया सोनी को दिया गया । जिसको विशेष रूप से स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया गया । कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन मंजू गोस्वामी, अमृतलाल व लाधुराम विश्नोई ने किया । इस अवसर पर जयनारायण प्रसाद, लाधुराम विश्नोई, नरेशकुमार, अमृतलाल, साँवलाराम, दलपतसिंह ऊमर, दूदाराम, टीकमाराम, जगदीश जीनगर, अरविन्दकुमार, डायालाल बालोत, मंजू गोस्वामी, प्रतिभा मोजक, प्रेमलता विश्नोई, कमला खिलेटी, मिनाक्षी शर्मा, ग्यारसी, अलका त्रिपाठी, कमला प्रजापत, शैलेश अग्रवाल, इन्दिराकुमारी सहित विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक उपस्थित रहे ।

# पदोन्नत सहायक प्रशासनिक अधिकारी हरिश हिंगड का शिक्षक संघ राधाकृष्णन् ने किया स्वागत



सच मीडिया

**देसूरी।** राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन् के प्रदेश प्रवक्ता एंव अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के प्रदेश संगठन सचिव प्रकाश मेवाडा मुंडारा के नेतृत्व में संघ के देसूरी ब्लॉक अध्यक्ष एंव अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के देसूरी ब्लॉक अध्यक्ष रमेश वछेटा एवं पाली जिला उप सभाध्यक्ष महावीर प्रसाद दवे राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन ने संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी हरिश हिंगड का सहायक प्रशासनिक अधिकारी पद पर पदोन्नत होने साफा एवं माला पहनाकर स्वागत किया एवं शुभकामनाएं प्रकट की। हिंगड ने स्वागत पर संघ के पदाधिकारियों का आभार प्रकट किया।

# कैबिनेट मंत्री कुमावत सड़क व फुटपाथ करेंगे भूमि पूजन कार्यक्रम

सच मीडिया



**तखतगढ़ / बरकत खां।** तखतगढ़ कस्बे नगर पालिका में प्रस्तावित 12 करोड़ की लागत से जालोर चौराहे से लेकर 146 नेहरू रोड मुख्य मार्ग का चौडाइकरण एवं नाड़ा निर्माण को लेकर आज 11.00 बजे मुख्य सड़क , चौराहे से लेकर नेहरू रोड तक, सड़क के चौड़ाईकरण फुटपाथ व नाला निर्माण को लेकर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत भूमि पूजन करेंगे। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी मगराज चौधरी, अध्यक्ष ललित रांकावत, उपाध्यक्ष मनोज नामा, कार्यक्रम जायजा लिया, भूमि पूजन अध्यक्ष ललित रांकावत ने दी जानकारी।

# राजस्थान बार काउंसिल का रु100 प्रति पृष्ठ फोटोकॉपी शुल्क अव्यवहारिक - अधिवक्ता गोवर्धन सिंह ने उठाए सवाल

सच मीडिया



**जयपुर।** राजस्थान बार काउंसिल द्वारा रू100/- प्रति पृष्ठ फोटोकॉपी शुल्क वसूलने को अनुचित बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया है। हाईकोर्ट में वकालत करने वाले अधिवक्ता गोवर्धन सिंह ने 13 फरवरी 2025 गुरुवार को राजस्थान बार काउंसिल के अध्यक्ष अधिवक्ता भुवनेश शर्मा को पत्र लिखकर कहा कि जब सेशन कोर्ट, हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट मात्र रु2 प्रति पृष्ठ शुल्क ले सकते हैं, तो राजस्थान बार काउंसिल को 50 गुना अधिक शुल्क वसूलने का अधिकार कैसे मिल गया। अधिवक्ता सिंह ने व्यंग्यात्मक लहजे में सवाल उठाया कि क्या राजस्थान बार काउंसिल की फोटोकॉपी मशीन किसी जादू से चलती है या फिर इन पृष्ठों पर सोने की स्याही से छपाई होती है। उन्होंने मांग की कि यदि यह शुल्क न्यायोचित है, तो सरकार को राजस्थान बार काउंसिल को 'भारत की सबसे महंगी फोटोकॉपी सेवा' का खिताब दे देना चाहिए और इसे संयुक्त राष्ट्र (यूएनओ) में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। अधिवक्ता गोवर्धन सिंह ने पूछा कि क्या रु100/- प्रति पृष्ठ शुल्क में प्रिंटर की आरती, कर्मचारियों की तीर्थ यात्रा और काउंसिल के विशेष भोग प्रसाद का खर्च भी शामिल है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि यह अव्यवहारिक और हास्यास्पद शुल्क जल्द ही कम नहीं किया गया, तो अधिवक्ताओं को यह मान लेना चाहिए कि राजस्थान बार काउंसिल अब एक कानूनी संस्था से अधिक एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बन चुकी है। उन्होंने स्पष्ट रूप से मांग की कि इस शुल्क को अन्य राज्यों की तरह न्यायोचित दर पर निर्धारित किया जाए, अन्यथा इसके खिलाफ कड़ा विरोध किया जाएगा।।

# रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड ने वेल्वेट का अधिग्रहण किया




सच मीडिया

**चेन्नई, ।** प्रतिष्ठित एफएमसीजी ब्रांड 'वेल्वेट' का रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) ने अधिग्रहण कर लिया है। वेल्वेट, पर्सनल केयर प्रोडक्ट की सैशे-पैकेजिंग के लिए मशहूर है। रिलायंस ने एक वक्तव्य में बताया कि इस रणनीतिक अधिग्रहण के साथ ही आरसीपीएल, वेल्वेट ब्रांड में नई जान फूंकेगा और इसकी समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाएगा। यह भारतीय ब्रांडों को पुनर्जीवित करने और उन्हें पुनः मार्केट में पेश करने की रिलायंस की प्रतिबद्धता को दिखाता है। आरसीपीएल के सीओओ केतन मोदी ने कहा, "हम वेल्वेट का रिलायंस परिवार में स्वागत करते हुए रोमांचित हैं। वेल्वेट का इनोवेशन और लाखों लोगों तक पर्सनल केयर पहुँचाने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका, वास्तव में उल्लेखनीय है। हम इस विरासत को आगे बढ़ाने, और वेल्वेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए उत्साहित हैं।" वेल्वेट संस्थापक डॉ. सी. के. राजकुमार को "सैशे किंग" के रूप में जाना जाता है। उन्होंने 1980 में व्यवसाय की कमान संभाली और उनके एक अभूतपूर्व मार्किट आइडिया से पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स की पहुंच हर भारतीय घर तक हो गई। सुजाता राजकुमार और अर्जुन राजकुमार ने कहा, "हम रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ मिलकर काम करने और वेल्वेट के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत करने को लेकर बेहद रोमांचित हैं।

# अमृता हाट मेले का आयोजन 18 फरवरी से

सच मीडिया

**सीकर।** अमृता हाट मेले का आयोजन 18 फरवरी से 24 फरवरी 2025 तक अरबन हाट सीकर में आयोजित किया जायेगा। उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग सीकर राजेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि उद्योग विभाग एवं महिला अधिकारिता विभाग सीकर के संयुक्त तत्वावधान में अमृता हाट एवं शेखावाटी उद्योग मेले का आयोजन महिला उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पादों के प्रदर्शन, विपणन कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 18 फरवरी से 24 फरवरी 2025 तक अरबन हाट सीकर में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी को बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं योजना के 10 वर्ष का स्वर्णिम सफर, 20 फरवरी को महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री वर्क फ्रोम होम योजना, 21 फरवरी को मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, 22 फरवरी को महिला सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण योजनाओं, 23 फरवरी को महिला उद्यमिता विकास एवं उत्पादो की गुणवत्ता एवं बिक्री कौशल पर प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कार्यशालाएं आयोजित किये जायेंगे। मेले में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता :– मेहन्दी प्रतियोगिता 19 फरवरी,लोकनृत्य प्रतियोगिता 20 फरवरी, रस्सा कस्सी प्रतियोगिता 21 फरवरी, म्यूजिकल चैयर प्रतियोगिता 22 फरवरी, पारम्परिक वेशभुषा प्रतियोगिता 23 फरवरी 2025 को आयोजित की जायेगी। विशेष आकर्षण :– अमृता हाट मेले के दौरान आमजन एवं शहरवासियों के लिए ओपन थियेटर,कैफेटैरिया, फूड जॉन, लजीज व्यंजन, मनोरंजन के लिए झूले ,किड्स जॉन, सेल्फी जॉन, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित खेलकूद प्रतियोगिताएं विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी। उन्होंने बताया कि सात दिवसीय अमृता हाट एवं शेखावाटी उद्योग मेले में सीकर जिले एवं प्रदेश के विभिन्न जिले के स्वयं सहायता समूह एवं एकल महिला उद्यमीयों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पादों के साथ अन्य सामग्री की बिक्री के लिए स्टाल लगाई जाएगी। सीकर जिले के इच्छुक महिला उद्यमी भाग लेने के लिए शीघ्रातीशीघ्र कार्यालय उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग सीकर में पंजीकरण करवा सकते है।

# राजस्थान वक्फ बोर्ड के चेयरमैन खानू खान बुधवाली शनिवार को आएंगे कासली

सच मीडिया

**सीकर ।** राजस्थान वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ.खानू खान बुधवाली 15 फरवरी 2025 शनिवार को सीकर आएंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने बताया कि वक्फ बोर्ड चेयरमैन बुधवाली जयपुर से प्रातः10.30 प्रस्थान कर दोपहर एक बजे ग्राम कासली पहुंचेंगे तथा वक्फ सम्पत्तियों का निरीक्षण करेंगे। वक्फ बोर्ड अध्यक्ष बुधवाली अपराह्न 3 बजे कासली से प्रस्थान कर सायं 4.30 बजे (जालेऊ) फतेहपुर पहुंचेंगे। वक्फ बोर्ड अध्यक्ष जालेऊ से 8.30 बजे जयपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

# पुलवामा हमले में हुए शहीदों को भाजपा शहर जोन 1 ने दी श्रद्धांजलि


सच मीडिया



**सीकर, ।** भाजपा जॉन मंडल एक द्वारा सालासर बस स्टैंड सर्किल पर 2019 में सीआरपीएफ के शहीदों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। मण्डल अध्यक्ष इंद्र चंद शर्मा ने बताया कि पुलवामा हमले में वीर गति को प्राप्त हुए देश के वीर सपूतों की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करके एवं वीर शहीदों की याद में दो मिनट का मौन धारण किया। भारत के सवा सौ करोड़ देशवासियों की आँखें आज के दिन उन्हें याद करते करते नम हो जाती हैं।और पूरा देश उन वीर सपूतों के भारत माता की रक्षा के लिए किए गए बलिदान को ज़िंदगी भर अपने हृदय में समा कर रखेगा। कार्यक्रम में पूर्व जिला महामंत्री रमेश जलधारी, महेंद्र जोशी,पवन गौड़, नरेश सैन, बजरंग लाल शर्मा ,हरेंद्र जैदिया,प्रेम सिहोता, शाहरुख, महेश शर्मा, वीरेंद्र पाराशर संजना सुमन, राजू ,विकास, दिनेश , महावीर सेनचैलासी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फाग रस महोत्सव श्री कृष्णा लीला अमृत 18 फरवरी को

सच मीडिया



**सीकर।** श्री कृष्णा सत्संग भवन में फाग रस महोत्सव का भव्य आयोजन 18 फरवरी मंगलवार सायं को होने जा रहा है। आयोजन समिति के अशोक कुमार शर्मा ने महोत्सव की जानकारी देते हुए प्रेस बयां जारी किया है की सीकर शहर में बृज रसिक संत श्री गोपीराम जी महाराज, श्री राम सेवा आश्रम - श्री धाम वृन्दावन से पधार रहे है, श्री कृष्णा लीला अमृत के अवसर पर श्री ठाकुर जी का विशेष श्रृंगार झांकी दर्शन - मंगल राग सेवा - पुष्प होली - व प्रिय प्रीतम जु की फाल्गुन लीला महाराज जी की मधुर वाणी से भक्तो को बृज होरी की झलक सीकर में अनुभव होगी। पंकज बियानी व आलोक बियानी ने बताया की भक्तो को कार्यक्रम में वृन्दावन जैसा ही अनुभव मिले इसके लिए सत्संग भवन में जोरदार तैयारियां की जा रही है।

# वेलेंटाइन डे पर एक युवती ने बाबा श्याम से मांगा अपना प्यार

## मंदिर में दर्शनों के लिए भक्तों की रही भीड़, बाबा का फूलों से किया विशेष श्रृंगार

## चिट्ठी में लिखा - "उसे खोना नहीं चाहती, मेरी जिंदगी में वापस भेज दो", अधूरा प्यार पाने के लिए युवती ने लिखी चिट्ठी, लिखा - बाबा जिससे मेरी मंगनी हुई उसी से हो शादी

सच मीडिया



**दांतारामगढ़ (लोकेश सैन)।** खाटूश्यामजी में शुक्रवार को वेलेंटाइन डे पर श्याम भक्तों की भीड़ उमड़ी नजर आई। प्रेमी जोड़ों के साथ-साथ बाबा के भक्त भी बाबा श्याम को गुलाब के फूल भेंट करने के लिए दरबार में पहुंचें। कई भक्त ऐसे भी हैं जो अपने अधूरे प्रेम को पाने के लिए प्रेम-पत्र लिखकर प्रेम पाने की कामनाएं की। गौरतलब है कि वेलेंटाइन डे खाटूश्यामजी में पहुंची एक युवती ने प्रेम-पत्र लिखकर अपना प्यार पाने की कामना की। आपकों बतां दे कि युवती ने पत्र में लिखा ''बाबा मैं रोहन को अपनी जिंदगी में वापस चाहती हूं। अगर वह मेरे लिए सही है तो उसको मेरी जिंदगी में वापस भेज देना। मैं चाहती हूं जिससे मेरी मंगनी हुई है उसी से मेरी शादी हो, मैं उसे खोना नहीं चाहती। पर बाबा उसे मैं समझ नहीं पा रही, शायद वह मुझे समझे। आप सब जानते हो न ठाकुर जी, सब कुछ ठीक कर दो और मेरी उससे शादी हो जाए। मंदिर में मिली इस चिट्ठी में प्रेमिका ने अपना नाम नहीं लिखा। युवती द्वारा खाटूश्याम के दरबार में कामना पूरी करने के लिए चढ़ाई गई चिट्ठी मंदिर के पुजारियों को मिली। इसके बाद से यह चिट्ठी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। वैलेंटाइन डे पर बाबा श्याम का मनमोहन श्रृंगार भी किया गया है। श्याम बाबा को पीले, लाल, नीले, नारंगी व गुलाबी सहित रंगदार व खुशबूदार फूलों से सजाया गया है। इसके अलावा हमेशा की तरह भी रत्न से जड़ा हुआ सोने का मुकुट बाबा श्याम को पहनाया गया है। वैलेंटाइन डे पर बाबा का किया श्रृंगार श्याम भक्तों को खूब पसंद आया।

# बिस्मिल के "उर्स नामें" का विमोचन

## हाजी बिस्मिल का उर्स 23 को, सजेगी महफ़िल

सच मीडिया



**सीकर।** मोहल्ला नारवान स्थित सूफी बिस्मिल चौक खलील शाह की दरगाह के पास 23 फरवरी को हजरत हाजी ख्वाजा सूफी शाह अब्दुल मजीद बिस्मिल कादरी का सालाना एक दिवसीय 24 वां उर्स मुबारक अकीदत के साथ मनाया जाएगा। शुक्रवार को खानकाहे बिस्मिल के सज्जादानशीन सूफी मोइनुद्दीन जिलानी ने उर्स नामें का विमोचन किया। इससे पहले दुआ हुई। उसके बाद सूफी मोइनुद्दीन जिलानी ने कार्यकर्ताओं व मुरीदों को जिम्मेदारी सौंपी । जिलानी ने बताया कि उर्स में जोधपुर, नागौर, भीलवाड़ा, कोटा, टोंक, जयपुर, झुंझुनू, चुरू आदि जिलों से मुरीदेन व जायरीन शिरकत करेंगे। जिलानी ने बताया कि 23 फरवरी को सुबह कुरान खानी, शाम को मजार पर चादर पेश की जाएगी, उसके बाद लंगर और रात को सलातो सलाम व महफ़िल ए कव्वाली होगी। उर्स में सीकर के मशहूर कव्वाल इक़बाल गुलाम हुसैन , हनीफ कादरी व जयपुर के टीमू गुलफाम अपना सूफियाना कलाम पेश करेंगे। विमोचन कार्यक्रम में अब्दुल रशीद मास्टर, अब्दुल जब्बार, इशाक नारू, इस्लामुद्दीन कादरी, रहीस खान, इक़बाल हुसैन, साजिद कादरी सहित अनेक मुरीदेन मौजूद रहे।

# पोसाना में शहीद स्मारक पर पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि



सच मीडिया

**उदयपुरवाटी/ सुमेर सिंह राव।** निकटवर्ती पोसाना गांव में शहीद स्मारक पर पुलवामा के आतंकी हमले में शहीद हुए सेना के जवानों को केंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई।खेल मैदान से केंडल जलाकर मार्च के साथ देश भक्ति के नारे लगाते हुए पहुंचे। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी आजाद सिंह के सानिध्य में पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। उन्होंने कहा कि देश रक्षा में आत्म बलिदान देने वाले सैन्य अफसरों-जवानो की शहादत का सम्मान करते हुए उनके बलिदान से राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए। सुबेदार नन्देव सिंह,कैप्टन विद्याधर सिंह,कोच सुनील मरोडिया ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कैप्टन विद्याधर स्वामी,सुबेदार नन्देव सिंह,अंकेश पोसाना,प्रधान खैरवा,राधेश्याम स्वामी,बजरंग नेहरा,गणेश ढेवा,चन्दगीराम महला,सुरेश चतरावला,सोहन बोयल,प्रमोद बोयल,रमेश चुनवाल,मखन लाल,एयू फाउंडेशन के छात्र-छात्राएं सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मेहता हॉस्पिटल कोटपूतली बना जिले का प्रथम अत्याधुनिक अस्पताल

सच मीडिया



**नीमकाथाना ।** कोटपूतली बहरोड़ जिले के शक्ति विहार गेट के सामने स्थित मेहता हॉस्पिटल जिले का पहला अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल बन गया है। अस्पताल की डायरेक्टर डॉ. निधि यादव ने बताया कि महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए एसएमएस अस्पताल जयपुर की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मीन गन्धा लूनिवाल ने अपनी सेवाएं देना शुरू कर दिया हैं। अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी, सिजेरियन डिलीवरी, बिना दर्द के प्रसव, दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी का इलाज, निसंतानता उपचार, सफेद पानी की समस्या का समाधान एवं परिवार नियोजन से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही डॉ. अशोक कुमार यादव (नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ) द्वारा अस्थमा, एलर्जी, निमोनिया, जन्मजात हृदय रोग एवं मिर्गी जैसी बीमारियों का इलाज किया जा रहा है। डॉ. दिलीप यादव (एमडी) नाक, कान, गला संबंधी बीमारियों का इलाज कर रहे हैं, वहीं डॉ. उज्जवल सिंह वाक एवं श्रवण रोग और डॉ. अनिल यादव मानसिक रोग एवं नशा मुक्ति उपचार में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से डॉ. दिलीप यादव मरीजों को निशुल्क परामर्श एवं उपचार उपलब्ध करा रहे हैं। इन आधुनिक एवं विस्तृत सेवाओं के चलते मेहता हॉस्पिटल कोटपूतली का पहला अत्याधुनिक चिकित्सा केंद्र बन गया है, जो रोगियों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है।

# सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने चिड़ावा में आयोजित ब्लॉक समीक्षा बैठक में योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

## बैठक में टीबी मुक्त पंचायत अभियान की समीक्षा गई

सच मीडिया



**झुंझुनूं ।** सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर शुक्रवार को चिड़ावा में आयोजित ब्लॉक समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा कर सुधार के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने बताया कि बैठक में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत' बनाने के एजेंडे पर चर्चा की गई। उन्होंने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए आवश्यक सभी छ इंडीकेटर्स की पालना सुनिश्चित करने के लिए दिए। सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने बताया अंडर ट्रीटमेंट टीबी मरीजों को निक्षय किट निक्षय मित्र के माध्यम से दिलवाने के निर्देश दिए। सीएमएचओ ने बैठक में मौजूद सभी सीएचसी,पीएचसी प्रभारियों एएनएम स्टॉफ को टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत अधिक से अधिक निक्षय मित्र बनाने उन्हें प्रेरित कर टीबी का ईलाज ले रहे लोगों को गोद देने व प्रोत्साहन देने के लिए प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया गया। मीटिंग में जिन संस्थाओं पर संस्थागत प्रसव कम हो रहे हैं उनके स्टॉफ को डिलीवरी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। बैठक में आरसीएचओ डॉ दयानंद सिंह ने टीकाकरण और एएनसी के गैप को शून्य करने, ऑनलाइन एंट्री पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। दयानंद सिंह ने बताया कि जल्द ही एडल्ट वैक्सीनेशन शुरू होने जा रही है अपने को प्लान के अनुसार कार्य करना है। एक भी डोज खराब नहीं करनी। बैठक में परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा की। सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने मुख्यमंत्री निशुल्क दवा और जांच योजना की समीक्षा कर दवा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आयुष्मान कार्ड वितरित और ई केवाई की समीक्षा की गई। उप जिला अस्पताल और सीएचसी स्तर मा योजना में अधिक से अधिक पैकेज बुक कर आमजन को लाभ देने के लिए निर्देशित किया गया। सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने ब्लॉक की सभी सीएचसी और एसडीएच पर उपलब्ध विषय विशेषज्ञ की आईडी मैप करवाकर दिव्यांग जनों को मेडिकल सर्टिफिकेट जारी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पीएमओ डॉ सुमनलता कटेवा, बीसीएमओ डॉ तेजपाल कटेवा, सभी सीएचसी पीएचसी प्रभारियों सहित ब्लॉक की एएनएम एलएचवी मौजूद रही।

# संभागीय आयुक्त आईएएस पूनम ने किया नवलगढ़ दौरा

## स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, सीएचसी समेत विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

## अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

सच मीडिया



**झुंझुनूं,/अरुण कुमार।** जयपुर संभागीय आयुक्त आईएएस पूनम ने शुक्रवार को नवलगढ़ में दौरा कर विभिन्न राजकीय कार्यालयों का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर रामावतार मीणा ने उनकी अगवानी करते हुए उन्हें विभिन्न योजनाओं की प्रगति और विकास कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। संभागीय आयुक्त ने जोहड़ की ढाणी स्थित राउप्रावि में निरीक्षण के दौरान स्कूली बच्चों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों से भी बात करते हुए व्यवस्थाओं के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने यहां मिड डे मील की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। इसके बाद संभागीय आयुक्त पूनम ने पबाना में सार्वजनिक भूमि पर पौधारोपण, जल संरक्षण एवं नर्सरी विकास के कार्यों को देखा। उन्होंने मुकुंदगढ़ सीएचसी का निरीक्षण किया और मरीजों से बातचीत की। यहां संभागीय आयुक्त ने संस्थागत प्रसव की संख्या में बढ़ोतरी के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने नवलगढ़ उपखंड कार्यालय का निरीक्षण किया, जहां एसडीएम जय सिंह एवं तहसीलदार महेंद्र सिंह रतनु से उन्होंने विभिन्न जानकारी ली। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक समेत विभिन्न ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### बच्चों को किया दुलारः

जोहड़ की ढाणी में ही स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पंजीकृत बच्चों से संवाद करते हुए उन्हें दुलार किया। यहां अन्नप्राशन व गोदभराई की रस्मों में भी उन्होंने हिस्सा लेते हुए महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला और महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक बिजेंद्र सिंह राठौड़ से विभिन्न जानकारी ली। इस दौरान बेटी जन्मोत्सव भी मनाया गया, जहां संभागीय आयुक्त ने बेटियों के साथ केक काटा और नव प्रसूताओं को बेबी किट व बधाई संदेश का वितरण किया। उन्होंने यहां पोषण वाटिका का भी निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया।

### कलाकारों को प्रोत्साहन के निर्देशः

संभागीय आयुक्त ने नवलगढ़ की पोद्दार हवेली के भित्ती चित्रों को भी अपने दौरे में देखा। यहां प्राचीन संस्कृति व धरोहर के संरक्षण की तारीफ करते हुए उन्होंने स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहन के भी निर्देश अधिकारियों को दिए।

# निशुल्क सिलाई केंद्र का सफल संचालनः महिलाओं को मिला रोजगार

सच मीडिया



**डाबला ।** डाबला क्षेत्र के पास स्थित ग्राम जीलों में रहने वाले भामाशाह महावीर शर्मा और आनंद शर्मा ने अपने गांव के लिए अनुकरणीय सेवा की है । वे विगत तीन वर्षों से राजस्थान सरकार द्वारा भामाशाह का अवार्ड प्राप्त कर रहे हैं । उन्होंने 2011 से अपनी माता तारा देवी के नाम से गांव की भलाई के लिए कई कार्य किए हैं। उनके द्वारा स्कूल में बच्चों के लिए एक कमरा, वाटर कूलर और कंप्यूटर लैब स्थापित किया गया है ।उन्होंने दो कंप्यूटर स्कूल को भी दिए हैं । और गांव में राहगीरों के लिए ठंडी प्याऊ बनवाई है । स्कूल के श्रेष्ठ विद्यार्थियों को हर वर्ष सम्मानित किया जा रहा है । उनके कार्य की एक लंबी लिस्ट है ,जो उन्होंने गांव और स्कूलों के लिए की है। उन्होंने वर्ष 2022 में महिला सशक्तिकरण हेतु सारा देवी महिला एवं बाल कल्याण चैरिटेबल सोसायटी ,ट्रस्ट बनवाया है । 2024 में उन्होंने निशुल्क रतन देवी सिलाई केंद्र शुरू किया है, जिसमें 10 सिंगर इंडिया की मशीन लगाकर ग्राम की बहुएं, बेटियों और बहनें प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है । उनका पूरा खर्च स्वयं वहन कर रहे हैं ,और अभी तक 30 बहुएं बेटियां और बहनें लाभान्वित हो रही है ।उनकी यह सेवा अनुकरणीय है ,और गांव के लिए एक मिसाल है । उनके इस कार्य को देखकर लगता है कि वह सच्चे भामाशाह है । और उनकी सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा । ग्राम जिलों के लोगों को महावीर शर्मा और आनंद शर्मा पर गर्व होना चाहिए7 क्योंकि वे अपने गांव के लिए इतना कुछ कर रहे हैं । उनकी सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा और यह एक मिसाल होगी, कि कैसे एक व्यक्ति अपने गांव के लिए कुछ कर सकता है ।

# विद्यालय में पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि देकर मनाया मातृ–पितृ पूजन दिवस

सच मीडिया



**सीकर ।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उजीन सिंह का नाडा बेरी में पुलवामा में शहीद हुए 40 अमर शहीदों को नमन करते हुए श्रृद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए सीएसडी कैंटीन के डिपों मैनेजर कैप्टन मुकेश कुमार ने कहा कि शहीदों ने अपने प्राणों की आहुति इस देश की सीमाओं को अक्षुण रखने में दे दी। उनकों नमन करना हमारा मौलिक कर्तव्य बनता है। विद्यालय में आज मातृ–पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय में अध्यनरत सभी विद्यार्थियों ने अपनी माता-पिता को बुलाकर माला पहनाकर मिठाई खिलाकर, आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में पूर्व रिटायर्ड आरएएस अधिकारी ईश्वर सिंह राठौड़ ने उपस्थित मातृशक्ति को उनके नौनिहालो को मोबाइल से दूर रहने की शपथ दिलाई । उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी में संस्कारों की कमी होती जा रही है और उसके लिए इस तरह के आयोजन बहुत जरूरी है। इस अवसर पर सरपंच संघ के अध्यक्ष और पिपराली सरपंच संतोष मूंड ने विद्यालय की व्यवस्थाओं को सराहना की ओर प्रत्येक विद्यालय को इससे प्रेरणा लेने की आवश्यकता बताई। इस पर इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय को 1100 रूपये पारितोषिक के रूप में प्रदान किये। इस अवसर पर कुंडली सरपंच प्रभु दयाल ओला ने भी विद्यालय को 1100 की सहायता विद्यार्थियों के लिए प्रदान की । कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर सरस्वती वंदना से की गई, इसके बाद अमर शहीदों को पुष्प अर्पित करते हुए उनकी कुर्बानी को याद किया। विद्यार्थियों, जन समुदाय ने भारत माता की जय, शहीद अमर ,रहे वंदे मातरम के नारों से विद्यालय को गुंजायमान किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक राज कमल जाखड़ ने विद्यालय की उपलब्धियां को जन समुदाय और जनप्रतिनिधियों के सामने रखा और विद्यालय की आवश्यकताओं से रूबरू कराया। इसके बाद मातृ पितृ पूजन दिवस पर स्थानीय विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकमल जाखड़ और इसी विद्यालय में कार्यरत उनकी धर्मपत्नी कल्पना देवी ने अपने माता-पिता मोहर सिंह जाखड़ और संतरा देवी को माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व आरएएस अधिकारी ईश्वर सिंह राठौड़, सरपंच संघ के अध्यक्ष और पिपराली सरपंच संतोष मुंड, कुंडली सरपंच प्रतिनिधि प्रभु दयाल ओला ,स्थानीय जनप्रतिनिधि बजरंग सिंह चौहान, सीएसडी कैंटीन के प्रबंध निदेशक कैप्टन मुकेश सिंह ,पूर्व प्रधानाचार्य मोहर सिंह जाखड़, स्थानीय ग्राम पंचायत के पीईईओ संतरा बुरडक, भोज्याना जोहड़ा के प्रधानाचार्य महेश कुमार मील, मूलचंद सैनी, प्रधानाध्यापक महेंद्र कुमार सेन, अंजू जाखड़ , अजय सिंह, मनजीत कुमार, किरण सैनी, रेखा सैनी, सुनीता मीणा ,सरोज कुमारी, सुशीला कंवर, संजू कंवर, रतन कंवर, विमला देवी, राजू, सुभीता देवी, मनोज कुमार, सजना देवी ,पवन कुमार भगवती देवी, सुमन कंवर रूप कंवर सलमा मैना देवी, सुभाष रणवां सहित विद्यालय स्टाफ और ग्रामवासी उपस्थित रहें ।

# केली में रात्रि चौपाल, विधायक एवं जिला कलक्टर रहे मौजूद

## 40 परिवादों को त्वरित निस्तारण

सच मीडिया




**चित्तौड़गढ़, ।** जिले के निम्बाहेड़ा पंचायत समिति के केली ग्राम पंचायत के विद्यालय प्रांगण में पूर्व मंत्री एवं निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचन्द कृपलानी एवं जिला कलक्टर आलोक रंजन की मौजूदगी में गुरुवार 13 फरवरी को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को अपने समस्याओं के समाधान का मौका मिला। चौपाल में 40 से अधिक परिवाद प्राप्त हुए। चौपाल के दौरान अतिक्रमण हटाने, मोक्षधाम के लिए भूमि दिलवाने, पट्टा दिलवाने, विद्यालय के खेल मैदान से 11 हजार केवी विद्युत लाइन हटाने, मंदिर हेतु भूमि दिलवाने, राशन की दुकान को समय पर खुलवाने और पेंशन से संबंधित 40 से अधिक परिवाद प्राप्त हुए। इन परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया गया और जिन मामलों में तुरंत समाधान संभव नहीं था, उनके लिए त्वरित कार्यवाही करते हुए जल्द निस्तारण के निर्देश दिए गए। रात्रि चौपाल में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, प्रधान बगदीराम धाकड़, उपखंड अधिकारी विकास पंचोली, तहसीलदार, विकास अधिकारी, सरपंच, जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### विधायक ने विकास प्रस्ताव भिजवाने के दिए निर्देश

चौपाल के दौरान विधायक श्रीचन्द कृपलानी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कहा कि विभाग द्वारा बनाई गई सड़कों पर पानी की निकासी के लिए नालियों का निर्माण भी सुनिश्चित किया जाए ताकि बारिश के पानी के कारण सड़कों पर जलभराव न हो। विधायक ने अस संबंध में नालियों के निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर लक्ष्मीनारायण गौशाला निर्माण, विद्यालय भवन और सामुदायिक भवन की चारदीवारी निर्माण से संबंधित प्रस्तावों को शीघ्र संबंधित अधिकारियों को भेजे जाने के निर्देश दिए ताकि इन कार्यों को जल्दी से जल्दी पूरा किया जा सके। विधायक कृपलानी ने जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए गए कि रठाजना क्षेत्र में पानी भरने की समस्या का समाधान करने के लिए एक एनीकट (नदी पर बांध) का प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजा जाए।

### जिला कलक्टर आलोक रंजन ने ग्रामीणों से किया संवाद

जिला कलक्टर आलोक रंजन ने चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों से जनसुनवाई की और उनकी समस्याओं को सुना। खाद्य सुरक्षा योजना के तहत राशन प्राप्त कर रहे 40 व्यक्तियों के नाम सूची से हटाने की जानकारी लेते हुए जिला कलक्टर ने पात्र व्यक्तियों से ई मित्र के माध्यम से नाम जोड़ने का कहा और इस प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के अधिकारियो को निर्देश दिए। जनुसनवाई के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी देते हुए योजना के तहत निर्मित आवासों की प्रगति की समीक्षा की।

### बोर्ड परीक्षा को लेकर कलक्टर ने विद्यार्थियों को दिए टिप्स

जिला कलक्टर आलोक रंजन ने बोर्ड परीक्षा को देखते हुए उपस्थित विद्यार्थियों को परीक्षाओं में सफलता के टिप्स दिए और उन्हें अच्छे अंक लाने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और तनाव रहित परीक्षा देने की सलाह और कहा कि अच्छे परिणाम के लिए नियमित अध्ययन और समय प्रबंधन को महत्ता दे।

# राजकीय महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षाएं 17 फरवरी से

सच मीडिया

**नावा शहर।** श्रीमती रुक्मिणी देवी रामदेव लढ़ा राजकीय महाविद्यालय नावा में बीएससी प्रथम सेमेस्टर व भाग तृतीया की प्रायोगिक परीक्षाएं 17 फरवरी से 28 फरवरी तक आयोजित की जाएगी प्राचार्य डॉक्टर वंदना चौधरी ने बताया कि मदस विश्वविद्यालय अजमेर प्रायोजित परीक्षा के निर्देशानुसार प्रायोगिक परीक्षा समय सारनियो महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चश्मा कर दी है। इसलिए सभी नियमित विद्यार्थी प्रायोगिक परीक्षा के लिए समय सारणी में निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व अपनी उपस्थिति देंगे। सभी नियमित विद्यार्थी परीक्षा प्रवेश पत्र परिचय पत्र व प्रयोग रिकॉर्ड के साथ जाएंगे।

# हेलीकॉप्टर से बरवाड़ा पहुँचे मुख्यमंत्री



## पूर्व विधायक के पुत्र की शादी कार्यक्रम में की शिरकत

सच मीडिया

**मानपुरा माचेड़ी(अनिल शर्मा)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को हेलीकॉप्टर से क्षेत्र गांव बरवाड़ा पहुँचे।हेलीकॉप्टर से मुख्यमंत्री के आने की सूचना पर बड़ी तादाद में लोग भी देखने पहुँचे।मुख्यमंत्री यहाँ हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद करीबन तीन किलोमीटर दूर प्रसिद्ध वीर हनुमान जी की खोल में पहुँचे।वे यहां चौमू के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा के पुत्र की शादी कार्यक्रम में शरीक होने आए थे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा यहां अपने निर्धारित कार्यक्रम से करीबन दो घंटे लेट पहुचे।बरवाड़ा गांव में हेलीपेड बनवाया गया।हेलीपेड के पास बड़ी संख्या में पुरुष व महिलाएं भी एकत्रित हो गई।करीबन शाम के 4 बजे मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से पहुचे।पूर्व विधायक रामलाल शर्मा,भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा,सहित कार्यकर्ताओ ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।यहाँ से मुख्यमंत्री का काफिला कार से हनुमान जी की खोल में जेडीए धर्मशाला पहुँचा।मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक रामलाल के पुत्र को शुभकामनाएं प्रेषित की।मुख्यमंत्री यहाँ करीबन 40 मिनट तक रुके ओर हेलीकॉप्टर से जयपुर के लिए रवाना हो गए।इस दौरान जयपुर ग्रामीण पुलिस चाक चौबंद रही।


# नगरपालिका की व्यवस्थाओं को लेकर प्रश्नचिन्ह,साधारण सभा को हुए कई महिनों गुजरें,अभी तक कोई कार्यवाही नही

सच मीडिया

**नावां शहर।** नावां नगरपालिका की दिनो दिन हालत खराब होती जा रही है। अधिकारियों की मनमर्जी के चलते शहर के विकास कार्य लगभग अवरूद्ध हो गए है। नगरपालिकाओ में विकास का मुख्य श्रोत साधारण सभी ही होती है। लेकिन लगभग कई महिनों बित गए है लेकिन अभी तक साधारण सभा की बैठक नही हुई है। इस बारे में काग्रेस के कई पार्षद एवं प्रतिपक्ष के नेता ने पत्र व्यवहार करते हुए भी साधारण सभा के आयोजन को लेकर जानकारी दी गई लेकिन उसका भी कोई असर नही हुआ है। साधारण सभा के आयोजन को लेकर पार्षद अभी पीडा,समस्या एवं विकास के मुद दों पर चर्चा करना चाहते है लेकिन अधिकारियों की हठधर्मिता के चलते बैठक नही ली जा रही है। बैठक को लेकर कई बार कानुन के दायरों पर चर्चा की गई लेकिन इसका भी कोई निर्णय नही निकला है। इस बारे में कई पार्षदों से वार्ता भी हुई लेकिन सब इतंजार कर रहे है कि बैठक ह ोनी चाहिए लेकिन बैठक नही हो रही है। भाजपा के कई पार्षदों ने बताया कि बैठक को लेकर हमें कोई जानकारी नही है। इसके अलावा कई काग्रेस के पार्षदों ने कहा कि हमने कोशिक की थी लेकिन कोई परिणाम नही निकला इसलिए हम भी शांत होकर बैठ गए है। नगरपालिका में साधारण सभा का नही होना व्यवस्थाओ को लेकर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। आखिर बैठक कब होगी इसका जबाब देने वाला ही कोई नही है।

# 55 वर्षीय प्रभु बाई को तुरंत मिली वृद्धावस्था पेंशन, प्रशासन का आभार जताया

सच मीडिया



**चित्तौड़गढ़,।** निम्बाहेड़ा की पंचायत समिति केली में आयोजित रात्रि चौपाल में 55 वर्षीय प्रभु बाई को वृद्धावस्था पेंशन का लाभ तुरंत प्रदान किया गया। प्रभु बाई ने चौपाल में अधिकारियों से अपनी समस्याएं साझा करते हुए बताया कि उनके पास जीवन यापन के लिए कोई स्थिर आमदनी का स्रोत नहीं है और वह पीहर में अपने भाई के साथ रहकर गुजर बसर करती हैं। प्रभु बाई की समस्या सुनते ही जिला कलक्टर ने तत्परता दिखाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए और उनके लिए वृद्धावस्था पेंशन का आवेदन प्रक्रिया को शीघ्र पूरा किया। परिणामस्वरूप, प्रभु बाई को तुरन्त पेंशन स्वीकृत कर दी गई। इसके बाद, प्रभु बाई ने जिला कलक्टर से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास की भी मांग की। जिला कलक्टर ने इस पर तत्परता दिखाते हुए ग्राम विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि वे प्रभु बाई के दस्तावेजों की जांच कर शीघ्र कार्यवाही करें, ताकि उन्हें जल्द ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल सके। पेंशन मिलने के बाद प्रभु बाई ने खुशी व्यक्त करते हुए केन्द्र और राज्य सरकार का आभार जताया। उन्होंने कहा, "यह पेंशन मेरे जीवन का एक बड़ा सहारा बनेगी और अब मुझे अपने जीवन यापन को लेकर चिंता नहीं होगी। मैं सरकार का दिल से धन्यवाद करती हूं।"रात्रि चैपाल में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, प्रधान बगदीराम धाकड़, उपखण्ड अधिकारी विकास पंचोली, तहसीलदार, विकास अधिकारी, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा, समाज कल्याण अधिकारी जितेन्द्र गढ़वाल, जल संसाधन के राज कुमार शर्मा, जिला रसद अधिकारी हितेश जोशी सहित चिकित्सा, उर्जा, कृषि विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, सरपंच, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थी।

# विभिन्न विकास कार्यों को लेकर मंडल अध्यक्ष ने दिया पत्र

सच मीडिया



**नावा शहर।** नावा भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष प्रकाश योगी ने राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल जी शर्मा से भेंट वार्ता कर शहर के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर जपत्र प्रस्तुत किया है । जिसमें उल्लेख किया गया है कि हॉस्पिटल बिल्डिंग में ट्रॉमा सेंटर ,महिला चिकित्सालय मदर एंड चाइल्ड केयर सेंटर खोला जाए । इसके अलावा ब्लॉक स्तरीय होम्योपैथिक चिकित्सालय खोलें ।कृषि उपज मंडी ,आधुनिक बस स्टैंड, पशु संवर्धन केंद्र, दर्शनीय स्थल नावा पांचोटा कुंड धाम ,पगलिया वाले बाबा धाम, जलेश्वर मंदिर , नाडा बालाजी, मंदिर स्टेशन नाडा बालाजी मंदिर इत्यादि स्थानों को पर्यटन स्थल की तर्ज पर विकास हो। आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना। सीवरेज लाइन, मिट्टी पानी जांच हेतु प्रयोगशाला खाटू श्याम से वाया रामगढ़ होते हुए सड़क निर्माण। झील के मध्य स्थित प्रमुख दर्शनीय स्थल मां शाकंभरी राजरानी मंदिर तक आवागमन के लिए सड़क व पुलिया निर्माण। एडीजे कोर्ट में पॉक्सो कोर्ट नावा में खुले। सोलर प्लांट की स्थापना हो। नगर पालिका क्षेत्र का दायरा बढ़ाते हुए पालिका सीमा से लगते नगर नजदीकी क्षेत्र को शामिल करते हुए पालिका को क्रमाणित किया जावे। नमक पैनोरमा ऐसा भवन तैयार हो जिससे नमक से संबंधित बहू प्रकार की प्रदर्शनी हो खालिदा निर्माण कार्य पुराने आयोडाइज्ड प्लांट बांसुरी बड़े प्लांट की जानकारी प्रदर्शित हो । नर्सिंग कॉलेज भवन निर्माण हो , उप परिवहन कार्यालय को जिला परिवहन कार्यालय में क्रमाणित करें। योगी ने बताया कि आगामी बजट में घोषणा करवरकर क्षेत्र वासियों को एक सौगात प्रदान करें ।

# बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम आयोजन

सच मीडिया




**चित्तौड़गढ़,।** बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत "राजस्थान मरू उडान' अभियान के तहत महिला अधिकारिता विभाग द्वारा बुधवार 12 फरवरी 2025 कों जिला स्तरीय विशेषज्ञ भ्रमण (e&posure visit) हेतु राजकीय उच्च माध्यमिक विद्याालय सैंती की बालिकाओं एवं विभाग के कार्मिक पर्यवेक्षक (म.अ.), ष्ठ॥श्वङ्ख, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत साथिनों के साथ विशेषज्ञ भ्रमण हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र, राजस्थान स्टेट सीड्स कोरर्पोशन लिमिटेड, बीज प्रयोगशाला, सीताफल उत्कृष्टता केन्द्र मे कृषि उत्पादों की नवीन तकनीकों की जानकारी हेतु विशेषज्ञ भ्रमण करवाया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र में श्रीमति दिपा राजोरिया के द्वारा अमरूद के पौधें में ग्राफ्टिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा उन्नत बीजों की खेती एवं कृषि की नवीन तकनीकों के बारे में बताया । उसके पश्चात् राजस्थान स्टेट सीड्स कोरर्पोशन लिमिटेड में डॉक्टर रामेश्वर लाल जाट ने बीजों की ग्रेडिंग की पूरी जानकारी मशीनो के माध्यम से बीजों की छंटनी की प्रक्रिया बालिकाओं को बतायी। कृषि अनुसंधान अधिकारी, बीज परीक्षण प्रयोगशाला में डॉ. सत्येन्द्र सिंह एवं डॉ. कुलदीप सिंह के द्वारा विभिन्न स्त्रोंतो से प्राप्त बीजों के परीक्षण एवं प्रयोगशाला में किसानों के माध्यक से प्राप्त बीजों की जॉच निशुल्क की जाती है एवं बीजों की मिलावट की जाँच की रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी दी । तत्पश्चात् उपनिदेशक उद्यान सीताफल उत्कृष्टता केन्द्र में नोविना शेखावत द्वारा सीताफल की अलग अलग किस्म एवं नर्सरी में पोधों की विभिन्न किस्मों का अवलोकन करवाकर उनके बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में सहायक निदेशक श्री राकेश कुमार तंवर महिला अधिकारिता विभाग चित्तौडगढ, श्रीमती चेताली जैन पर्यवेक्षक (म.अ.), समता भटनागर जिला समन्वयक, DHEW से रूचिका त्रिपाठी, नारायण कुमावत, पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केन्द्र सें सुश्री महक, नेहा शर्मा, रंजना डाड सहित लगभग 120 प्रतिभागी उपस्थित रहे।

# राजकीय चिकित्सालय छबड़ा में विधायक के प्रयासों से होरीबा कंपनी की जांच मशीन लाई गई

सच मीडिया

छबड़ा। राजकीय चिकित्सालय छबड़ा में विधायक प्रतापसिंह सिंघवी के प्रयासों से होरीबा कंपनी द्वारा एक नई जांच मशीन ( लागत लगभग 15 लाख रुपए) स्थापित की गई, जिसका लोकार्पण प्रदेश प्रतिनिधि हिम्मतसिंह सिंघवी के नेतृत्व में इस मशीन को लोकार्पण किया गया। इस बायोकेमेस्टी जांच मशीन से कई प्रकार की जांचों का फायदा मरीजों को निःशुल्क प्राप्त होगा। इस दौरान नगर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सुमन, सेमली मण्डल अध्यक्ष रामप्रसाद नागर एवं बापचा मण्डल अध्यक्ष हेमराज लोधा, जिला परिषद सदस्य फूलसिंह मीणा, पूर्व पालिका अध्यक्ष भंवरलाल वर्मा, जिला मंत्री राजेंद्र नामदेव, होरीबा कंपनी के राजेंद्र कुमार लोधा, कंपनी इंजीनियर विष्णुदत्त शर्मा, कांता प्रसाद, गौरव सेन, विकास तेजस्वी, रामप्रसाद चंदेल, अमित करतला, कमल यादव, महेंद्र ख़रारा आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# आदर्श विद्या मंदिर में मनाया गया मातृ पितृ दिवस

सच मीडिया



**नरैना(निस)।** कस्बे की आदर्श विद्या मंदिर में मातृ पितृ पूजन का कार्यक्रम बड़े धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में भैया, बहनों द्वारा अपने-अपने माता-पिता के पूजन का कार्य विधि पूर्वक किया गया । प्रधानाचार्य शंकर लाल गहनोलिया द्वारा भैया, बहनों को मातृ पितृ पूजन महत्व के बारे में जानकारी दी गई । भव्य रावल द्वारा मातृ पितृ पूजन गीत पर प्रस्तुति दी गई । कार्यक्रम में माया देवी, नीलम देवी, लक्ष्मी देवी,उर्मिला देवी, संगीता देवी, पूजा देवी, कल्पना देवी, बबीता देवी, रश्मि देवी, पुष्पा देवी, मैना देवी, तुलसी देवी,रेना देवी,पूजा देवी,नीतू,लोकेश भार्गव एवम समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# वन क्षेत्र में धधक उठीं आग की लपटें,क्षेत्रीय वन अधिकारी की सूझ-बूझ से बड़ा हादसा टला

सच मीडिया



**रावतसर।** स्थानीय वन विभाग के अधीनस्थ चक 5 सीएलडी वन क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई और धुआं निकलने लगा।देखते ही देखते झाड़ियां जलने लगीं ओर धधकती हुई आग की लपटें उठने लगी।अज्ञात कारणों से लगी आग तेज हवाओं के कारण विकराल होती गई और वन क्षेत्र के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया।तेज हवाओं के कारण वन अमले को आग बुझाने में भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।आग लगने से वन सम्पदा के नुकसान होने के साथ ही विचरण करने वाले कई मवेशी जीवों के रहवास भी प्रभावित होने की भी आशंका थी।क्योंकि यहां नीलगाय,हिरण और गौवंश जैसे कई वन्यजीव हर समय मौजूद रहते हैं। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ओर ग्रामीणों ने आग की लपटें और धुआं देखा तो तुरंत ही सूचना वन विभाग को दी।सूचना पर स्थिति की गंभीरता को समझते हुए रावतसर क्षेत्रीय वन अधिकारी सर्वजीत सिंह मय टीम तत्काल मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने का प्रयास किया।वन क्षेत्र की सूखी हुई झाड़ियां व मौसम में चल रही तेज हवाओं के कारण आग के फैलने का खतरा अधिक था।दमकल के नहीं पहुंच पाने के कारण इस खतरे को भांपते हुए क्षेत्रीय वन अधिकारी ने मय टीम स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। क्षेत्रीय वन अधिकारी की सूझ-बूझ व ग्रामीणों के सहयोग से परंपरागत तरीका अपनाते हुए न केवल आग को फैलने से रोका गया बल्कि लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर,फावड़ों,हरे पत्तों की झाड़ियों,पानी की बाल्टियां ओर मटकों से आग पर काबू पा लिया गया। क्षेत्रीय वन अधिकारी सर्वजीत सिंह की सतर्कता ओर त्वरित कार्रवाई से न केवल वन क्षेत्र के एक बड़े हिस्से को नुकसान होने से बचाया गया बल्कि एक बहुत बड़ी आपदा भी टल गई।यह घटना आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारी का बेहतर उदाहरण बन गई।

-उंचे रेतीले धोंरो के कारण नहीं पहुंच पाई दमकल

आग लगने की सूचना रावतसर नगर पालिका की दमकल को भी दी गई।दमकल मौके पर तो पहुंची लेकिन ऊंचे रेतीले धोरों के कारण आग लगने वाली जगह पर नहीं पहुंच पाई।

-25 हैक्टर वन भूमि में लगाए पौधे आगजनी से नष्ट

वन विभाग के इस क्षेत्र में विभाग द्वारा लगभग 50 हैक्टर में पौधे लगाए हुए थे।वन अधिकारी के मुताबिक लगभग 20 से 25 हैक्टर भूमि में लगाए गए पौधे आगजनी में नष्ट हो गए है।उन्होंने बताया कि आगजनी से वन्य जीवों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।

-वन विभाग की टीम में ये रहे शामिल

इस दौरान वनपाल योगेश,सहायक वनपाल सुशील,वन रक्षक प्रिंस बिश्नोई,वन रक्षक लोकेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बालोतरा पुलिस की लूट व अपहरण के मामले में त्वरित कार्यवाही

## चार अभियुक्त रमेश, भुराराम, मानाराम व जसाराम गिरफ्तार

सच मीडिया



गिड़ा/बालोतरा। हरी शंकर आईपीएस, पुलिस अधीक्षक जिला बालोतरा ने बताया कि दो युवकों व एक युवती के अपहरण व लूट की वारदात की सूचना को गंभीरता से लेते हुए दिए गए दिशा-निर्देशानुसार गोपालसिंह भाटी आरपीएस, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा एवं शिवनारायण चौधरी आरपीएस, वृताधिकारी बायतु के निकटतम सुपरविजन में अमराराम खोखर निपु. थानाधिकारी पचपदरा, विशाल कुमार उनि. थानाधिकारी गिड़ा व सुरेश सारण उनि. थानाधिकारी सिणधरी के नेतृत्व में गठित अलग-अलग पुलिस टीमों के बेहतर समन्वय, परम्परागत पुलिसिंग, तकनीकी व मुखबीरी तंत्र का उपयोग कर त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहृताओं को अपहरणकर्ताओं के चगुंल से छुड़ाकर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

### घटना विवरण

ज्ञात रहे कि प्रार्थी रमेशकुमार पुत्र महिपाल जाति जाट उम्र 21 साल निवासी सांईयो की ढाणी परेऊ, पुलिस थाना गिड़ा, जिला बालोतरा ने उपस्थित थाना होकर एक रिपोर्ट पेश की कि मैं व मांगीलाल दुकान का सामान लेने के लिए मेरी स्कार्पियो गाड़ी नम्बर आरजे 39 युबी 2315 लेकर बालोतरा जा रहे थे। बीच में पाटोदी से हमारी परिचित महिला हमारे साथ गाड़ी में चढी तथा हम नागाणाराय होटल के सामने पहुंचे तो वहां पर गौतम वगैरा करीबन 8-10 लोगों ने मेरी गाड़ी के आड़े एक पिकअप व एक बोलेरो गाड़ी देकर रूकवाकर हमारा अपहरण कर आगे कालुड़ी ले जाकर मारपीट की, फिर सिणधरी हल्का सारणों का तला गांव में आरोपी रमेशकुमार के घर पर बंधक बनाकर हमारे साथ मारपीट की व मांगीलाल ने अंगुठी, नकद रूपये व गाड़ी की चाबी वगैरा लूट कर ले ली। वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर तफतीश शुरू की गई।

### कार्यवाही पुलिस

नागाणाराय होटल के पास दो युवकों व एक युवती का अपहरण कर स्कोर्पियो लूटने की सूचना को पुलिस अधीक्षक महोदय बालोतरा द्वारा गंभीरता से लेते हुए दिए गए निर्देशानुसार गठित अलग-अलग पुलिस टीमों के बेहतर समन्वय, परम्परागत पुलिसिंग, तकनिकी व मुखबीरी तंत्र के आधार पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहृताओं को सरहद होण्डू पुलिस थाना सिणधरी से अपहरणकर्त्ताओं के चंगुल से छुड़ाने में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। पुलिस टीमों की त्वरित कार्यवाही से एक बड़ी अनहोनी टल गई। इस दौरान पुलिस टीमों ने चार अभियुक्तों भुराराम, रमेश,मानाराम व जसराज को भी दस्तयाब कर लिया। दस्तयाबसुदा भुराराम, रमेश, मानाराम व जसराज से घटना के संबंध में पूछताछ कर प्रकरण में नियमानुसार गिरफ्तार किये गये। प्रकरण की घटना में प्रयुक्त वाहन, लूटी गई अंगुठी, नकद रूपये वगैरा की बरामदगी के प्रयास तथा अन्य शरीक मुलजिमानों की तलाश-पतारसी जारी है।

### गिरफ्तार अभियुक्त

रमेश पुत्र भुराराम उम्र 25 साल जाति जाट निवासी सारणों का तला, होडू पुलिस थाना सिणधरी जिला बालोतरा,

भुराराम पुत्र नगाराम उम्र 52 साल जाति जाट निवासी सारणों का तला, होडू पुलिस थाना सिणधरी जिला बालोतरा,

मानाराम पुत्र ईश्राराम उम्र 30 साल जाति जाट निवासी सारणों का तला, होडू पुलिस थाना सिणधरी जिला बालोतरा,

जसाराम पुत्र ईशराराम उम्र 28 साल जाति जाट निवासी सारणों का तला, होडू पुलिस थाना सिणधरी जिला बालोतरा।

### पुलिस टीम

अमराराम खोखर निपु. थानाधिकारी पुलिस थाना पचपदरा मय टीम

सुरेश सारण उनि. थानाधिकारी पुलिस थाना सिणधरी मय टीम

भंवरलाल उनि. थानाधिकारी पुलिस थाना बायतू मय टीम

मोहनलाल कानि. डीसीआरबी बालोतरा। (विशेष भूमिका)रही।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने किया बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का निरीक्षण



सच मीडिया

**धौलपुर ब्यूरो चीफ युसूफ खान ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सचिव रेखा यादव द्वारा राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह धौलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संप्रेषण गृह के सभी बालकों से रूबरू होकर गृह में बच्चों के भोजन, आवास, चिकित्सीय व्यवस्था, रसोई घर, शौचालय, स्नान गृह इत्यादि सुविधाओं का जायजा लिया तथा शिशु गृह के बच्चों के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा संप्रेषण गृह में रजाई, गद्दे कंबल एवं कमरों व टंकियों की साफ सफाई एवं बच्चों को पढ़ने की किताबें उपलब्ध कराने के आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड धौलपुर नीतू, क.स. संप्रेषण गृह धौलपुर संजय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर के आशुलिपिक राहुल डंडोतिया मौजूद रहे।

# जे एस न्यू मॉडर्न सैकंडरी स्कूल बाड़ी में मातृ सम्मेलन का आयोजन

सच मीडिया

**धौलपुर/बाड़ी/जुबैर पठान ।** बाड़ी कस्बे के जे एस न्यू मॉडर्न सैकंडरी स्कूल बाड़ी में मातृ पितृ दिवस के उपलक्ष्य में मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नगरपालिका चेयरमैन कमलेश देवी, ब्रह्मकुमारी आश्रम से बहन अंबिका रही। एवं अतिथि अंजनी पाराशर जिला संयोजक हिंदू जागरण मंच धौलपुर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अग्रवाल महिला मंडल सरोज देवी ने की कार्यक्रम में विद्यालय संचालक मुकेश शर्मा ने अतिथियों का परिचय करा स्वागत सम्मान किया गया । सम्मेलन के दौरान संस्था प्रधान सौदान सिंह ने विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्त भागीरथ ने नारी शक्ति को राष्ट्र शक्ति में अमूल्य योगदान वाली बताते हुए नारी शशक्तिकरण पर बल दिया ।कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि नगरपालिका चेयरमैन कमलेश देवी ने महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन गौरव सर के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओ द्वारा विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई । अंत में पुरस्कार वितरण के साथ विद्यालय संचालक मुकेश ने सभी अतिथियों और अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया । इस मौके पर समस्त महिला अभिभावक, छात्र छात्रा विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा ।




# भारत की छवि धूमिल करने का अभियान चला रहा है कांग्रेस का परितंत्र :विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी

सच मीडिया

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्रांस एवं संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा के संबंध में कांग्रेस नेताओं एवं उनके समर्थित समूहों द्वारा चलाए जा रहे दुष्प्रचार अभियान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस परितंत्र मिथ्या एवं भ्रामक प्रचार अभियान चलाकर भारत विरोधी शक्तियों के आशयों को आगे बढ़ा रहा है। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक स्तर पर एक प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में उभरकर आया है। फ्रांस और संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ भारत की रक्षा, परमाणु ऊर्जा, आधुनिक एवं जटिल तकनीक, द्विपक्षीय व्यापार और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। ये सफलताएँ भारत की रणनीतिक स्थिति को मजबूत करती हैं और देश की आर्थिक व तकनीकी उन्नति में सहायक हैं। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कांग्रेस के दुष्प्रचार को देश के विकास विरोधी करार देते हुए कहा कि ऐसे मिथ्या अभियानों से भारत की प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। यह न केवल देश के हितों के विरुद्ध है, बल्कि भारत की प्रगति और विकास को कमजोर करने का एक सुनियोजित षड्यंत्र भी है। कांग्रेस और उसके सहयोगी समूहों को राष्ट्रहित से ऊपर अपनी संकीर्ण राजनीति नहीं रखनी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीतिक सफलताएँ भारत को एक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर रही हैं, और इस पर हर भारतीय को गर्व होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है और ऐसे नकारात्मक प्रयासों से देश की प्रगति को रोका नहीं जा सकता।



# श्री साँवलियाजी मन्दिर में पुराने समय से श्रद्धालुओं द्वारा चढाई गई अफीम का निस्तारण

सच मीडिया

**चित्तौड़गढ़ ।** मेवाड़ का प्रसिद्ध कृष्ण धाम श्री साँवलियाजी मन्दिर मण्डफिया वैश्विक आस्था का केन्द्र है। मन्दिर में अत्यधिक संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तजन भगवान श्री साँवलिया सेठ के दर्शनार्थ आते है तथा स्वेच्छा से दान राशि चढ़ाते है। साथ ही आस-पास के क्षेत्र के काश्तकार गोपनीय रूप से भगवान श्री साँवलिया सेठ को दान के रूप में अपनी फसल की हिस्सा राशि नकद अथवा सामग्री के रूप में अर्पित करते है। इसी क्रम में अफीम सदृश्य पदार्थ भी श्रद्धालुओं द्वारा भण्डार में डाला जाता है। इस पदार्थ के निस्तारण हेतु मन्दिर मण्डल द्वारा विगत वर्षों से नारकोटिक्स विभाग से पत्राचार किया जा रहा था। पूर्व में मन्दिर मण्डल के द्वारा निवेदन कर 1993 में चढ़ाये में प्राप्त अफीम सदृश्य पदार्थ का निस्तारण कर नारकोटिक्स विभाग को सुपूर्द की गई थी। हाल ही में सीईओ मन्दिर मण्डल द्वारा उक्त विषयक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुनः 1993 से मंदिर के स्ट्रांग रूम में संग्रहित कृषि उपज के निस्तारण हेतु नारकोटिक्स विभाग को पत्र लिखा गया एवं दूरभाष से भी सम्पर्क कर निवेदन किया। मन्दिर मण्डल के निवेदन पर 13 फ़रवरी को मन्दिर गण्डल के सदस्यों, अध्यक्ष एवं सीईओ मन्दिर मण्डल की उपस्थिति में मन्दिर के स्ट्रॉग रूम में संग्रहित कृषि उपज/अफीम को विधि अनुसार पारदर्शी तरीके से तुलवाया जाकर नियमानुसार नारकोटिक्स विभाग को सुपुर्दगी की गई। जिसका प्रयोग जीवनरक्षक दवाओं हेतु किया जा सकेगा। भविष्य में उक्तानुसार प्राप्त अफीम सदृश्य पदार्थ के निस्तारण हेतु नारकोटिक्स विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य योजना बनाई जा रही है जिससे समयबद्ध निस्तारण हो सके। इस हेतु समाचार पत्रों में भी व्यापक प्रचार-प्रसार एवं मन्दिर में सहज दृश्य स्थलों पर बैनर, फ्लेक्स इत्यादि लगाये जाकर आमजन श्रद्धालुओं को जागरूक करने के प्रयास भी मन्दिर मण्डल द्वारा किये जा रहे है।

# जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने पुलिस अधिकारियों की ली क्राइम मीटिंग

## धौलपुर जिले में अपराध नियंत्रण सहित अन्य मामलों में दिये आवश्यक दिशा निर्देश

सच मीडिया

**धौलपुर ब्यूरो चीफ युसूफ खान ।** जिले में अपराधों पर अंकुश लगाने एवं जिले में कानून व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ करने के लिए पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने कलेक्ट्रेट के सभागार कक्ष में क्राइम मीटिंग कर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए शनिवार को पुलिस अधीक्षक ने क्राइम मीटिंग के दौरान जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की एवं वृत्ताधिकारियो व थानाधिकारीगण को सरकारी कर्मचारियों पर हमले के मामलों का रिव्यू कर सख्त कार्यवाही करने थाना स्तर पर नये हिस्ट्रीशीटर चिन्हित करने पुलिस मुख्यालय के अभियानों में और



अधिक गति लाने यातायात नियमों की कडाई से पालना सुनिश्चित कराने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं धरपकड़ के लिए कार्यवाही करने आरोपियों के फिंगर प्रिंट लेना सुनिश्चित करने बजरी माफियाओं में से राजपाशा की कार्यवाही के लिए चिन्हित करने आनलाईन केस डायरी अपडेट रखने पिछले 45 दिनों में थाना स्तर पर की गई कार्यवाहियों का रिव्यू किया गया थाना स्तर पर परिवादियो को संवेदनशीलता से सुनने एवं उनकी समस्या का उचित निराकरण करने सडक दुर्घटनाओं की आईआरएडी में एंट्री करने आदि के निर्देश दिए गए इसके साथ ही पोक्सो सहित महिलाओं के साथ होने वाले अन्य गंभीर श्रेणी के अपराधों की समीक्षा कर उनकी वर्तमान स्थिति की जानकारी लेते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए इसके साथ भी उन्होंने जिले में अवैध हथियार अवैध शराब नशीले पदार्थों के कारोबार तथा अवैध कार्यों को करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। हत्या के प्रयास व फायरिंग के मामलों की समीक्षा कर वांछित चल रहे आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए है। पुलिस अधीक्षक द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देने के साथ-साथ अन्य लंबित मामलों पर कार्रवाई और तेज करने वांछित इनामी एवं अन्य अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये है। प्रतिबंधित चम्बल बजरी की रोकथाम एवं धरपकड़ के लिए कडाई से कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही थाना स्तर पर पुलिसकर्मियों के लिए उपलब्ध कराई गई खेल सामग्री के सम्बन्ध में चर्चा की गई। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मनोज शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाडी कमल कुमार जांगिड वृत्ताधिकारी वृत्त धौलपुर मुनेश मीणा वृत्ताधिकारी वृत्त ग्रामीण धौलपुर अनूप सिंह वृत्ताधिकारी वृत्त बाडी महेंद्र सिंह वृत्ताधिकारी वृत्त सरमथुरा नरेन्द्र मीणा सहित सभी थानों के थानाधिकारीगण उपस्थित रहें।

# पुलवामा त्रासदी की बरसी पर जिला कलक्टर पहुंचे शहीद भागीरथ सिंह के घर शहादत को किया नमन

सच मीडिया

**धौलपुर ब्यूरो चीफ युसूफ खान ।** पुलवामा हमले की बरसी पर जिले के वीर सपूत शहीद भागीरथ सिंह की शहादत को नमन करने के लिए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी. उनके घर पहुंचे इस अवसर पर उन्होंने शहीद के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना प्रकट की और उनकी वीरता को अमूल्य बताया जिला कलक्टर ने शहीद की



वीरांगना व परिवारजनों को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनके साथ हर कदम पर खड़ा है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सपूतों का कर्ज कभी नहीं चुकाया जा सकता, लेकिन उनके सम्मान को बनाए रखने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास करता रहेगा इस दौरान उन्होंने बताया कि शहीदों की स्मृति को अटल बनाने हेतु सरकारी इमारतों और सार्वजनिक स्थानों का नामकरण उनके नाम पर किया जाता रहा है। यह न केवल शहीदों के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करता है कि वे अपने देश और समाज के लिए निःस्वार्थ सेवा के लिए तत्पर रहें। शहीद भागीरथ सिंह के घर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिजनों को ढांढस बंधाया। पूरा माहौल देशभक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत था।

# तृतीय एक दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन




सच मीडिया

**भादसोड़ा।** स्थानीय श्री सांवलिया जी राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में रा.से.यो. के स्वयंसेवको ने महाविद्यालय के संकाय कक्ष प्रयोगशालाओ तथा बरामदो एवं परिसर की साफ सफाई की तथा प्लास्टिक की वस्तुओ को एकत्रित कर निस्तारण किया । इस दौरान सभी स्वयं सेवको को नशा मुक्ति की शपथ दिलवायी गयी । महाविद्यालय के कार्य. प्राचार्य रोहिन कुमार परेवा ने स्वयंसेवकों को परोपकार की भावना अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया । रा.से . यो. के प्रभारी पुनीत गौतम ने स्वयं सेवको को स्वस्चता की भवना अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया । इस अवसर पर महाविद्यालय संकाय सदस्य एवं स्टाफ उपस्थित रहे ।

# प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत 08 मार्च 2025 को होगी आयोजित

## सचिव रेखा यादव ने राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैंक अधिकारीगण के साथ बैठक का किया आयोजन

सच मीडिया

**धौलपुर /ब्यूरो चीफ युसूफ खान ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अध्यक्ष सतीश चंद के निर्देशानुसार 8 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिये जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सचिव रेखा यादव की




अध्यक्षता में एडीआर परिसर में धौलपुर मुख्यालय के समस्त बैंक अधिकारीगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उपस्थित बैंक अधिकारियों से राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर विचार विमर्श किया गया तथा उपस्थित बैंक अधिकारियों को 8 मार्च को आयोजित होने वाली प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-काउंसलिंग नोटिसों की तामील राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के चिन्हित किये जाने प्रचार-प्रसार तथा अधिक से अधिक प्रकरण चिन्हित कर निस्तारण के लिए प्रेरित किया गया एवं अन्य आवश्यक बिन्दुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया बैठक में धौलपुर मुख्यालय के बैंक अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# खान एवं भू विज्ञान विभाग के निदेशक से भेंट कर बधाई दी



सच मीडिया

**राजसमंद / उदयगोपाल बड़ारिया ।** खान एवं भू विज्ञान विभाग के नव नियुक्त निदेशक दीपक तंवर के कार्यभार संभालने पर व्यवसायियों के प्रतिनिधिमंडल ने उदयपुर स्थित खान भवन में भेंट कर नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी । इस दौरान व्यवसायियों ने खनिज व्यवसाय की चुनौतियों एवं समाधान पर विस्तृत चर्चा की इस दौरान जिला मिनरल्स माइंस वेलफेयर संस्थान के अध्यक्ष नानालाल सार्दुल , जिला मार्बल कटर एसोसिएशन अध्यक्ष नानालाल सिंघल,किसान ग्रुप के निदेशक देवीलाल सिंघल ,युवा व्यवसायी जगदीश कैलाशनगर सहित अनेक व्यवसायी मौजूद रहे।

# भादसोडा स्वास्थकेंद्र पर कम्प्यूटरकर्मी की दादागिरी

सच मीडिया

**भादसोडा ।** स्थित समुदायिक स्वास्थ केंद्र पर कार्यरत कम्प्यूटर ऑपरेटर / संविदाकर्मी की कार्यशेली के कारण यह स्वास्थ केंद्र आये दिन चर्चा में रहता है। विगत एक माह में ही यहाँ घटित मामलो में से एक थाने तक पहुचा है तो एक मामला हाल ही में जिला कलेक्टर तक पहुचा है। आखिर इस स्वास्थ केंद्र के मुखिया डॉक्टर साहब की भी ऐसी क्या मज़बूरी है जो वे चुप्पी धारण किये हुए है और उनकी चुप्पी से इन कार्मिको के हौसले बुलंद है।ऐलर्जी की असहनीय पीड़ा के गत 11




जनवरी रात्रि को कस्बे के ही ओमप्रकाश जाट स्वास्थ केंद्र पहुचे। पहले से ही एलेर्जी से असहनीय पीड़ा झेल रहे उक्त व्यक्ति ने जब कैंपस में ही निवासरत डॉक्टर को दिखाने की इच्छा जाहिर की तो वहा मौजूद कम्प्यूटर ऑपरेटर मुर्तज़ा अली ने उक्त रोगी के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए धक्का देकर बाहर निकाल दिया। उक्त रोगी द्वारा बाद में इसकी शिकायत जिला कलेक्टर तथा मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ अधिकारी को भी लिखित में की गयी है।गत 23 जनवरी को भी पॉइसन के एक मामले के दौरान इस मामले को कवरेज कर रहे एक पत्रकार के साथ इसी स्वास्थ केंद्र पर कार्यरत एक संविदाकर्मी ने हाथापायी की थी। यह मामला भी थाने तक पहुंचा था।सबसे बड़ी सोचनीय बात ये है कि इस तरह के मामले इसी समुदायिक स्वास्थ केंद्र के मुखिया डॉक्टर साहब तक भी पहुंचते है लेकिन उनके द्वारा ऐसे मामलो में कोई सख्ती या कोई विशेष दिशा निर्देश जारी नही करने से ऐसे कर्मियों के हौसले बुलंद होते जा रहे है। कई लोगो को अब ऐसा लगने लगा हैं जैसे यहाँ कार्मिक नही बल्कि बाहुबली कार्यरत है। आखिर डॉक्टर साहब की ऐसी क्या मज़बूरी है जो वे ऐसे मामलो पर चुप्पी धारण किये हुए है। डॉक्टर साहब की चुप्पी का खामियाजा समुदायिक स्वास्थ केंद्र की साख पर पड़ रहा हैं।

# अमर शहीद नारायण लाल गुर्जर की प्रतिमा का अनावरण आज़

सच मीडिया

**राजसमंद। उदयगोपाल बड़ारिया ।** छह साल पूर्व 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में देश के लिए शहादत देने वाले 40 सीआरपीएफ के जवानों में राजसमंद जिले के बिनोल निवासी क्रिप्टो हवलदार नारायण लाल गुर्जर भी शामिल थे। गुर्जर की छठी पुण्यतिथि के मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। अमर शहीद नारायण लाल गुर्जर की प्रतिमा का शनिवार को बिनोल गांव में अनावरण किया जाएगा। इस समारोह में प्रदेश की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद रहेंगे। शुक्रवार को शहीद नारायण लाल गुर्जर की वाहन रैली निकाली गई। शहीद के पुत्र मुकेश चन्द्र गुर्जर ने बताया कि वाहन रैली डीजे के देशभक्ति गीतों के साथ सियाणा से रवाना हुई। यह वाहन रैली केलवा, खटामला, दीयारी भागल, वासणी होते हुए बिनोल गांव तक पहुँची। रैली का जगह-जगह ग्रमीणों ने पुष्पवर्षा कर अमर शहीद नारायण लाल गुर्जर के नारे लगाए। जिससे माहौल देशभक्ति मय हो गया। वाहन रैली में युवा तिरंगा लिए हुए देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे थे। यह वाहन रैली उपवन के पास स्थिति शहीद स्मारक स्थल पर आकर समापन हुई। वाहन रैली में सरपंच रामलाल गुर्जर, वीरांगना मोहनी देवी, पुत्री हेमलता, चंपालाल गुर्जर, शहीद पुत्र मुकेश चंद्र गुर्जर, हजारी लाल गुर्जर, युवा टीम से पवन कुमार, रतनलाल, यशवंत कुमार, कमलेश, नारायण लाल मेवाड़ा, भरत गुर्जर आदि मौजूद थे।



# श्री द्वारकाधीश मंदिर में फाल्गुन मास के मनोरथ शुरू

सच मीडिया न्यूज नेटवर्क
sachmedia0001@gmail.com

## राल के दर्शनों में उमड़ा जन सेलाब

**राजसमंद/उदयगोपाल बड़ारिया ।** श्री द्वारकाधीश मंदिर में फाल्गुन मास के मनोरथ शुरू हो गए। शुक्रवार शाम को मंदिर के गोवर्धन चौक में राल के अलौकिक दर्शनों के लिए उमड़ा जनसैलाब। इस दौरान मंदिर में पैर धरने को जगह नहीं मिली। दर्शनार्थियों ने जहां जगह मिली वहीं खड़े होकर इन दर्शनों का आनंद लिया। पुष्टिमार्गीय तृतीयापीठ प्रन्यास के श्री द्वारकाधीश मंदिर कांकरोली में फाल्गुन कृष्ण पक्ष की दूज उत्सव श्री व्रजभूषण (पक्षी वाले दादा ) शुक्रवार को मंगला प्रातः6 बजे लगभग खुले। प्रभु द्वारिकाधीश राजभोग में सोने के बंगले में एवं निज मंदिर में बगीचा बनाकर प्रभु को पधराया गया। सोने के बंगले







के दर्शन राजभोग से भोग आरती तक रहता है। श्रृंगार में प्रभु के मस्तक पर केसरी नित्य कुल्है पांच चंद्रिका को सादा जोड़ श्वेत बसंती चकदार वागा वैसी सूथन, बसंती कटि को पटका,मिलमा आभरण वनमाला श्रृंगार जल खीनराव को फरगुल शाम को शयन राल की झांकी के दर्शन गोवर्धन चौक में स्थानीय एवं बाहर से पधारे दर्शनार्थियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा। इसके ठीक बाद में शयन के दर्शन खुल गये। शयन के दर्शनों का दर्शनार्थियों ने भरपुर आंनद लिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी, संपादक सुमेरसिंह चुण्डावत के लिए भण्डारी प्रिन्ट सिटी, 23-A, इंडस्ट्रियल एरिया, न्यू पावर हाउस के पीछे, नियर लघु भारती उद्योग, जोधपुर-342003 ( राज. ) से मुद्रित तथा मकान नम्बर -10, दूसरा स्ट्रीट, गुलाब नगर-सी, बी.जे.एस. कॉलोनी, जोधपुर-342006 ( राज. ) से प्रकाशित। संपादक-सुमेरसिंह चुण्डावत, मो. 7737275324 ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जोधपुर होगा। * पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। )

# सरकारी विद्यालय में मातृ पितृ पूजन दिवस का हुआ आयोजन, बच्चों ने माता-पिता का किया पूजन किया आर्शीवाद

सच मीडिया



**समदड़ी (बालोतरा)।** बालोतरा जिले के समदड़ी क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जेठन्तरी में बच्चों को भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक करने के क्रम में मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने माता-पिता का पूजन किया माता पिता ने बच्चो को आशीर्वाद दिया कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुशील कुमार शर्मा ने ज्ञान की देवी मां शारदा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद बच्चों ने ओम मुद्रा में बैठाकर ओमकार का गुणगान किया बच्चों ने पूजा की थाली सजा कर माता-पिता को तिलक लगाकर पुष्पमाला अर्पित की और उनका मुंह मीठा करते हुए पूजन किया माता-पिता ने बच्चों को हृदय से लगा कर आशीर्वाद दिया प्रधानाचार्य सुशील कुमार शर्मा ने कहा आज के इस प्रतिस्पर्धात्मक युग में सोशल मीडिया के अनावश्यक अधिकतम उपयोग के कारण विद्यार्थी संस्कारों को भूल रहे हैं और परिजन भी उन पर ध्यान नही दे पा रहे है इस उद्देश्य से विद्यालय में मातृ - पितृ दिवस पूजन कार्यक्रम रखा गया जिससे विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य, माता-पिता के प्रति आदर, सम्मान की भावना जागृत हो सके ताकि वह भविष्य में माता-पिता के आशीर्वाद से अपने जीवन में सफल हो सके अभिभावक राजेश भाटी ने कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता की सेवा और सम्मान करना चाहिए। उन्होंने माता-पिता से भी आग्रह किया कि अपने बच्चों को मोबाइल फोन कम दें उन्हें घर पर भारतीय संस्कृति के प्रति उन्हें ज्ञान दे वही बच्चो को कहा कि घर पर माता पिता को सुबह सबसे पहले प्रणाम करे उनका आर्शीवाद ले वही विद्यालय में गुरुजनों को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद ले यह कार्य प्रति दिन करे माता पिता का आशीर्वाद गुरुजनों के आशीर्वाद से आप उस मुकाम तक जो आपने पढ़ाई के साथ लक्ष्य हासिल करे जिससे माता पिता विद्यालय गांव का जिला का नाम रोशन हो शिक्षा के साथ संस्कृति के संस्कार होना बहुत जरूरी है इस दौरान विद्यालय के बच्चो के अभिभावक गणमान्य लोग विद्यालय स्टाप मौजूद रहे।

# कोटा मंडल ने ट्रेनों में चेन पुलिंग के विरुद्ध उठाये ठोस कदम




## जनवरी में 102 मामलें पकड़े, 47 हजार रूपए से अधिक जुर्माना वसूला

सच मीडिया

**कोटा।** मंडल में डीआरएम अनिल कालरा के मार्गदर्शन एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त ए नवीन कुमार के नेतृत्व में ट्रेनों में अनावश्यक रूप से चेन पुलिंग करने वाले यात्रियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। मंडल के रेलवे सुरक्षा बल ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे ट्रेन यात्रा के दौरान अलार्म चेन पुलिंग से बचें। इससे यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों के लिए समस्याएँ उत्पन्न होने के साथ रेल परिचालन में भी व?यवधान उत?पन?न होता है। अलार्म चेन पुलिंग की अवैध और असुरक्षित आदत के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ठोस कदम उठाये जा रहे है, ताकि सभी यात्रियों की यात्रा सुरक्षित और आरामदायक हो सके।

### अलार्म चेन पुलिंग के नकारात्मक प्रभावः-

• सुरक्षा पर खतराः- अलार्म चेन पुलिंग से ट्रेन की गति अचानक रुक जाती है, जो कि किसी दुर्घटना का कारण बन सकता है।
•यात्रियों के लिए असुविधाः- इससे ट्रेन का समय बाधित होता है, जिससे अन्य यात्रियों को देरी हो सकती है।
•आर्थिक नुकसानः- रेलवे को समय में विलंब और संचालन में रुकावट के कारण आर्थिक नुकसान होता है।

### आरपीएफ द्वारा ठोस कार्रवाईः-

•कानूनी कार्यवाहीः- दोषी व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा रही है, ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।
•उचित दंडः- भारतीय रेलवे के तहत ऐसे अपराधों को रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 141 के तहत दंडित किया जाएगा। इसके अंतर्गत, दोषी व्यक्ति को 01 साल तक की सजा, 1000 रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं।

रेलवे अधिनियम की धारा 141 के तहत कोटा मंडल में आरपीएफ द्वारा वर्ष 2024 में कुल 1,497 मामले दर्ज कर न्यायालय के माध्यम से 6.5 लाख रूपये का जुर्माना एवं जनवरी 2025 में 102 मामले दर्ज कर न्यायालय के माध्यम से 47,760 रूपये का जुर्माना वसूला गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने सभी यात्रियों से अनुरोध किया है कि वे ट्रेन यात्रा के दौरान केवल आपातकालीन स्थिति में ही अलार्म चेन का प्रयोग करें। इसका अनुचित उपयोग न केवल आपकी यात्रा, बल्कि अन्य यात्रियों की यात्रा को भी प्रभावित करता है। रेलवे के सुरक्षा प्रयासों में सहयोग करें और एक सुरक्षित यात्रा का हिस्सा बनें।

# सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ

सच मीडिया



**नाथद्वारा।** उपली ओडन स्थित श्रीनाथजी इंस्टीट्यूट ऑफ़ बायोटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा गोद ली हुई ग्राम पंचायत सलोदा में सात दिवसीय ग्राम विकास शिविर का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि समाजसेवी लोकेश सिंह उप सरपंच, देवी लाल गायरी पूर्व सरपंच, धीरज नागदा शारीरिक शिक्षक, पुरणमल भाट कलस्टर डेवलपमेंट अधिकारी व श्रीनाथ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक अशोक पारीख, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ दीप्ति भार्गव तथा ग्राम वासियों की मौजुदगी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उद्घाटन हुआ। प्रारंभ में प्राचार्या द्वारा अथितियों का उपरना ओढा व स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया। कॉर्डिनेटर व प्राचार्या ने एनएसएस इकाई से जुड़ने के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अशोक पारीख ने ग्राम वासियों से अनुरोध किया की अपने बच्चों को पढ़ाए, निरंतर प्रगति पर ध्यान रखे। पूर्व सरपंच देवीलाल गायरी द्वारा गत वर्ष में स्वयंसेवकों द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए उनसे हुए ग्राम के विकास से अवगत कराया । कार्यशाला के मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता धीरज नागदा शारीरिक शिक्षक खमनोर व पूरणमल भाट, कलस्टर डेवलपमेंट अधिकारी, गुलाब प्रोसेसिंग यूनिट, की उपस्थिति में योग विषय की जानकारी प्रदान करते हुए जीवन में योगा के महत्व पर वक्तव्य दिया और योग अभ्यास कराया गया। पूरणमल भाट द्वारा प्रथम दिन का विषय गुलाब के फूलों द्वारा बनने वाले उत्पादों के मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की प्रक्रिया को समझाते हुए बाजार में माँग के बारे अवगत कराया गया। जिसमें गुलाब जल, गुलाब शरबत, गुलकंद आदि की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की प्रक्रिया को समझाया गया। स्वयंसेवकों द्वारा गुलाब जल, शरबत और गुलकंद आदि के बनने और बाजार में इनके मूल्य तथा व्यापार को बढ़ाने के लिए उपयोगी जानकारी प्रदान दी। स्वयंसेवक द्वारा गुलाब प्रोससिंग यूनिट का भ्रमण किया। डॉ सौरभ कपूर ने संचालन किया।

# मातृ पिता पूजन दिवस मनाया

## पूजन के साथ पाती लिखकर दिया मतदान का संदेश

## सबसे बड़ी सेवा है मात पिता की सेवाः नागपाल

सच मीडिया



**श्री करनपुर (राम भरोसे शर्मा)।** संस्कारो की कड़ी में राज्य सरकार के निर्देशानुसार आज शुक्रवार को शाला में मातृ पिता पूजन दिवस विधि विधान से हर्षोल्लास से मनाया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया।प्रधानाध्यापक राज कुमार नागपाल द्वारा बताया कि पाश्चात्य संस्कृति में आज के दिन वेलेंटाइन डे के रूप में मनाते है जो हमारी संस्कृति का विशुद्ध रूप है और सबसे बड़ी सेवा मात पिता की सेवा है हमे आज का दिन अपने माता पिता का पूजन कर उनका आशीर्वाद लेकर मानना चाहिए क्योंकि हमारे लिए हमारे माता पिता जी इस धरा के सबसे बड़े देव है जैसे गणेश जी ने माता पिता की परिक्रमा करते हुए अपनी बुद्धिमता का परिचय दिया और देवों में अग्रणीय देव कहलाए। श्रवण कुमार ने माता को सेवा कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। हमे भी इनकी पूजा करनी चाहिए। बच्चो ने माता पिता के तिलक कर माला पहनाकर उनकी आरती की सभी अभिभावकों ने बच्चो को अपने बच्चो को निहारा, उनके तिलक कर माला पहनाकर उन्हें स्नेह पूर्ण आशीर्वाद दिया। मातृ पिता पूजन उपरांत बच्चो ने अभिभावकों के नाम पाती लिखी जिसमे अनिवार्य मतदान का संदेश दिया। स्वीप प्रभारी राज कुमार नागपाल ने केवाईसी, वीएचए, सी विजिल ऐप्स के बारे में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में अभिभावक हजूर सिंह,बाघ सिंह, गुरदीप सिंह,सुरजीत सिंह, सही राम,महेंद्र सिंह,अमनदीप कौर, सुखप्रीत कौर,गगन दीप कौर, सर्वजीत कौर, कलविंद्र कौर,उपस्थित हुए। शाला शिक्षक भागवाना राम,सुनील गावस्कर ने विचार व्यक्त किए।

# स्वच्छता की महक, बिजली की चमक बनी महाकुंभ की पहचान : एके शर्मा

सच मीडिया





**प्रयागराज।** नगर निगम विभाग के मंत्री एके शर्मा ने कहा कि, इस महाकुंभ ने हमारी अर्थव्यवस्था, तकनीकी और सांस्कृतिक विरासत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि, स्वच्छता की महक और बिजली की चमक इस महाकुंभ की पहचान बन गई। सफाई कर्मियों और हमारे बिजली विभाग के कर्मचारियों के योगदान की प्रशंसा करता हूं। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने माघी पूर्णिमा के स्नान के बाद बुधवार रात और फिर गुरुवार सुबह स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण किया। इसके बाद सिविल लाइन स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे और वहां दर्शन-पूजन किए। हनुमान मंदिर में दर्शन के बाद मंत्री एके शर्मा ने सफाई मित्रों को सम्मानित किया। महिला सफाई मित्रों को शॉल और पुरुषों को ट्रैक सूट भेंट किए। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि, इस बार का महाकुंभ आधुनिक भारत में हो रहा है। जल हो या थल हो, इसमें मानवीय प्रयासों के साथ ही मशीनों का भी बहुत उपयोग किया गया है। इनके परिणाम से पानी में इतनी स्वच्छता है कि देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के साथ ही विदेशों से आए लोगों ने भी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि, स्वच्छता कर्मी गंदगी उठाते हुए भी सितारों की तरह चमकते आसमान से दिखाई दिए हैं। उनको नमन करता हूं। साधु-संतों को बहुत संतोष है इस महाकुंभ के आयोजन से। स्वच्छता कर्मियों, बिजली कर्मियों की पुरुषार्थ का परिणाम है कि इतना अच्छा महाकुंभ हुआ। मंत्री एके शर्मा ने कहा कि, इसी तरह से हमने इस महाकुंभ में टेक्नोलॉजी का भरपूर उपयोग किया है। पेयजल की बर्बादी न हो, इसके लिए 250 जगहों पर वॉटर एटीएम भी लगाए हैं। जैसे ही आपका बर्तन भर जाता है, टोटी खुद बंद हो जाती है। पहले जैसे टंकियों के आसपास पानी भर जाता था। लोगों को उसके पास जाने का मन नहीं करता था। अब आपको वैसा दृश्य नहीं दिखेगा। फालतू पानी नहीं बहता। इस तरह की बारीक बातों पर ध्यान दिया गया है। जहां टोटी लगी है, वहां भी निकासी के लिए पर्याप्त ड्रेनेज की व्यवस्था है। पूरी दुनिया के लोग गरीब हों, अमीर हों, महिला-पुरुष, युवा या बुजुर्ग या फिर विपक्षी पार्टियों के लोग, उन्होंने भी प्रशंसा की है कि स्वच्छता की बहुत अच्छी व्यवस्था है। नगर विकास मंत्री ने कहा कि, प्रयाग की पावन धरती पर देश दुनिया के 48 करोड़ से ज्यादा लोग आए थे। माघी पूर्णिमा की ही बात करें तो 2 करोड़ 10 लाख लोगों के स्नान करने का अनुमान है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है अमेरिका, उसकी डेढ़ गुना आबादी हुई। उन्होंने कहा कि, ऐसी स्थिति में सफाई, शौचालय की बात करें तो इनकी व्यवस्था काफी महत्वपूर्ण हो जाती हे। मैं इससे जुड़े सभी सफाई कर्मियों का, अधिकारियों, कर्मचारियों और इससे जुड़े सभी लोगों का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने बहुत ही उत्कृष्ट कार्य किया है। इन लोगों ने भारत, उत्तर प्रदेश का सिर ऊंचा किया हे। इसी तरह बिजली विभाग ने भी ऐसा काम किया है कि लोगों ने ही तारीफ नहीं की, बल्कि सेटेलाइट के जरिए अंतरिक्षा से भी भव्य रूप दिखाई दिया है। उनको भी बधाई दूंगा। मंत्री शर्मा ने कहा कि, माघ महीने में प्रयाग के तीर्थराज की बहुत महिमा गाई गई है। शुरुआत से ही माघ में देव, नर, किन्नर सभी लोग आते है। अंत में यह भी कहा कि माघ मास पूर्ण होता है तो सभी देवता यहां से होकर जाते हैं। माघी पूर्णिमा के साथ तकनीकी रूप से कहा जाए तो माघ मास पूरा होता लेकिन अभी शिवरात्रि तक महाकुंभ चलेगा। सभी संतों का भी नमन करता हूं कि उनके हवन, पूजन से इतना पवित्र वातावरण बन सका। मंत्री एके शर्मा ने कहा कि, महाकुंभ में आए लोग स्वच्छता की एक छवि लेकर गए हैं। इसे बनाने के लिए नगर निगम और नगर विकास विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने बहुत मेहनत की है। इसे आगे भी बनाए रखना होगा। अब यही सबसे बड़ी चुनौती है कि प्रयागराज की यह छवि विश्वस्तरीय बनी रहे। नगर निगम आयुक्त चंद्रमोहन गर्ग ने कहा कि, सफाई मित्रों और सभी कर्मचारियों ने महाकुंभ के साथ शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत की है। इस सबके लिए हमारे स्वच्छता मित्र प्रशंसा और सम्मान के हकदार हैं। उनकी मेहनत ही है कि इतना सुंदर रूप इस महाकुंभ को हम दे सके, लेकिन अभी परीक्षा पूरी नहीं हुई है। नगर आयुक्त ने कहा कि, इस स्वच्छता को बनाए रखना अब सबसे बड़ा काम और चुनौती है। इसके लिए हमे लगातार प्रयास करते रहना होगा। इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त दीपेंद्र यादव, अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार राय, जोनल अधिकारी संजय ममगई सहित नगर निगम के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# नेशनल गेम्सः गुरुनिधान और हर्षवर्धन को कलारीपयट्टू में कांस्य

सच मीडिया

**जयपुर।** राजस्थान के गुरुनिधान सिंह र7ावत और हर्षवर्धन सिंह राठौड़ ने उत्तराखंड में सम्पन्न हुए 38वें नेशनल गेम्स के कलारीपयट्टू इवेंट में कांस्य पदक जीतने में सफलता हासिल की। कलारीपयट्टू की इस नेशनल गेम्स में प्रदर्शनी खेल के रूप में शामिल किया गया था। इसलिए राजस्थान के टोटल पदकों में इनके पदक को शामिल नहीं किया गया है। राजस्थान के कुल पदकों की संख्या 43 ही रहेगी। कलारीपयट्टू एक मार्शल आर्ट गेम है। गुरुनिधान ग्राम डाबला, जयपुर के रहने वाले हैं। गुरुनिधान ने बताया कि उन्हें यह पदक उनके कोच गुरु अशोक पारीक की मेहनत की वजह से प्राप्त हुआ है। गेम्स में सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (एसएससीबी) (68 गोल्ड, कुल 121 पदक) शीर्ष पर रहा। महाराष्ट्र 54 गोल्ड समेत 198 पदकों के साथ दूसरे और हरियाणा 48 गोल्ड समेत 153 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

# गंभीर और क्रॉनिक किडनी रोगियों के लिए महाकुम्भ बन रहा जीवनरक्षक

## योगी सरकार के निर्देश पर महाकुम्भ मेले में श्रद्धालुओं को मिल रही उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं

सच मीडिया



**प्रयागराज।** महाकुम्भ में जहां श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा रहे हैं, वहीं योगी सरकार ने उनकी स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बड़े कदम उठाए हैं। गंभीर और क्रॉनिक किडनी रोगियों के लिए यहां एसआरएन अस्पताल में अत्याधुनिक डायलिसिस सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यहां 10 डायलिसिस मशीनें चौबीसों घंटे कार्यरत हैं। जहां योगी सरकार के निर्देश पर महाकुम्भ के मेले में श्रद्धालुओं को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उच्च आणविक भार वाले टॉक्सिन्स को भी हटाने में सक्षम मशीनें यहां लगाई गई हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए काफी लाभदायक साबित हो रही हैं। यहां मल्टी ऑर्गन फेल्योर समेत शॉक, जलने, वाले मरीजों के लिए कन्टिन्यूअस रेनल रिप्लेसमेंट थेरेपीज (सीआरआरटी) की भी सुविधा मौजूद है। महाकुम्भ नगर में आने वाले श्रद्धालुओं के मद्देनजर एसआरएन अस्पताल में आधुनिक डायलिसिस यूनिट स्थापित की गई है। जिसके माध्यम से सामान्य तौर पर हर महीने 1,000 से अधिक डायलिसिस की जाती है। अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें उच्च आणविक भार वाले टॉक्सिन्स को भी हटाने में सक्षम हैं, जो सामान्य मशीनें नहीं कर पातीं। अस्पताल में कन्टिन्यूअस रेनल रिप्लेसमेंट थेरेपी मशीन भी उपलब्ध हैं। जो शॉक, जलने और मल्टी-ऑर्गन फेल्योर के मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित हो रही है। यह मशीन 7-10 दिनों तक लगातार कार्य कर सकती हैं। वहीं, महाकुम्भ में आने वाले मरीजों को निर्बाध डायलिसिस सुविधा देने के लिए अस्पताल में अस्थायी और स्थायी सेंट्रल वीनस कैथेटराइजेशन की सुविधा दी जा रही है। यहां 1000 लीटर प्रति घंटे क्षमता वाला आरओ वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया गया है। जो 99.9% शुद्ध पानी तैयार करता है। यह पानी बैक्टीरिया, वायरस और एंडोटॉक्सिन्स से मुक्त होता है। जिससे प्रत्येक डायलिसिस पूरी तरह सुरक्षित और प्रभावी बनता है।अस्पताल में हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी और एचआईवी संक्रमित मरीजों के लिए भी अलग से डायलिसिस सुविधा उपलब्ध कराई गई है। महाकुम्भ के मरीजों को यहां मिलने वाला उपचार कई बड़े निजी अस्पतालों में भी उपलब्ध नहीं है। नेफ्रोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. अरविंद गुप्ता ने कहा कि महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालु और स्थानीय मरीज बिना किसी रुकावट के डायलिसिस सेवा प्राप्त कर रहे हैं। मरीजों की देखरेख के लिए दो अन्य वरिष्ठ नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. संतोष मौर्य और डॉ. सौम्या गुप्ता की टीम लगातार मॉनिटरिंग के लिए तैनात हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में हमारा लक्ष्य सिर्फ इलाज ही नहीं, बल्कि मरीजों का जीवन बेहतर बनाना है।

# घोषणा पूरी होने का अब तक इंतजार:घोषणा थी; मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में सभी जांचें होंगी

सच मीडिया

**जयपुर।** प्रदेश की भाजपा सरकार का दूसरा बजट 19 फरवरी को आने वाला है, लेकिन जनता को पिछले बजट में मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध अस्पतालों और जिला अस्पतालों में सभी प्रकार की जांच की घोषणा पूरी होने का अब तक इंतजार है। हालात ये हैं कि राजधानी के अस्पतालों में ही सभी प्रकार की जांच नहीं होती। ऐसे में पूरा भार एसएमएस जैसे प्रमुख अस्पताल पर आ जाता है। स्थिति यह है कि बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल जेके लोन में भी कई प्रकार की जांच नहीं होती और बच्चों को एसएमएस भेजा जाता है। इसी प्रकार महिला, गणगौरी, जनाना, कांवटिया और जयपुरिया जैसे अस्पतालों में भी कई प्रकार की जांच नहीं होती। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि जिला अस्पतालों की स्थिति क्या होगी। हालांकि सरकार ने जांच प्रक्रिया को आउटसोर्स करने के लिए कोशिश की, लेकिन शर्तें ऐसी रखी कि कंपनियों ने हिस्सेदारी करने से ही मना कर दिया।

भूखंडो की आवंटन प्रक्रिया शुरू

# अटल विहार योजना के 284 भूखंडों की लॉटरी खुली, रिजल्ट के दौरान साइट क्रैश

सच मीडिया

**जयपुर।** जेडीए द्वारा चार साल बाद लॉन्च आवासीय योजनाओं में भूखंडों की आवंटन प्रक्रिया शुरू हो गई। तीन योजनाओं में से कालवाड़ रोड स्थित पहली अटल विहार योजना की ऑनलाइन लॉटरी शुक्रवार को निकाली गई।जेडीए नागरिक सेवा केन्द्र में यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा और जेडीए आयुक्त आनंदी ने बटन दबाकर लॉटरी का शुभारंभ किया। अलग-अलग कैटेगरी में 284 भूखंडों का आवंटन किया गया। इसमें ईडब्ल्यूएस (43), एलआईजी (99), एमआईजी 'ए' (11), 'बी' (96) और एचआईजी (35) के कुल 284 प्लॉट आवंटित करेगा। इसके लिए आरक्षित दर 14 हजार रु. निर्धारित की गई है। अब सफल आवेदकों के लिए अटल विहार योजना में शिविर लगाया जाएगा। दस्तावेजों की जांच के बाद जेडीए आवंटन पत्र देगा। मंत्री खर्रा ने कहा कि जेडीए रीजन में 3-4 नई योजनाओं और लाई जाएंगी।

### पटेल नगर योजना की 24 फरवरी को लॉटरी

रिंग रोड साउथ के पास स्थित गोविन्द विहार और पटेल नगर आवासीय योजना के लिए लॉटरी निकाली जाएगी। इनमें गोविंद विहार के लिए 20 फरवरी और पटेल नगर आवासीय योजना के लिए 24 फरवरी को लॉटरी निकलेगी। इधर, पहली आवासीय योजना की लॉटरी के बाद रिजल्ट देखने से जेडीए वेबसाइट से क्रैश हो गई।

# सनातन की ताकत और एकता का नया इतिहास करोड़ों महाकुम्भ में रचा गयाः देवेंद्र फडणवीस

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने लगाई आस्था की डुबकी

सच मीडिया



**प्रयागराज।** महाकुंभ आस्था, परंपरा और भक्ति की अद्वितीय त्रिवेणी महाकुम्भ में शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) एवं पश्चिम बंगाल, उड़ीसा एवं तेलंगाना के प्रभारी सुनील बंसल ने आस्था की डुबकी लगाई। तीर्थराज प्रयाग में आगमन पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रदेश सरकार की ओर से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन सुनील बंसल का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सपरिवार महाकुम्भ में सम्मिलित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 144 वर्ष बाद महाकुम्भ के दिव्य एवं अद्भुत योग में संगम स्नान करोड़ों सनातनियों के लिए गर्व की अनुभूति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भकी व्यवस्था दिव्य, भव्य ही नहीं बल्कि अद्वितीय है। जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार का हार्दिक आभार। सनातन की ताकत और एकता का नया इतिहास करोड़ों सनातनियों द्वारा महाकुम्भ में रचा गया है, जो गर्व का विषय है। आस्था के महाकुम्भ को देख कर पूरी दुनिया अचरज में है कि करोड़ों लोगों ने किस तरह त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन सुनील बंसल ने भगवती मां गंगा, मां यमुना एवं अदृश्य सरस्वती की पावन धारा में आस्था की डुबकी लगाकर लोक कल्याण की कामना की। संगम दर्शन किया। उन्होंने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। 50 करोड़ से अधिक लोग महाकुंभ में आकर संगम में डुबकी लगा चुके हैं, यह अपने आप में विश्व कीर्तिमान है। धर्म, संस्कृति और आध्यात्म के महासंगम का यह महोत्सव हमारी सांस्कृतिक धरोहर, एकता और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। जहां संस्कृतियों का संगम भी है, श्रद्धा और समरसता का समागम भी है।

# शहीदों की स्मृति में पुष्पांजली एवं मातृ पितृ दिवस पूजन का हुआ आयोजन

## राष्ट्र के लिए प्राणों का उत्सर्ग करने वाले ही प्राप्त करते है अमरत्व : एडीजे केदारनाथ

सच मीडिया




**प्रतापगढ़।** नीमच रोड़ स्थित एपीसी महाविद्यालय में शहीदों की स्मृति में पुष्पांजली एवं मातृ पितृ दिवस पूजन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्य डॉ. संजय गील ने बताया की महाविद्यालय में संचालित योजना मंच के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर जिला सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण केदारनाथ, ब्रहाम्कुमारीज़ मीना बहिन द्वारा माँ भारती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। शहीदों के नाम दो मिनिट मौन से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अपर जिला सत्र न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण केदारनाथ ने उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा की राष्ट्र की सेवा करते हुए स्वयं के प्राणों का बलिदान करने वाले कभी नहीं मरते अपितु वे हमेशा के लिए अमरत्व को प्राप्त कर लेते है। उन्होंने आतकवाद की संबंध में बोलते हुए कहाँ की आतंकवाद आज पुरे विश्व की असाध्य समस्या हो गयी है, जिससे विकसित राष्ट्र भी अछूते नहीं है। भारतीय उप महाद्वीप पर लोकप्रिय सरकार एवं समय समय पर आतंक निरोधी कानूनों से आतंकी घटनाओ पर नियन्त्रण हुआ है, किन्तु हर आम भारतीय का ये पुनीत कर्तव्य है की वे धर्म, जाति और विघटनकारी तत्वों से ऊपर राष्ट्रीय हितो को समझे तब ही एक विकसित और सुरक्षित राष्ट्र की निर्माण हो सकेगा। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारीज मीना दीदी ने मातृ पितृ दिवस पूजन कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि जीवन में स्नेह के अनेक रूप हो सकते हैं, किंतु माता पिता ही एकमात्र ईश्वर की द्वारा रचित वो कृति है जो निस्वार्थ भावना से अपनी संतान को निरंतर प्रगति की और देखना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान के कलयुग का शीघ्र ही अंत होगा और सतयुग में एक बार पुनः हम माता-पिता और बुजुर्गों का सम्मान प्रतिष्ठा प्रतिस्थापित कर सकेंगे। अधिवक्ता दिनेश तेलकार ने विधिक जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि व्यक्ति चाहे किसी भी प्रस्थिति में हो चाहे वह उच्च या निम्न हो किंतु वह अपनी प्रतिष्ठा की तुलना माता-पिता के पद से नहीं कर सकता।यह भारतीय संस्कृति ही है कि हम आज भी परिवार में बुजुर्गों और माता पिता का संपूर्ण सम्मान करते हैं वहीं विश्व में पारिवारिक विघटन का मुख्य कारण माता-पिता का सम्मान नहीं करना ही है। प्रभारी डॉ. भावना सोनी ने बताया की दिनभर चले मातृ पितृ पूजन दिवस के इस कार्यक्रम के विभिन्न चरणों में वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा 100 से अधिक अभिभावकों का सामूहिक पूजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में आतंकवाद विरोधी शपथ दिलवायी गयी. इस अवसर पर व्याख्याता मेघा राठौर, सुधा आचार्य, डॉ. भावना सोनी, चक्रपाणी चौहान, रत्नेश करणपुरिया, बी. एल. आंजना, रोहित मूंदड़ा, राजेश कदम, अजित सिंह राठोड, गोपाल माली, डॉ. तनूजा जैन, शिखा शर्मा, डॉ. मिनाक्षी शर्मा, डॉ. अरुण वैष्णव , श्याम लाल पाटीदार , रणजीत लबाना, प्रधुम्न शर्मा, पूजा टांक, चेतना वैष्णव , दीपिका कुमावत, पंकज शर्मा, सुरेश अंजना, ऋषभ जोशी, निरंजन वैष्णव आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे। संचालन डॉ. भावना सोनी ने किया।

# अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों का कॉलेज की पैथोलॉजी लैब भ्रमण

सच मीडिया

**कोटा।** अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष बज एवं सचिव अनिमेष जैन की अध्यक्षता में फैकल्टी सदस्य डॉ. रंजना गुप्ता और डॉ. सोनल सिंह के साथ पीएमसी अमेरिकन अस्पताल, इंद्रविहार की पैथोलॉजी लैब का भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों को लैब में उपस्थित चिकित्सकों और सहकर्मियों द्वारा विभिन्न प्रकार की जांच प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।



### विभिन्न जांचों की जानकारी

विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार विभिन्न रोगों के लिए रक्त और ऊतक के नमूने एकत्रित किए जाते हैं और उन्हें विभिन्न प्रक्रियाओं से गुजारकर स्लाइड तैयार की जाती है। इसके बाद माइक्रोस्कोप से नमूनों की जांच कर रिपोर्ट बनाई जाती है। सैंपलिंग के दौरान आवश्यक सावधानियों पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। इस दौरान रक्त परीक्षण की हीमोग्लोबिन, शुगर, लिपिड प्रोफाइल, टी3-टी4-ञ्स॥ की जांच,बायोप्सी,माइक्रोबायोलॉजी टेस्ट,बैक्टीरिया, वायरस और फंगल संक्रमण की पहचान,मूत्र परीक्षण,किडनी संबंधी समस्याएं, डायबिटीज और संक्रमण की जांच सहित गर्भावस्था परीक्षण गर्भधारण की पुष्टि के लिए मूत्र द्वारा जांच,सीरोलॉजी टेस्ट के अलावा, मूत्र परीक्षण प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को मूत्र संग्रह विधि, परीक्षण प्रक्रिया और इससे संबंधित बीमारियों की जानकारी भी दी गई। प्रयोगशाला परिचारिका ने गर्भावस्था परीक्षण किट के उपयोग की प्रक्रिया को भी विस्तार से समझाया।

# एसएसआई एसोसिएशन कोटा ने की एमएसएमई औद्योगिक एक्सपो 2025 की घोषणा

## एमएसएमई औद्योगिक एक्सपो 2025: उद्यमियों के लिए विकास का नया मंच

## एमएसएमई औद्योगिक एक्सपो 2025: कोटा में मिलेगा देश भर के उद्यमियों को मंच

सच मीडिया

**कोटा।** एसएसआई एसोसिएशन कोटा द्वारा विशाल एक्सपो की महत्वपूर्ण घोषणा की गई है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के मार्गदर्शन में 1 से 3 मार्च तक दशहरा मैदान, कोटा में एमएसएमई औद्योगिक एक्सपो 2025 का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी ने बताया कि इस एक्सपो का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला बिरला 1 मार्च को सुबह 10:30 बजे करेंगे।इसमें उद्यमियों, निवेशकों, उद्योग जगत के नेताओं, सरकारी प्रतिनिधियों और बड़े पैमाने के उद्योगों के प्रतिनिधियों सहित हजारों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। देशभर के उघमियों की इस एक्सोपो में 500 से अधिक स्टॉल लगाई जाएगी।



### स्टार्टअप और महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन

संस्थापक अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल ने बताया कि एक्सपो में 100 नए स्टार्टअप और महिला उद्यमियों के लिए 100 विशेष स्टॉल की व्यवस्था की गई है। निर्वाचित अध्यक्ष मनोज राठी ने बताया कि स्टॉल बुकिंग के लिए दितिन गुप्ता, अमनप्रीत सिंह, समीर सूद, नितेश माहेश्वरी, अक्षय सिंह, सारांश खंडेलवाल, सारांश गोयल, योगेश माहेश्वरी, सुदर्शन जैन, मुरली त्रिलोकवानी और शुभम मालपानी से संपर्क किया जा सकता है। पूर्व अध्यक्ष राजकुमार जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### समग्र विकास का मंच

प्रोजेक्ट संयोजक राकेश जैन ने बताया कि एक्सपो में एनएसआईसी, केवीआईसी, एपीडीए, हैंडलूम विभाग और हस्तशिल्प बोर्ड जैसे प्रमुख सरकारी विभाग भाग लेंगे। यहां उद्यमियों को नए उत्पादों के लिए कच्चे माल का आदान-प्रदान, समस्या निवारण शिविर और मोटिवेशनल कार्यक्रमों का लाभ मिलेगा।

### एक्सपो के प्रमुख आकर्षण और भागीदारी

अध्यक्ष मनीष माहेश्वरी ने कहा कि एमएसएमई एक्सपो 2025, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के एमएसएमई क्षेत्र के भीतर वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनका दृष्टिकोण एक मजबूत मंच बनाना है, जो न केवल एमएसएमई की ताकत और नवाचार को प्रदर्शित करे बल्कि बड़े आर्थिक परिदृश्य में उनके एकीकरण की सुविधा भी प्रदान करे।

### विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

एक्सपो में उद्योग विशेषज्ञों द्वारा कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। इनमें एमएसएमई विकास, नवीन तकनीकें और व्यावसायिक अवसरों पर चर्चा होगी। सरकारी विभागों से जानकारी और संसाधनों तक पहुंच के साथ बड़े उद्योगों के अनुभवों का लाभ भी मिलेगा। यह एक्सपो एमएसएमई क्षेत्र के विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ-साथ उद्यमियों, निवेशकों और उद्योग जगत के बीच सहयोग का एक मजबूत मंच बनेगा।

### व्यापक प्रदर्शनी और सेमिनार का आयोजन

निर्वाचित अध्यक्ष मनोज राठी ने बताया कि एक्सपो में एक विविध प्रदर्शनी मंच होगा, जिसमें कोटा क्षेत्र और देशभर के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से सैकड़ों एमएसएमई अपनी पेशकश प्रदर्शित करेंगे। उपस्थित लोग अत्याधुनिक समाधान, अद्वितीय उत्पाद और उभरते व्यवसाय मॉडल की खोज कर सकेंगे। विशेष रूप से, एक्सपो में हथकरघा विभाग, हस्तशिल्प बोर्ड, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एनएसआईसी), खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) और विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) सहित प्रमुख सरकारी निकायों के समर्पित मंडप और स्टॉल भी होंगे। इसके अतिरिक्त, प्रमुख स्थानीय उद्योग अपनी विक्रेता विकास पहल के लिए एक्सपो का उपयोग करते हुए एक मजबूत उपस्थिति बनाएंगे। उद्योग विशेषज्ञ और विचारक एमएसएमई विकास के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर इंटरैक्टिव सत्र आयोजित करेंगे, जो प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभकारी होंगे।

# हैदराबाद में अंतर्राष्ट्रीय चेस्ट सम्मेलन में

## पी.एम.सी.एच. के डॉ. अतुल लुहाड़िया बने फैकल्टी

सच मीडिया




**उदयपुर।** हैदराबाद में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय चेस्ट सम्मेलन 'ब्रोंकस-2025' में पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, उदयपुर के प्रख्यात टीबी एवं चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल लुहाड़िया को प्रतिष्ठित फैकल्टी के रूप में आमंत्रित किया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में देश-विदेश के नामचीन फेफड़े और श्वसन संबंधी रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। सम्मेलन में आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों, नवीनतम शोध एवं उपचार तकनीकों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस सम्मेलन में डॉ.अतुल लुहाड़िया ने इटली के डॉ.वेनेरिनो पौलेटी और स्विट्जरलैंड के डॉ.जूर्गन हेटजेल के साथ मिलकर ब्रोंकोस्कॉपी क्रायो एवं इलेक्ट्रो-सर्जिकल प्रोसीजर पर विशेष चर्चा की। यह प्रक्रिया आधुनिक फेफड़ा रोग चिकित्सा में क्रांतिकारी बदलाव लेकर आई है और अब इसे विभिन्न जटिल मामलों में उपयोग किया जा रहा है। डॉ.अतुल ने बताया कि ब्रोंकोस्कॉपी क्रायो प्रक्रिया एक उन्नत न्यूनतम इनवेसिव तकनीक (Minimally Invasive Technique) है, जिसमें ठंडी गैस (क्रायोथेरेपी) का उपयोग करके फेफड़ों या श्वसन नलिका (एयरवे) में मौजूद असामान्य ऊतकों (टिशू),ट्यूमर,रक्त के थक्कों या फॉरेन बॉडी को हटाया जाता है। यह प्रक्रिया विशेष रूप से उन मरीजों के लिए लाभकारी है जिनके फेफड़ों में जटिल समस्याएं होती हैं और पारंपरिक तरीकों से उपचार कठिन होता है।

# मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन,विद्यार्थियों ने किया माता-पिता का सम्मान





## माता-पिता की सेवा और उनकी आज्ञा का पालन ही संतान का सबसे बड़ा धर्म

सच मीडिया

**कोटा।** भारतीय संस्कृति में माता-पिता को ईश्वर तुल्य सम्मान दिया गया है। इसी परंपरा को सजीव रखते हुए अकलंक उच्च माध्यमिक विद्यालय, रामपुरा में शुक्रवार को प्रातःकालीन सत्र में मातृ-पितृ पूजन दिवस का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में माता-पिता के प्रति आदर, प्रेम और कृतज्ञता की भावना विकसित करना था।

### दीप प्रज्वलन और कार्यक्रम का शुभारंभ

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलन और मंगलाचरण के साथ किया गया। इस अवसर पर अकलंक विद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष जैन बज, सचिव अनिमेष जैन तथा अन्य गणमान्य पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों के माता-पिता का स्नेहपूर्ण स्वागत किया गया, जिससे वातावरण श्रद्धा और भावनात्मक ऊर्जा से भर गया।

### विद्यार्थियों ने किया माता-पिता का सम्मान

प्रधानाचार्या महोदया ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का तिलक कर उनके चरण स्पर्श किए और अपने हाथों से बनाए गए हस्त निर्मित कार्ड भेंट किए। बच्चों के इस प्रेमपूर्ण भाव को देखकर अभिभावक भावुक हो उठे और यह दृश्य अत्यंत हृदयस्पर्शी बन गया। इस अवसर पर बच्चों ने गीत, कविता, नाटक, योग और नैतिक मूल्यों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ किया। विशेष रूप से कक्षा एलकेजी के छोटे विद्यार्थियों ने अपने मासूम अंदाज में मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिसने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से बच्चों ने अपने माता-पिता के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।अध्यक्ष पीयूष जैन बज, सचिव अनिमेष जैन ने सारगर्भित एवं प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि जिस प्रकार जल अपनी सम्पूर्ण शक्ति देकर किसी पौधे को सींचकर उसे वृक्ष का रूप देता है, उसी प्रकार अकलंक विद्यालय भी संस्कारों के माध्यम से बच्चों को समाज एवं देश के लिए सुसंस्कृत नागरिक बनाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने श्रवण कुमार और भगवान राम जैसे महान आदर्शों का उदाहरण देते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा और उनकी आज्ञा का पालन ही संतान का सबसे बड़ा धर्म है। प्रधानाचार्या महोदया ने विद्यालय और अभिभावकों के आपसी संबंध को मजबूत बनाए रखने की बात कही, जिससे बच्चों का संपूर्ण विकास संभव हो सके।

### अभिभावकों के लिए विशेष खेल और मनोरंजन

कार्यक्रम में अभिभावकों के लिए भी विशेष खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें उन्होंने अपने बच्चों के साथ मिलकर उत्साहपूर्वक भाग लिया और आनंद उठाया। इस गतिविधि ने न केवल बच्चों और अभिभावकों के बीच के रिश्ते को मजबूत किया, बल्कि विद्यालय और परिवार के बीच समन्वय को भी बढ़ावा दिया। इस अवसर पर सभी माता-पिता ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना की और इस अनोखे आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।

### भावनात्मक और आत्मीयता से परिपूर्ण आयोजन

मातृ-पितृ पूजन दिवस का यह आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम ने न केवल बच्चों को माता-पिता की महत्ता का एहसास कराया, बल्कि अभिभावकों को भी अपने बच्चों के सरल और निष्कपट प्रेम का अनुभव करने का अवसर प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्रेरणादायक और मूल्यपरक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिससे विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और संस्कारों के प्रति जागरूकता बनी रहे।

# करणसर निवासी गोवर्धन लाल देवत बने जिला शिक्षा अधिकारी

## जिला शिक्षा अधिकारी के रुप में पदभार किया ग्रहण

## कस्बेवासियों ने दी शुभकामनाएं

सच मीडिया



**रेनवाल/विष्णु जाखोटिया)।** गांव-करणसर के निवासी एंव राउमावि करणसर के पूर्व छात्र गोवर्धन लाल देवत को शिक्षा विभाग द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नत करने पर कस्बेवासियों ने खुशी व्यक्त करते हुये अपनी शुभकामनाएं दी है? । मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय झोटवाड़ा जयपुर में कार्यग्रहण करते हुये नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी देवत ने करणसरवासीओ के साथ-साथ सभी का आभार भी व्यक्त किया है तथा ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षा के लिए विशेष कार्य करने की बात भी कही है। इस अवसर पर बीना खत्री सीबीईओ झोटवाड़ा, मालू सिंह पालावत प्रशासनिक अधिकारी, शंकर लाल यादव और समस्त स्टाफ द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इससे पूर्व अपनी खुशी व्यक्त करते हुये करणसर सरपंच राजू देवी यादव,ग्राम विकास अधिकारी सुरेंद्र कुमार देवत, व्यापार मंडल अध्यक्ष गोपाल लाल तोतला, पंचायत समिति सदस्य ललिता तोतला,समाजसेवी पुरुषोत्तम गुप्ता,महेश जोशी,गिरिराज प्रसाद जोशी,मनीष कुमार,नव जीवन पर्यावरण केन्द्र,केशा का बास के मंत्री हीरालाल शास्त्री,बीएलओ शंकर लाल यादव,पीईईओ ओम प्रकाश शर्मा, समाजसेवी बी एल यादव सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं आम जनता ने अपनी शुभकामनाएं दी।

# मॉडर्न एकेडमी एंड फाउण्डेशन में मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया

सच मीडिया




**(रेनवाल/विष्णु जाखोटिया)।** स्थानीय मॉडर्न एकेडमी एंड फाऊंडेशन में माता पिता के सम्मान में बेटे बेटियों ने पूजन और सत्कार का पर्व मातृ पितृ पूजन दिवस मनाया। इस अवसर पर संस्था प्रधान बलबीर सिंह राठौड़ और निदेशक दौलत सिंह खंगारोत ने विद्यालय प्रबंधन के सभी कर्मियों के सानिध्य में मां सरस्वती की प्रतिमा और श्री गणेश,शिव और पार्वती की मनमोहक झांकी की पूजा अर्चना की एवं माता पिता की महिमा का गुणगान किया । विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में हेड बॉय युवराज सिंह ,हेड गर्ल नताशा सिंह द्वारा एक शानदार नृत्य प्रस्तुत किया ।इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अपने माता पिता की विधि पूर्वक पूजा अर्चना की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रामकुमार नवोदयन रहे। इससे पूर्व विद्यालय निदेशक दौलत सिंह खंगारोत और प्रमोद सिंह खंगारोत के पिता श्रीनंदूसिंह खंगारोत की पुण्यतिथि पर उनको श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। संस्था प्रधान ने सभी से अच्छे संस्कार और चरित्र को जीवन में अपनाने का अनुरोध किया और मातृ पितृ पूजन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम की संयोजिका के रुप में शिक्षिका रेखा शर्मा और निर्मला सोनी ने कार्यक्रम को भव्य बनाने पर विद्यालय प्रबंधन ने सम्मान भी किया।

# इण्डियन स्काउट एवं गाइड फैलोशिप गोल्डन, पाली

## स्काउट गाइड फैलोशिप ने पिंजरा पोल गौशाला में सेवा कर मनाया जन्मदिन

सच मीडिया



**पाली।** इण्डियन स्काउट एवं गाइड फैलोशिप गोल्डन गिल्ड द्वारा पिंजरा पोल गौशाला में सेवा कर बुजुर्ग समाजसेवी सदस्य चम्पा लाल संकलेचा व संगीता का जन्म दिवस गिल्ड सदस्यों द्वारा अंधी व विकलांग गायों को गुड़ - चारे व मूक पक्षियों को दाना खिलाने की सेवा कर मनाया। गौशाला में राष्ट्रीय सलाहकार मदन मोहन राठी, प्रदेश अध्यक्ष सम्पत राज कोठारी व जिलाध्यक्ष देवराज शर्मा का स्वागत करते हुए अध्यक्ष लखपत राज सिंघवी, संरक्षक घनश्याम भटनागर व लक्ष्मीपत राज मेहता ने गिल्ड द्वारा स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण, असहायों की सेवा व भ्रमण द्वारा पर्यटन आदि गतिविधियों की जानकारी दी। भीमराज मेहता, भारतीय जैन संगठना पाली की सचिव दीपमाला, चंद्रिका शर्मा, सुशीला जैन, इन्दु सिंघवी, संगीता संकलेचा, जगदीश दुबे, प्रमोद कुमार माथुर, संदीप संकलेचा, केसाराम प्रजापत , चंद्र प्रकाश गौड़, वृद्धि संकलेचा, विजेन्द्र बालिया,रामदयाल गांधी, चैन सिंह खींची व कमल किशोर अग्रवाल ने गौशाला द्वारा निःस्वार्थ भाव से गौमाता की सेवा को सच्ची सेवा बताया। सुरेश मोहन शर्मा, ओमप्रकाश सोनी, गौतम चंद शर्मा, बृजेन्द्र कुमार मालेवार, विजेन्द्र भाटिया,नीरू संचेती, जितेन्द्र संचेती , गिरधारी राम जाट आदि ने गौशाला कर्मियों के साथ मिल कर सेवा का लाभ लिया। अतिथि मदन मोहन राठी व सम्पत राज कोठारी ने दुबई में आयोजित एन आर आई फैलोशिप की अंतर्राष्ट्रीय गेदरिंग में सहभागिता कर लौटते हुए अपने अविस्मरणीय संस्मरणों को साझा किया। संचालन देवराज शर्मा ने किया।अध्यक्ष सिंघवी ने उपस्थित सम्भागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रक्त दान कर पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई

## दरीबा मे विशाल रक्तदान शिविर में 521 यूनिट रक्तदान हुआ

सच मीडिया








**राजसमंद/ उदयगोपाल बड़ारिया ।** पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए आरम्भ सगठन मेहन्दुरिया के तत्वावधान मे छठवा विशाल रक्तदान शिविर शुक्रवार 14 फ़रवरी को दरीबा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द परिसर मे आयोजित किया। जिसमें 521यूनिट रक्त दान हुआ इस दौरान आर के चिकित्सालय ब्लड बैंक राजसमन्द के डॉ रेखा सालवी, महेश शर्मा, युगल किशोर पालीवाल, राधेश्याम सुखवाल, पवन शर्मा, अर्जुन यादव, रमेश दाधिच, रमेश आमेटा, चन्दा स्वर्ण कार, सुनिता आमेटा,किरण चौधरी, नानालाल चांवरिया, व सरल ब्लड बैक व महाराणा भोपाल सरकारी अस्पताल उदयपुर से डॉ सुरेश डांगी,डॉ शील प्रभा,डॉ सावली, डॉ मानवेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, ज्योति आमेटा, दिक्षा, हिमानी, सुर्या,मनोहर लाल मीणा, नन्दन पटेल तथा रेड क्रॉस सोसाइटी राजसमन्द से ब्रजलाल कुमावत मानद सचिव , दीपचनद गाडरी संयुक्त सचीव, वाईस चेयर मेन सी पी व्यास व देवीलाल साहु, शब्बीर हुस्सेन बोहरा, प्रकाश कोठारी, प्रह्लाद राय मुदडा हर्ष वर्धन सिंह भाटी आदि चिकित्सक व नर्सिंग स्टफ तथा समाजसेवीयो ने शिविर मे सेवाए दी। शिविर का संचालन प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक चला जिसमें हि जि लि में कार्यरत परमानेन्ट व संविदा कर्मियों ने बढ़ चढ़कर रक्तदान में भाग लिया। आरम्भ संगठन के कार्यकर्ताओं ने सभी कर्मचारियों का उपरणा व मोमेन्टो प्रदान कर अभिनन्दन किया। आरम्भ सगठन मेहन्दुरिया द्वारा अभी तक छः शिविरो मे कुल 2921 युनिट रक्तदान करा चुके हैं।

# कामधेनु राजस्थान में टीएमटी बार की उत्पादन क्षमता बढ़ाएगी

सच मीडिया

**जयपुर।** कामधेनु लिमिटेड राजस्थान में टीएमटी बार कामधेनु नेक्स्ट की उत्पादन क्षमता 15% बढ़ाएगी। इसके साथ चैनल पार्टनर नेटवर्क को भी मजबूत किया जाएगा। कंपनी के निदेशक सुनील अग्रवाल ने कहा कि राजस्थान व गुजरात हमारे टीएमटी बार की मांग बढ़ी है। इस कारण उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा रही है। कामधेनु नेक्स्ट 2.5 गुना मजबूत कंक्रीट-स्टील इंटरलॉक के साथ के साथ यह भवन निर्माण के लिए उपयुक्त है।